# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 11 जनवरी 2024


**अयोध्या में माता सीता के कंगन का प्रतिरूप**



*अयोध्या। 22 जनवरी को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में उत्सव का माहौल है। मोहबरा बाजार में माता सीता के कंगन का प्रतिरूप आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।*





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बेंगलुरु में 8 लोगों ने की सुसाइड की कोशिश


**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में कर्नाटक विधानसभा के बाहर बुधवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को



मिला। यहां 48 साल की शाइस्ता बानो और मोहम्मद मुनैद उल्लाह अपने परिवार के 8 सदस्यों के साथ विधानसभा के सामने सामूहिक आत्महत्या करने गए थे। उनके हाथ में मिट्टी के तेल की कैन थी। हालांकि, पुलिस ने उन्हें देख लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को हिरासत में लेकर उनकी जान बचा ली।

### बेटी के साथ मां ने 16वीं मंजिल से लगाई छलांग


**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक महिला ने अपनी 6 महीने की बेटी के साथ 16वीं मंजिल से छलांग



लगा दी। इस घटना में दोनों की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार को बिसरख पुलिस ने बताया कि मृतक महिला की उम्र 33 वर्ष थी, वहीं, उसकी बेटी करीब 6 महीने की थी। महिला की तबीयत ठीक नहीं थी और वह अवसाद में थी।

### आतंकी के पास से बरामद हुआ स्मार्टफोन

**जम्मू।** कोट भलवाल की केंद्रीय जेल के अंदर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी के पास से एक



स्मार्टफोन बरामद किया गया है। इस संबंध में जांच जारी है। मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कठुआ के हरिया चक निवासी हबीब पुत्र हज शेरू के पास से एक स्मार्टफोन बरामद किया गया है, जिसे जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंप दिया गया है। फोन जेल के अंदर कैसे पहुंचा, वे इसकी जांच कर रहे हैं।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में जारी किए 1576.61 करोड़ रुपए**

# 'लाड़ली बहनों' को दिया मकर संक्रांति का उपहार

56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन और आर्थिक सहायता भी की अंतरित

प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि और सोच के पड़ोसी देश भी प्रशंसक

**मुख्यमंत्री ने** लाड़ली बहनों से कहा कि वे मकर संक्रांति पर जारी की जा रही राशि का उपयोग अपने परिवार को आगे बढ़ाने तथा सबको साथ लेकर चलते हुए परिवार के सभी सदस्यों के हित में करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों को मकर संक्रांति का तोहफा दिया है। उन्होंने सिंगल क्लिक से बहनों के बैंक खाते में 1576.61 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। इसके साथ ही उन्होंने 56 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खाते में 341 करोड़ रुपए की राशि का पेंशन व आर्थिक सहायता की राशि का भी अंतरण किया।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों से कहा कि वे मकर संक्रांति पर जारी की जा रही राशि का उपयोग अपने परिवार को आगे बढ़ाने तथा सबको साथ लेकर चलते हुए परिवार के सभी सदस्यों के हित में करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सभी जिले वुर्चअली जुड़े। उन्होंने सभी हितग्राहियों के खातों में एक साथ राशि अंतरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 10 से 15 जनवरी तक चलने वाले मकर संक्रांति उत्सव का शुभारंभ भी किया। यह उत्सव महिला सशक्तिकरण एवं युवा ऊर्जा पर केंद्रित है। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह मौजूद थे।

**महिला सशक्तिकरण और युवा ऊर्जा पर केंद्रित होगा 10 से 15 जनवरी तक चलने वाला उत्सव**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया राज्य स्तरीय मकर संक्रांति उत्सव का शुभारंभ

**सीएम डॉ. यादव ने कहा**

### बहन-बेटियों का सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश में नारियों का सदा से सम्मान रहा है, बहन-बेटियों का सम्मान हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। विश्व में कोई ऐसा देश नहीं है, जहां देश को माता के रूप में माना गया हो। भारत देश का नाता अपनी माता से जोड़कर हमने अपनी विशेषता को दुनिया के सामने प्रकट किया है। हमारे सभी त्यौहारों और देवी-देवताओं में महिला का नाम आगे रहता है, यह उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिला ⏩ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ने बहनों को कंगन और मिष्ठान भेंट किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति उत्सव के शुभारंभ अवसर पर आईं बहनों को कंगन-मिष्ठान व अन्य सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय सचिन सिंह, आयुक्त महिला बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले, आयुक्त सामाजिक न्याय ई. रमेश कुमार तथा बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित थीं।

### महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध : निर्मला

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी के विजन और कार्ययोजना के अनुरूप प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सरकार महिलाओं और बच्चों को एनीमिया जैसी बीमारी से मुक्त कराने की ओर विशेष ध्यान देगी। सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि मकर संक्रांति उत्सव सेवा और जनकल्याण की दृष्टि से निराश्रित और कमजोर लोगों के पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कठिन परिस्थितियों में रह रहे लोगों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में हम प्रयासरत हैं। ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

---

**संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय ने प्रबोधन कार्यक्रम को किया संबोधित**



## जनता में विश्वास कायम रखना बेहद 'चुनौतीपूर्ण', इसके डगमगा जाने से मात भी खानी पड़ जाती है

प्रत्येक सदस्य के जीवन में सार्वजनिक के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी पारदर्शिता का होना जरूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संसदीय कार्य एवं नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा में विधायक के रूप में निर्वाचित होने के बाद जनता में विश्वास कायम रखना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। विश्वास डगमगाने की वजह से कई बार मात खानी पड़ जाती है।

इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले चुनाव में एक मंत्री को अपने भाई की वजह से और एक मंत्री को अपने कर्मचारी की वजह से चुनाव में हार मिली। जबकि कई विधायक अपने क्षेत्र की जनता से विश्वास हासिल नहीं कर पाने की वजह से हार गए। संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय बुधवार को 16 वीं विधानसभा के नव-निर्वाचित सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद थे। विजयवर्गीय ⏩ शेष पेज 4 पर

### सदन में शून्य काल और याचिका व्यवस्था की प्रक्रिया

मंत्री विजयवर्गीय ने सदन में शून्य काल और याचिका व्यवस्था की प्रक्रिया के बारे में भी सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि 16 वीं विधानसभा में 69 विधायक पहली बार निर्वाचित होकर आए हैं। इन्हें विधानसभा की संदर्भ और लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।

### क्या होते हैं विधायक के विशेषाधिकार?

लोकसभा सांसद एवं सभापति विशेषाधिकार समिति सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विधायक जब निर्वाचित होकर सदन में पहुंचता है, तो यह जिज्ञासा होती है कि उन्हें क्या-क्या अधिकार हैं। उन्होंने सदस्यों को सदन की कार्यवाही ⏩ शेष पेज 4 पर

---

**मप्र हाई कोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति की अनुशंसा**

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को भेजे नाम, अब इन नामों पर राष्ट्रपति की मुहर बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए पूर्व रजिस्ट्रार जनरल रामकुमार चौबे के नाम की अनुशंसा केंद्र सरकार से की है।

इसके अलावा हाई कोर्ट में जज की नियुक्ति के लिए अधिवक्ता दीपक खोत और पवन कुमार द्विवेदी के नामों की भी अनुशंसा की गई है। नियमानुसार अब इन नामों पर राष्ट्रपति की मुहर शेष है। यह प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही शपथ-ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इसके साथ ही नए जज पदभार ग्रहण कर लेंगे।

*वर्तमान में हाई कोर्ट में 40 न्यायाधीश नियुक्त हैं*



### कुल 43 जज हो जाएंगे 10 पद बचेंगे रिक्त

वर्तमान में हाई कोर्ट में 40 न्यायाधीश नियुक्त हैं। जबकि कुल स्वीकृत पद 53 हैं। लिहाजा, तीन जज बढ़ने से कुल जज 43 हो जाएंगे। जबकि रिक्त पद 10 बचेंगे। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से सभी स्वीकृत पद भरे जाने की मांग जारी है। जिसे गंभीरता से लेकर मप्र हाई कोर्ट कॉलेजियम के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम को नाम भेजे गए। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में शेष पद भी भर लिए जाएंगे।

---

**भोपाल में दिन के तापमान में सीजन की सबसे ज्यादा गिरावट**

## जबलपुर और उमरिया में 11 डिग्री तक गिरा पारा

भोपाल में 10, खंडवा, रायसेन, उज्जैन, इंदौर में 5 से 7 डिग्री तक की दिन के तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार को भोपाल में दिन के तापमान में इस सीजन की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। दिन का पारा 9.8 डिग्री गिरकर 17.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7 डिग्री कम है। जबलपुर और उमरिया में अधिकतम तापमान 11-11 डिग्री गिरकर 18 डिग्री के करीब ही पहुंच गया है।

भोपाल में दिन और रात के तापमान में करीब 4 डिग्री का ही अंतर रहा है। रात का पारा 2 डिग्री गिरकर 13.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक है। दर्जन से अधिक जिलों में 5 से 7 डिग्री तक की गिरावट से दिन में कड़ाके की सर्दी रही। प्रदेश में सबसे सर्द रात रीवा में रही, पारा 9 डिग्री दर्ज ⏩ शेष पेज 4 पर



भोपाल में कोहरा

**यहां घना कोहरा रहा, आज शीतलहर का अनुमान**

भोपाल, सागर में सुबह सबसे घना कोहरा रहा। यहां सुबह विजिबिलिटी 50 मीटर यानि शून्य रही। इसके अलावा ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, टीकमगढ़ में अति घना कोहरा रहा है। गुरुवार को ग्वालियर और दतिया में कोल्ड डे रह सकता है। ⏩ पढ़ें पेज 03 भी

---

**फरहान पर प्रभु राम-माता सीता के अपमान का आरोप**

## तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णी' की पूरी टीम के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म अन्नपूर्णी विवाद में आ गई है।

जबलपुर के ओमती थाने में हिन्दू सेवा परिषद् के अध्यक्ष अतुल जेसनानी ने फिल्म एक्ट्रेस नयनतारा पर केस दर्ज करवाया है। इसके अलावा निर्माता जतिन सेठी आर रवींद्रन, पुनीत गोयका, सारिका पटेल और मोनिका शेरगिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया है की




ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर चल रही फिल्म अन्नपूर्णा में धार्मिक भावनाएं भड़काने से भावनाएं आहत हुईं है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि फिल्म में फरहान नाम ⏩ शेष पेज 4 पर

### विवाद की वजह-राम का गलत चित्रण किया गया

हिंदू सेवा परिषद के अध्यक्ष अतुल जैसवानी के मुताबिक फिल्म 'अन्नपूर्णी' में कई जगहों पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रति अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया गया है। इसके अलावा फिल्म में लव-जिहाद को बढ़ावा देने के अलावा सनातन धर्म का अपमान और हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की भी कोशिश की गई है। जैसवानी का आरोप है कि भगवान श्री ⏩ शेष पेज 4 पर

---

**श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले टूटा बरसों का रिकॉर्ड**

## गीता प्रेस के पास खत्म हुआ राम चरित मानस का 'स्टॉक'

गीता प्रेस में स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका

एजेंसी ⏭ गोरखपुर

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश और विदेश में उत्सव का माहौल है।



यही वजह है कि श्री रामचरितमानस श्री हनुमान चालीसा और श्रीमद् भागवत गीता की मांग इतनी बढ़ गई है कि गीता प्रेस इसकी उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है। श्री रामचरित मानस का स्टॉक खत्म हो गया है। गोरखपुर के गीता प्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी ने बताया कि मांग के सापेक्ष अक्टूबर से दिसंबर तक केवल 31 हजार श्री रामचरित मानस (हिंदी गुटका आकार) की आपूर्ति कर पाया है। जबकि, मांग लगभग डेढ़ लाख प्रतियों की रही है। उन्होंने बताया कि इन तीन महीने में श्री रामचरित मानस ⏩ शेष पेज 4 पर

### गुजरात सरकार ने श्रीमद् भागवत गीता की 50 लाख प्रतियां मांगी

*गीता प्रेस स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक 95 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसमें गीता प्रेस स्थापना से अब तक 3 करोड़ 70 लाख प्रतियां प्रकाशित कर चुका है। 1938 ईस्वी से मांसांक से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है। 1948 से श्रीरामचरित मानस का प्रकाशन हो रहा है। प्रबंधक डॉ. तिवारी ने बताया कि इस माह में बिहार, यूपी के अनेक जिलों व राजस्थान से लगभग 1.75 लाख श्रीरामचरितमानस (गुटका आकार) प्रतियों की मांग आई है, जिसे उपलब्ध कराने में गीता प्रेस ने असमर्थता जता दी है। 79 हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं, जिन्हें गीता प्रेस अपनी शाखाओं पर भेजेगा। उन्होंने बताया कि अवदा फाउंडेशन मुंबई ने आरती संग्रह की चार लाख प्रतियां मांगी हैं। प्रेस ने 3 लाख प्रतियां देने का वचन दिया है। यह पुस्तक हिमाचल* ⏩ शेष पेज 4 पर



# संघर्ष से अत्यंत सामान्य परिवारों के बच्चों ने एमपीपीएससी में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपीपीएससी 2019 का रिजल्ट पिछले सप्ताह घोषित किया गया। इस रिजल्ट में दर्पण सिविल सर्विसेज के 21 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर हुआ है, इन पदों पर चयनित होने वाले अभ्यर्थी अत्यंत सामान्य परिवार से आते हैं एवं अपने संघर्ष के बल पर उन्होंने अफसर बनने का सफर तय किया है।

## आशा सुपरवाइजर के बेटे अमित बने वित्त विभाग में अधिकारी



राजधानी भोपाल में रहकर पढ़ाई करने वाले अमित कुमार विश्वकर्मा जिनकी माता कमला विश्वकर्मा रायसेन में आशा सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। पिता के स्वर्गवास के बाद माता ने अमित को अत्यंत संघर्ष से पढ़ाई के लिए प्रेरित किया एवं उन्हें योग्य बनाया। अमित ने एमपीपीएससी की परीक्षा में सफलता अर्जित की और अधीनस्थ लेखा सेवा पद पर में चयनित हुए हैं, जिसके माध्यम से भी मध्य प्रदेश शासन के लेखा विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। अमित कुमार विश्वकर्मा के द्वारा बताया गया कि उन्होंने कॉलेज के दौरान अपनी तैयारी को प्रारंभ किया एवं दर्पण सिविल सर्विसेज के संस्थापक राकेश नागर सर के मार्गदर्शन में अपनी तैयारी को जारी रखा जिससे उन्हें अपनी सफलता प्राप्त की है।

## पुलिस कांस्टेबल की बेटी बनीं शिक्षा विभाग में अधिकारी



एमपीपीएससी 2019 के रिजल्ट में शीलू शर्मा का चयन शिक्षा विभाग में पहली रैंक के साथ हुआ है शीलू शर्मा की डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए वेटिंग भी लगी है, जिससे उनका चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर भी संभावित है। शीलू शर्मा के पिता ब्रजमोहन शर्मा राजधानी भोपाल में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं एवं अपनी बेटी को सदैव आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। शीलू शर्मा ने कोरोना के समय दर्पण सिविल सर्विसेज के द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क क्लासेस में भाग लिया एवं अपनी संपूर्ण तैयारी दर्पण सिविल सर्विसेज की। शीलू शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अपने शिक्षकों को दिया।

## मजदूर की बेटी बनी आबकारी इंस्पेक्टर



राजधानी भोपाल में रहकर पढ़ाई करने वाली नेहा प्रजापति का चयन एमपीपीएससी 2019 की परीक्षा के द्वारा आबकारी इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। नेहा प्रजापति के पिता संतोष प्रजापति सतना के निवासी हैं एवं मजदूर हैं, हमेशा अपने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी का परिणाम है कि उनकी तीनों ही बेटियां अलग-अलग परीक्षाओं के माध्यम से सफल होकर अपने पिता का नाम रोशन कर रही हैं। नेहा का चयन आबकारी उप निरीक्षक के पद पर हुआ तो वहीं पर उनकी दूसरी बेटी आंचल का चयन पटवारी के पद पर पहले हो चुका है तथा उनकी एक बेटी प्रियांशी नीट का एग्जाम निकालकर इंदौर से डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही है। नेहा प्रजापति ने अपनी पढ़ाई भोपाल के दर्पण सिविल सर्विसेज संस्थान से की है।

## खबर संक्षेप

### गौहर महल में आज से शुरू होगा परी बाजार

**भोपाल।** भोपाल की कला, संस्कृति और साहित्य पर केंद्रित परी बाजार का शुभारंभ गुरुवार से होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ शाम 4 बजे राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे। खेल मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। इसके साथ ही समारोह में चिरायु चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. अजय गोयनका आदि उपस्थित होंगे।

### भोपाल के अर्जुन, देश के सर्वश्रेष्ठ 100 में चयनित

**भोपाल।** भोपाल जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परवलिया सड़क के कक्षा-12 के छात्र अर्जुन सिंह जादोन के वीरगाथा आलेख को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ आलेखों में चुना गया है। छात्र अर्जुन सिंह की इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी ने बधाई देते हुए छात्र अर्जुन के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस वर्ष 2023-24 में वीरगाथा प्रोजेक्ट के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 10 लाख विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी।



## हुनर ऑनलाइन की टीम पहुंची शहर, फैशन-फूड के दिए टिप्स

कार्यशाला में शहर की 200 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हुनर एक ऐसी कला है, जो व्यक्ति के जीवन में अमूल चूल परिवर्तन ला सकता है। हुनर के लिए ऑफ लाइन क्लास की जरूरत नहीं, डिजिटल जमाने में ऑनलाइन माध्यम से किसी न किसी हुनर में लायक बना जा सकता है, ऐसी ही हुनर की कार्यशाला का आयोजन एमपी नगर स्थित एक निजी होटल में किया गया, जिसमें शहर की करीब 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, इस कार्यशाला में फैशन, फूड और ब्यूटी से रिलेटेड हुनर को महिलाओं ने सीखा।

### हुनर के जरिए कमा रही हर माह 50-60 हजार रुपए

वहीं हुनर की वर्कशॉप टीम से विजया दुबे ने बताया कि हुनर ऑनलाइन के पास 50 से भी अधिक गवर्नमेंट सर्टिफाइड कोर्सेज हैं, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है, और उन्हे पहचान दिलाता है। फैशन डिजाइनिंग की ट्रेनिंग लेने वाली भोपाल की प्रगति पटेल का कहना है कि मैंने हुनर से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया, जिसमें हम पूरे देशभर से हजारों लोग कनेक्टेड थे, कोरोना के बाद हम सब मिले, जिसमें फैशन डिजाइनर नीता लुल्ला ने हमें फैशन शो के लिए स्पेशल ट्रेनिंग दी और आज मैं अपने इस हुनर से हर माह करीब 50-60 हजार रुपए कमाती हूं।

### लाखों महिलाओं के जीवन में आया परिवर्तन

इस कार्यक्रम में सहभागिता दी एनएच 12 क्रिएटिव वूमंस ग्रुप ने। ग्रुप की हेड अंशु गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल में स्टार्ट हुआ हुनर ऑनलाइन कोर्सेस ने लाखों महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाया है। जिसमें इन महिलाओं ने छह माह का ऑनलाइन हुनर कोर्स किया और अब उनके बने प्रोडक्ट ऑनलाइन और ऑफ लाइन माध्यम से सेल-आउट हो रहे हैं।

### तीन दिवसीय 'भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल' 12 से शुरू होगा

**भोपाल।** साहित्य और कला प्रेमियों को समर्पित तीन दिवसीय भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल का आगाज 12 जनवरी से होगा। इस समारोह में 90 से ज्यादा सुप्रसिद्ध वक्ता भाग लेंगे। फेस्टिवल के दौरान युवाओं के लिए कहानी पाठ, चित्रकारी और काव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल का यह छठा संस्करण मप्र संस्कृति विभाग द्वारा श्यामला हिल्स स्थित, भोपाल की खूबसूरत सांस्कृतिक धरोहर भारत भवन में आयोजित करवाया जा रहा है। इसकी जानकारी भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल के संस्थापक राघव चंद्रा ने दी।

## त्यौहारों की झांकियों और कई वेशभूषा में महिलाओं ने किया मनमोहक नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

माहेश्वरी महिला मंडल पूर्वांचल भोपाल ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सतरंगी रे कार्यक्रम होशंगाबाद रोड स्थित उत्सव गार्डन में आयोजित किया। इसमें गणेश उत्सव, रामनवमी, गनगौर, जन्माष्टमी, होली, दुर्गाष्टमी, महेश नवमी, त्यौहारों को झांकियों और विभिन्न वेषभूषा में महिलाओं ने मनमोहक नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संचालिका मेघा राठी और वंदना झंवर ने बताया कि कैसे यह सब त्योहार हमारे जीवन का हिस्सा बन गए। माहेश्वरी महिला मंडल पूर्वांचल के इस कार्यक्रम में शामिल हुई प्रदेश अध्यक्ष रंजना बाहेती एवं अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य शोभा लाहोटी ने झाकियों की प्रशंसा की।

### माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाए त्यौहार



**5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि देंगे**

जया साबू की सतरंगी रे की थीम के लिए प्रशंसा की गई। इस अवसर पर 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि बाल कलाकारों को देने की घोषणा हुई। इस अवसर पर माहेश्वरी महिला मंडल पूर्वांचल की अध्यक्षा मनीषा काबरा ने भी उद्बोधन दिया।

नई शिक्षा नीति में किए गए बड़े बदलाव से कॅरियर में मिलेगा लाभ

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने शुरू किया कॅरियर एग्जीबिशन



**भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को भोपाल के मॉडल स्कूल टीटी नगर में कॅरियर एग्जीबीशन कम कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। मंत्री सिंह ने कहा स्कूल में पढ़ने वाले वाले बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने नई शिक्षा नीति में बड़े बदलाव किए हैं। कक्षा 10 के बाद बेहतर विकल्प के रूप में कॅरियर काउंसलिंग करने की अधिक जरूरत होती है। उन्हें उनकी क्षमता और रूचि के अनुरूप विकल्प बताना चाहिए। शिक्षकों की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चर्चा करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा यह क्षेत्र ज्यादा संभावना का क्षेत्र है।

### अनुश्रुति भाग-2: 12 और 13 जनवरी को

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा विविध एवं दुर्लभ कलानुशासनों को मंच प्रदान करने प्रारम्भ की गई लोकप्रिय मासिक श्रृंखला 'अनुश्रुति' के द्वितीय माह जनवरी में 12 एवं 13 जनवरी को रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सायं 6 से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक सभाएं सजेंगी। संचालक संस्कृति अदिति कुमार त्रिपाठी ने बताया विभाग ने कला में नवाचारों और विविध विधाओं को मंच प्रदान करने का प्रयास किया है।


## राजधानी

टास्क फ्राड के बहाने भोपाल के युवक को लगाई थी 90 लाख की चपत

## साइबर ठगी करने वाले चायनीज माड्यूल को खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

### क्राइम ब्रांच ने एक को इंदौर और दूसरे को धार से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



साइबर ठगी करने वाले चायनीज माड्यूल को खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को इंदौर और दूसरे को धार से पकड़ा गया है। इन दोनों ने भोपाल के एक युवक का खाता ठगों को उपलब्ध कराया था। ठगों ने युवक को टास्क फ्राड के बहाने 90 लाख रुपए से ज्यादा की चपत लगा दी थी। पुलिस का दावा है कि यह मध्यप्रदेश का पहला गिरोह है, जो सीधा चायनीज ग्रुप के संपर्क में था।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक इस मामले की शिकायत कटारा हिल्स में रहने वाले संजय कुमार ने की थी। संजय ने पुलिस को बताया कि पिछले साल नवंबर में निकिता नामक युवती ने टेलीग्राम के माध्यम से उन्हें पार्ट टाइम जाब के लिए मैसेज किया। उसके बाद टेलीग्राम पर नव्या नामक युवती मिली, जिसने उन्हें रजिस्टर करवाया। इसके बाद टेलीग्राम पर कस्टमर केयर द्वारा उन्हें काम के लिए गाईड किया गया। 16 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच इन सभी ने मिलकर संजय कुमार से 15 अलग-अलग बैंक खातों में कुल 90 हजार 87 हजार 863 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

### रुपए का लालच देकर करंट खाता खुलवाते थे

क्राइम ब्रांच ने इस मामले में आरोपी सतवीर सिंह (25) निवासी विजय नगर इंदौर और राहुल वसुनिया (24) निवासी खलघाट, धामनोद जिला धार को गिरफ्तार किया है। सतवीर सिंह जरूरतमंद लोगों की पहचान कर रुपए का लालच देकर करंट खाता खुलवाता और उसे चायनीज व्यक्तियों को बेच देता था। इसी प्रकार राहुल अपने आधार और पेनकार्ड का उपयोग कर बैंक खाता खुलवाता और उसे सतवीर को देता, जिसे वह आगे बेचता था। इन बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगों द्वारा ठगी के रुपए ट्रांसफर करवाने के लिए किया जाता था। पकड़े गए आरोपियों से पांच मोबाइल फोन और सिमकार्ड जब्त किए गए हैं।

### खरगोन से भाई के घर आए युवक ने फांसी लगाई

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मदर इंडिया कॉलोनी में मंगलवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें अपने दोस्त से 52 हजार रुपए उधार दिए थे और वह लौटा नहीं रहा था। किशोर आर्य पिता स्वर्गीय महेश आर्य (26) मूलतः खरगौन का था और तहसील कार्यालय में भृत्य था।

- सुसाइड नोट बरामद, दोस्त ने नहीं लौटाए उधारी के 52 हजार

## शराब दुकान के पुराने और नए कर्मचारियों के बीच मारपीट

पुलिस ने दर्ज किया काउंटर प्रकरण, पुराने कर्मचारियों ने लगाया वेतन नहीं देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर बायपास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर मंगलवार रात दुकान के पास दुकान के पुराने कर्मचारी और नए कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की है। पुराने कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पांच महीने का वेतन नहीं मिला, वह वेतन मांगने गए थे।

पुलिस के अनुसार आनंद नगर पिपलानी निवासी शैलेष सिंह उर्फ शैलेन्द्र सिंह (34) अयोध्या बायपास स्थित अंग्रेजी शराब दुकान का पूर्व कर्मचारी है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि उसे पांच महीने वेतन दिए बिना नौकरी से निकाल दिया था। मंगलवार रात शैलेन्द्र अपना बकाया वेतन लेने वाइन शॉप पर पहुंचा। वेतन की बात को लेकर कर्मचारियों से उसका विवाद हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही डायल 100 की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। इसी बीच विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। मारपीट होती देख पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव किया और दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंची थी। विवाद का वीडियो वहां मौजूद कछ लोगों ने बनाया था। वीडियो में एक शैलेष के साथ कर्मचारी मारपीट करते हुए नजर आए हैं। पुलिस ने उक्त मामले में शैलेन्द्र सिंह की शिकायत पर शिवा यादव, वीरेन्द्र गुप्ता, अभिषेक और पंकज उर्फ पिंकू के खिलाफ मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है, जबकि शराब दुकान के तत्काल कर्मचारी शिवानंद यादव की शिकायत शैलेन्द्र सिंह व साथी के खिलाफ भी मारपीट का मामला दर्ज किया गया।

### पुलिसकर्मी पर हुआ था जानलेवा हमला

विगत 23 अगस्त 2023 की रात करीब साढ़े 12 बजे अयोध्या नगर थाने के आरक्षक कल्याण सिंह पर इसी अंग्रेजी शराब की दुकान पर जानलेवा हमला हुआ था। उस समय दुकान के कर्मचारी अजीत दुबे, सचिन शांडिल्य व अमित पांडेय कार के पास शराब पी रहे थे और आरक्षक कल्याण सिंह ने डायल 100 के ड्रायवर अजय से वीडियो बनाने व फोटो खींचने का कहा था। इस बात को लेकर कर्मचारी भड़क गए। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और धमकाते हुए कहा कि आज जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद आरक्षक के साथ लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की थी।

## वरिष्ठ सिंधी साहित्यकार डॉ. प्रेम प्रकाश के निधन पर शोक



**भोपाल।** सिंधी रंगमंच से जुड़े लेखक निर्देशक साहित्य अकादमी पुरस्कृत साहित्यकार डा. प्रेम प्रकाश जी, अहमदाबाद नहीं रहे। वे कुछ महीनों से अस्वस्थ थे। उन्होंने सिंधी नाटकों में कई प्रयोग भी किए। साहित्य और रंगमंच दोनों क्षेत्रों को समृद्ध किया। डॉक्टर प्रेम प्रकाश के निधन पर सिंधी बोली साहित्य सभा के पदाधिकारी और भोपाल के सिंधी लेखकों और रंग कर्मियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ प्रेम प्रकाश साहित्य अकादमी से पुरस्कृत थे और साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा संयोजक भी रहे। उन्होंने भारत भवन भोपाल में अपने चर्चित सिंधी नाटक अग्नि का मंचन किया था।

पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण किया दर्ज

## डेढ़ लाख की मुर्रा भैंस व पाड़ा चोरी मालिक को देख गाय छोड़कर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अवधपुरी स्थित एक डेयरी से चोर रात के समय डेढ़ लाख की मुर्रा भैंस और पाड़ा चुराकर कर ले गए। घटना के समय डेयरी पर चौकीदार मौजूद था, लेकिन उसे भनक तक नहीं लगी। इसी इलाके में एक व्यक्ति की गाय ले जा रहे युवक को मालिक ने पकड़ लिया, लेकिन आरोपी खुद को छुटाकर भागा निकला। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर मवेशी चुराने वालों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसाार रिंकेश यादव (40) ग्राम सोनपुरा खजूरीकला में रहते हैं। वह किसानी के साथ ही पशु पालन करते हैं। बीडीए कॉलोनी खजूरीकला में उनकी डेयरी है। वहां गिर, साहवाल और जर्सी नश्ल की गाय और मुर्रा भैंसों समेत कुल 43 मवेशी हैं। डेयरी का पूरा काम उनका छोटा भाई गोलू यादव संभालता है। मंगलवार सुबह करीब सात बजे दिवान सिंह ने डेयरी मालिक को बताया कि एक मुर्रा भैंस और एक पाड़ा नहीं है। आसपास के इलाके में तलाश के बाद भी भैंस और पाड़े का कुछ पता नहीं चल सका।

### गाय ले जा रहा बदमाश पकड़ाया

इसी इलाके में रहने वाले धन्नालाल यादव (60) खेती किसानी करते हैं। सोमवार रात करीब आठ बजे वह गांव में एक दुकान पर सेविंग कराने पहुंचे। इसी बीच उनकी नजर पड़ी तो एक युवक उनकी देशी गाय को ले जा रहा था। वह दुकान से बाहर निकले और युवक के पास पहुंचकर पूछताछ की तो युवक कहने लगा कि गाय उसकी ही है। धन्नालाल ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर भाग निकला। आसपास के लोगों ने युवक को काफी तलाशा, लेकिन जब वह नहीं मिला तो अगले दिन थाने जाकर मवेशी चोरी के प्रयास का मामला दर्ज करवाया।

## नकली सोना गिरवी रखकर बैंक को 4 करोड़ का चूना लगाने वाले 4 गिरफ्तार

4 बैंक अधिकारी, तीन सुनार और 10 कस्टमर समेत 17 पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईसीआईसीआई बैंक में नकली सोना गिरवी रखकर 4 करोड़ 32 लाख का चूना लगाने वाले 4 आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में चार बैंक कर्मचारी, तीन सुनार और दस कस्टमर समेत कुल 17 लोगों पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक की रीजनल हेड कंचन राजदेव और एरिया मैनेजर भानु कोलार थाने में शिकायत की थी।



### निरीक्षण और ऑडिट में हुआ खुलासा

शिकायत में बताया गया कि कोलार रोड स्थित ब्रांच का आकस्मिक निरीक्षण और ऑडिट किया गया था। इस दौरान पता चला कि बैंक के अधिकारी और कर्मचारी समेत सोने का मूल्यांकन करने वाले अधिकृत सुनार की मिलीभगत से संदिग्ध ग्राहकों ने बैंक में नकली सोना गिरवी रखा और करीब चार करोड़ 32 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। कोलार पुलिस ने जांच की तो मामला सही निकला। इसके बाद रिपोर्ट क्राइम ब्रांच को सौंपा गया। क्राइम ब्रांच ने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि बैंक के चार अधिकारी और कर्मचारियों ने तीन सुनारों के साथ मिलकर 10 ग्राहकों के कुल 36 खातों में नकली सोना गिरवी रखकर 4 करोड़ 32 लाख से ज्यादा का नुकसान बैंक को पहुंचाया गया है। इनमें से 22 खाते ऐसे निकले जिनमें नकली सोना गिरवी रखा गया था, जबकि 14 खातों में बिना गोल्ड गिरवी रखे के ही गोल्ड लोन स्वीकृत कर दिया गया।

### धोखाधड़ी का विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

क्राइम ब्रांच ने इस मामले में 4 बैंक अधिकारियों, 3 सुनार (एवरेजर) एवं 10 संदिग्ध ग्राहकों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में सुनार राकेश सोनी निवासी हनुमानगंज और जगदीश कुमार सोनी निवासी बजरिया के साथ ही दो ग्राहक शोभित कुमार जैन निवासी छतरपुर और अरुण शर्मा निवासी होशंगाबाद रोड भोपाल को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं।

पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंट कर सहमति ली



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 जनवरी को खुरई महोत्सव का करेंगे शुभारंभ

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 जनवरी सोमवार को सागर जिले के खुरई में आयोजित खुरई महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वे शाम 4 बजे खुरई पहुंचेंगे। महोत्सव का शुभारंभ करने के बाद वे अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। खुरई महोत्सव में विविध तरह के आयोजन होने जा रहा है। इसमें आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत आदि के कार्यक्रम होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव से पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बुधवार को भेंट कर खुरई महोत्सव के शुभारंभ के लिए पधारने का आमंत्रण दिया था।

भोपाल
गुरुवार, 11 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष-अमावस
वर्ष : 10, अंक : 295
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 19
न्यून. 13

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com



11 रोहित करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी सीरीज...

विचार पेज
06 समंदर में ताकतवर होता भारत

# शिवसेना के 'एक' ही 'नाथ' शिंदे

## स्पीकर ने कहा कि उद्धव ठाकरे पार्टी नियमों के तहत ही पार्टी के नेता बने थे

### उद्धव गुट की याचिका को स्पीकर राहुल नार्वेकर ने किया खारिज

स्पीकर ने कहा कि असली पार्टी का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका है। 2018 का लीडरशिप स्ट्रक्चर ही विश्वस्त है। उसमें पक्ष प्रमुख यानी पार्टी अध्यक्ष की व्याख्या की गई है। हमने भी उसे ही मान्यता दी है। वही उच्चतम पद है।

एजेंसी ▶▶मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट के विधायकों पर अयोग्यता मामले में फैसला सुनाया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि, शिंदे गुट ही असली शिवसेना है और उद्धव ठाकरे भी पार्टी नियमों के तहत ही पार्टी के नेता बने थे। स्पीकर ने यह भी कहा था कि एकनाथ शिंदे को हटाने का अधिकार उद्धव को नहीं है। करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था और महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। इस घटना के बाद दोनों गुटों ने एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की थीं।



**ये हुआ था?**

करीब 18 महीने पहले शिंदे समेत 39 विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी, जिसकी वजह से 57 साल पुरानी पार्टी शिवसेना में विभाजन हो गया था।



### 'असली पार्टी' का फैसला निर्वाचन आयोग कर चुका

*स्पीकर ने कहा कि शिव सेना के संविधान में नेतृत्व ढांचे में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 19 सदस्य होंगे। 14 चुने जाएंगे। पांच मनोनीत होते हैं। शिवसेना विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट का भी उल्लेख करते हुए आभार जताया। इस पूरे मामले में जो सबसे खास सवाल था कि, क्या 21 जून की एसएसएलपी बैठक से विधायकों की अनुपस्थिति अयोग्यता का कारण बनती है? इस पर स्पीकर ने कहा कि इस आधार पर मेरा मानना है कि शिंदे गुट को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि शिंदे गुट ही असली पार्टी थी और गुट के उभरने के बाद से ही सुनील प्रभु सचेतक नहीं रहे।* ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

## खबर संक्षेप

### गूगलः एंड्रॉयड यूजर्स के लिए 4 नए फीचर्स




**नई दिल्ली।** गूगल अपने यूजर्स के लिए कई तरह की सर्विस उपलब्ध कराती है। कंपनी अब एंड्रॉयड यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए नए फीचर्स लाने जा रही है। गूगल के नए फीचर्स से एंड्रॉयड यूजर्स के कई काम बेहद आसान हो जाएंगे। कंपनी के मुताबिक जल्द ही इन फीचर्स को रोल आउट किया जाएगा। टेक जायंट गूगल ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो यानी सीईएस 2024 के दौरान नए एंड्रॉयड फीचर्स की घोषणा की है।

### चीफ लॉ असिस्टेंट घूस लेते पकड़ाया



**भोपाल।** सीबीआई ने रेलवे के चीफ लॉ असिस्टेंट ने विभाग के भोपाल में पदस्थ कर्मचारी से दो चार्जशीट कैट में डाइल्यूट कराने के बदले 20 हजार रुपए मांगे थे। 15 हजार में सौदा होने के बाद रिश्वत लेते हुए वह धरा गया है। रिश्वत के मामले में सीबीआई ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुशील जोशी ने सीबीआई दफ्तर में पहुंचकर 8 जनवरी को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

### पेड़ से भिड़ी बस, 3 की हालत गंभीर, 6 घायल



**खरगोन।** कसरावद थानाक्षेत्र के माकड़खेड़ा के पास बुधवार दोपहर एक बजे यात्री बस असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। 3 की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर किया गया। अग्रवाल बस सर्विस की यह यात्री बस मंडलेश्वर से खरगोन जा रही थी। माकड़खेड़ा फाटे के पास घटना हुई। वहीं बावड़ी बस स्टैंड में एक बड़े वाहन ने दादी और पोती को रौंद दिया।

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024: समिट की इस बार की थीम 'गेटवे टू द फ्यूचर', 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य

# पीएम मोदी बोलेः आपके सपने जितने बड़े होंगे, मेरा संकल्प भी उतना ही 'बड़ा' होगा

पीएम ने कहा कि अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष बनाएगा तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। 25 साल का कार्यकाल भारत का अमृतकाल है। यह नए सपने, नए संकल्प और नित्य नूतन सिद्धियों का कार्यकाल है।



वाइब्रेंट गुजरात समिट इकोनॉमिक डेवलपमेंट और इंवेस्टमेंट से जुड़ी जानकारी और अनुभव साझा करने का ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गई




**ऐसा होगा महा-निवेश**

1. *अडाणी देंगे गुजरात में 1 लाख नौकरियां, 2 लाख करोड़ का निवेश*
2. *ग्रुप अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा।*
3. *आर्सेलर मित्तल 2029 तक हजीरा में दुनिया के सबसे बड़े इस्पात विनिर्माण कारखाने का करेगा निर्माण*
4. *टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि हम सी-295 रक्षा विमान भी बना रहे हैं, शुरुआत में बडोदरा में और फिर धोलेरा में और यह काम जोरों पर चल रहा है।*


एजेंसी ▶▶गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के 10वें संस्करण का शुभारंभ किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि इस अमृत काल में यह पहली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट हो रही है। इसलिए इसका महत्व और बढ़ गया है। इस समिट में आए 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि भारत की इस विकास यात्रा के अहम सहयोगी हैं। उन्होंने कहा आपके ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीएम ने कहा कि आज भारत ने विश्व को यह भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, भारत की निष्ठा, भारत के प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है।

◆ भारत आई-टू, यू-टू और दूसरे मल्टीलेटरल ऑर्गेनाइजेशन के साथ पार्टनरशिप को मजबूत कर रहा



### भारत और यूएई के दिनों-दिन मजबूत हो रहे आत्मीय संबंध

पीएम ने कहा कि यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद का इस आयोजन में शामिल होना बहुत खुशी की बात है। इस समिट में उनका यहां चीफ गेस्ट के तौर पर उपस्थित होना भारत और यूएई के दिनों-दिन मजबूत होते आत्मीय संबंधों का प्रतीक है। भारत को लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मोजांबिक, चेक गणराज्य व तिमोर लेस्ते की भारत से घनिष्ठता बढ़ी

पीएम ने आगे कहा कि मोजांबिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी की भारत यात्रा से हमारे संबंधों को तो बल मिला ही है भारत-अफ्रीका के बीच घनिष्ठता और बढ़ी है। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री के बतौर पेत्र फियाला की यह पहली भारत यात्रा है। भारत और चेक गणराज्य के बीच टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर्स में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति रामोस होर्ता का स्वागत करते हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

◆ अडाणी बोले- पीएम ने भारत को ग्लोबल सोशल चैंपियन बनाया




*मुकेश अंबानी ने कहा*

### पीएम मोदी बोलते हैं और 'पूरी दुनिया' सुनती है

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने पीएम मोदी की तारीफ में कहा कि अब पीएम मोदी बोलते हैं और पूरी दुनिया उनको सुनती है। पृथ्वी पर कोई भी ताकत भारत को 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। वहीं, गौतम अडाणी ने कहा कि 2014 के बाद से भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में 185 प्रतिशत की ग्रोथ और प्रति व्यक्ति आय में 165 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो भू-राजनीतिक और वैश्विक महामारी (कोरोना) संबंधी चुनौतियों को देखते हुए अद्वितीय है। अडाणी ने अंतरराष्ट्रीय सतर पर पीएम मोदी की उपलब्धियों की भी सराहना की। कहा कि आप हमें ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर अपनी आवाज उठाने वाले प्लेटफॉर्म से ग्लोबल प्लेटफॉर्म बनाने वाले राष्ट्र तक ले गए हैं। आप न केवल भविष्य का सोचते हैं बल्कि इसे आकार भी देते हैं। आपने भारत को दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ते हुए राष्ट्र के तौर पर पुनर्स्थापित किया है। वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व गुरू के दर्शन के साथ ग्लोबल सोशल चैंपियन बनाया है।

## महासचिवों को नई जिम्मेदारी देना शुरू

# 400 सीटों पर नज़र, विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल कराने बनाई 'कमेटी'

अग्रवाल को विजन डॉक्यूमेंट बनाने का काम सौंपा गया

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी एक्शन मोड में दिख रही है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के महासचिवों को नई जिम्मेदारी देना शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को ज्वॉइनिंग कमेटी का काम संभालने को कहा है।

इस कमेटी का काम दूसरी पार्टियों से प्रभावी नेताओं और मौजूदा सांसदों को भाजपा में शामिल कराने की संभावनाओं को तलाशना होगा। पार्टी ऐसा इसलिए कर रही है, क्योंकि ऐसे नेताओं का असर और चुनाव जीतने की क्षमता देखते हुए उन्हें पार्टी में लाकर चुनाव लड़ाया जा ▶▶ शेष पेज 4 पर




## कांग्रेस ने बताया इसे भाजपा का 'इवेंट'

# सोनिया-खरगे नहीं होंगे राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल, भाजपा बोली- विनाशकाले विपरीत बुद्धि

शशि थरूर ने कहा था-धर्म सभी का निजी होता है, उस पर सियासत करना सही नहीं

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल नहीं होंगे। इसके अलावा अधीर रंजन चौधरी भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। इन सभी नेताओं को राम मंदिर ट्रस्ट की तरफ से 22 जनवरी का न्योता दिया गया था जिस पर कांग्रेस ने लंबे समय से कोई फैसला नहीं लिया। लेकिन अब साफ कर दिया गया है कि कोई भी नेता कार्यक्रम में शिरकत नहीं करने जा रहा है। कांग्रेस की यूपी ईकाई के कुछ नेता जरूर ▶▶ शेष पेज 4 पर



**जो राम को नहीं मानते, वे बहाना ही बनाएंगे**

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जो लोग राम को मानते ही नहीं थे, वो कुछ भी बहाना बना सकते हैं। ये कार्यक्रम न्यास का है। अनिल एंटनी ने कहा कि कांग्रेस अब भारत की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह ▶▶ शेष पेज 4 पर

## टाटा की एयरलाइन का बड़ा ऑफर

# यात्रियों की बल्ले-बल्ले! सिर्फ 1799 रु. में हवाई सफर का मजा

◆ एयर इंडिया टाइम टू ट्रैवल सेल के तहत 11 जनवरी 2024 तक बुकिंग की जा सकती है। जबकि ट्रैवल करने की अवधि 30 सितंबर 2024 है।

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

फ्लाइट से सफर करना आज भी एक बड़े वर्ग के लिए किसी सपने जैसा है। आमतौर पर लोग ज्यादा किराये की वजह से इस सपने को साकार नहीं कर पाते हैं। हालांकि, कुछ स्मार्ट तरीके अपनाते हैं तो बेहद सस्ती कीमत में फ्लाइट से सफर का मजा ले सकते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस एक बड़ा मौका दे रही है।

दरअसल, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 'टाइम टू ट्रैवल' सेल ऑफर के तहत 1799 की शुरुआती कीमत पर ▶▶ शेष पेज 4 पर



**क्या हैं शर्तें?**

यह ऑफर केवल घरेलू एयरलाइंस की उड़ानों पर लागू है। बेस फेयर, टैक्स, एयरपोर्ट चार्ज शामिल हैं। इसमें सुविधा शुल्क या सहायक सेवाएं शामिल नहीं हैं। यह ऑफर ब्लैकआउट तिथियों पर उपलब्ध नहीं है। ऑफर सभी बुकिंग और यात्रा एयरलाइन के नियमों और शर्तों के अधीन हैं। सीटें सीमित हैं और सभी तिथियों, उड़ानों या मार्गों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकती हैं। यह पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है।

## भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम पर होगी चर्चा

लोकसभा चुनाव सरकार-संगठन के समन्वय पर होगी बात

# आज सीहोर बैठक में कई विषयों पर मंथन करेंगे संघ, भाजपा और सरकार के प्रमुख

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

विधानसभा चुनाव के बाद फिर सत्ता में आई भाजपा के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भाजपा और सरकार के प्रमुखों की पहली बड़ी बैठक 11 जनवरी को सीहोर स्थित एक होटल में होगी।

बैठक में संघ-संगठन और सरकार के बीच समन्वय के साथ आगामी एजेंडे पर खास चर्चा होगी। इस अवसर पर संघ के सर सहकार्यवाह अरुण कुमार, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक दीपक बिस्पुते, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

**संतोष और संघ बताएंगे एजेंडा**



सीहोर में होने वाली इस बैठक में बीएल संतोष प्रदेश सरकार और संगठन को केंद्रीय एजेंडा बताएंगे। खासकर लोकसभा चुनाव की तैयारी और 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम पर चर्चा होगी। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रम को घर-घर पहुंचाने के अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में रणनीति बनेगी ताकि कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने में कोई घर छूट न पाए। इस कार्यक्रम को लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिहाज से भी चलाया जा रहा है। आरएसएस पदाधिकारी सरकार के काम-काज पर मिले फीडबैक पर चर्चा करेंगे और जरूरी सुझाव देंगे। संघ के अनुषांगिक संगठनों के साथ सरकार और भाजपा के समन्वय पर भी बैठक में चर्चा की जा सकती है।

### राजनीतिक नियुक्तियों पर भी हो सकती है चर्चा

*निगम-मंडलों आदि में की जाने वाली राजनीतिक नियुक्तियों पर भी बैठक में चर्चा हो सकती है। खासकर यह कि मंत्रिमंडल के गठन के बाद इस काम में ज्यादा विलंब न किया जाए और नियुक्तियों के लिए मापदंड तय किए जाएं ताकि विवाद की स्थिति निर्मित न हो। कोशिश यह की जाएगी कि राजनीतिक नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद न चले और जो पात्र हों उन्हें ही अवसर दिया जाए।*

## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनों को मिली किश्त, वीडी ने दी बधाई

**भोपाल।** प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1576 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्रांसफर कर दी है। सभी बहनों के खातों में हर महीने की 10 तारीख को राशि आती रहेगी। कांग्रेस ने करारी हार के बाद भ्रामक प्रचार किया कि अब लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं पर ताला लग जाएगा। आज कांग्रेस नेताओं की आंखें खुल गई होगी। यह बात प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही। कांग्रेस को झूठा प्रचार बंद करना चाहिए।

### 22 जनवरी को संकल्प दिवस करने की मांग

**भोपाल।** भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का दिन 22 जनवरी को संकल्प दिवस घोषित करने की मांग ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस पवित्र दिन देश में शासकीय अवकाश की घोषणा भी की जाए। इसके अलावा सभी कसाईखानों को बंद रखा जाए।

### कर्मचारी मंच का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन 21 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन 21 जनवरी को आंबेडकर मैदान में होगा। सम्मेलन में 11 सूत्रीय प्रस्ताव पारित करके ज्ञापन तैयार किया जाएगा। जिसे सरकार को भेजा जाएगा। सम्मेलन में संगठन की वर्ष 2024 की कार्य योजना तैयार की जाएगी। प्रांतीय संकल्प सम्मेलन में प्रदेश भर के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, अनियमित संवर्ग शामिल होंगे। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रांतीय संकल्प सम्मेलन में चार प्रतिशत महंगाई भत्ता, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने समेत अन्य मांगें शामिल हैं।

### शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि थर्ड काउंसलिंग की मांग

**भोपाल।** प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि के साथ थर्ड काउंसलिंग की मांग की। प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ के संयोजक मंगल सिंह ने कहा कि पदवृद्धि कर के सभी समस्यों का निराकरण किया जा सकता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ लोगों तक पहुंचाने में देश में प्रथम रहेगा मप्र



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और मंडला के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद में कहा-

**खास बातें**

- पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही
- कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हो रहा है। आजादी के अमृतकाल में देश के हर नागरिक तक सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

हमारा प्रयास है कि यात्रा के अंतर्गत जन-जन तक लाभ पहुंचाने में मप्र देश में प्रथम रहे। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित इस संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतें और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय से वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के मंडला और बैतूल जिले के हितग्राहियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल के मानिकराव धोटे तथा गीता भावसार और मंडला के जागेश्वर कछवाहा और श्वेता नंदा से वर्चुअली चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अपने देश को 2047 तक दुनिया में नंबर वन बनाना है।

### मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियां, वीडियो संदेश और लघु फिल्में दिखाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जन-जन तक विकास की बयार ले जाने वाली यह यात्रा अब जन-जन की यात्रा बन चुकी है। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर इस यात्रा का समापन होगा। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस कई मयानों में महत्वपूर्ण हैं, हम अपना 75 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफल, सम्पन्न और सुखी भारत का जो सपना देखा है, मप्र की धरती उसे साकार करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा से गरीबों के जीवन में सुधार आएगा।

### हितग्राहियों की कुशलक्षेम पूछी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि, किसान सम्मान निधि, उज्जवला सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा हितग्राहियों की कुशलक्षेम पूछी। मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल उपस्थित थे। बैतूल सांसद डीडी उइके तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी वीसी में जुड़े।

## 16वीं विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का समापन

# नए सदस्यों को सदन में विचार रखने दी जाएगी प्राथमिकता

*नए विधायकों के लिए एक और प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजन पर होगा विचार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा एवं लोकसभा (प्राइड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16वीं विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का समापन बुधवार हो गया। इस मौके पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 7 फरवरी से शुरु होने वाले विधानसभा सत्र में प्रथम बार निर्वाचित सदस्यों को सदन में बोलने की प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य को सदन में बोलने का अवसर मिले, इसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए।

तोमर ने कहा कि शून्यकाल में लिखित सूचनाओं पर बोलने का प्रावधान अभी है, किंतु आगामी सत्र में यह भी निर्धारित किया जाएगा कि शून्यकाल में महत्वपूर्ण तत्कालीन घटनाओं पर भी सदस्य अपनी बात रख सकेंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में लोकसभा और विधानसभा सचिवालय की भूमिका को भी प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि इस बार 69 विधायक पहली बार चुन कर आए हैं। उन्हें एक पत्र भेजकर उनसे इस दो दिवसीय प्रबोधन का अनुभव लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए विधायकों के लिए एक और प्रबोधन कार्यक्रम अगर आवश्यक लगे तो उस दिशा में विचार करना चाहिए।

*शून्यकाल में तात्कालिक घटना के विषयों को भी सदस्य उठा सकेंगे*

» प्रत्येक सदस्य को बोलने का मौका देने के लिए किए जाएंगे प्रयास

» आयोजन के लिए लोक व विस सचिवालय की भूमिका को सराहा



### कार्यक्रम में इन अतिथियों ने दिया उद्बोधन

दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की शुभारंभ मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। प्रबोधन कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, लोकसभा में लाभ के पदों पर गठित संयुक्त समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल सिंह, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह, पूर्व राज्यसभा सदस्य सुरेश पचौरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह, सांसद एवं सभापति विशेषाधिकार समिति सुनील सिंह संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीताशरण शर्मा, मप्र विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह आदि ने संबोधित किया।

**प्रश्न पूछने से ही सरकार को पता चलता है कि शासन कैसा चल रहा**

### आपसी समन्वय से ही हासिल होगा जनता की सेवा का लक्ष्य

मप्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान सदस्य डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने नव निर्वाचित सदस्यों को बजट निर्माण की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि जनता की सेवा करना ही सबका लक्ष्य है। आपसी समन्वय से ही इसे हासिल किया जा सकता है। उन्होंने नव निर्वाचित सदस्यों को बजट निर्माण की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी।

■ नव निर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन का दूसरा दिन

डॉ. सिंह ने प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन के पहले सत्र में बजट निर्माण संबंधी तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया कि 'बजट प्रक्रिया, आय व्ययक, अनुदान की मांगों पर चर्चा, कटौती प्रस्ताव' महत्वपूर्ण तत्व हैं। राज्य सरकार की ओर से मुख्य, पूरक एवं लेखानुदान बजट विधानसभा से पारित कराया जाता है। सभी सदस्यों को चर्चा का अवसर मिलता है। बजट पर चर्चा का दिन विधानसभा अध्यक्ष तय करते हैं। वे कार्य मंत्रणा समिति के अध्यक्ष भी होते हैं। बजट कटौती प्रस्ताव रखने वाले सदस्यों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। व

#### प्रश्नकाल विधानसभा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय

द्वितीय सत्र में 'प्रश्नकाल एवं प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा' विषय पर अपने संबोधन में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि प्रश्नकाल विधानसभा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय होता है। प्रश्नकाल सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर एक घंटे तक चलता है। इस एक घंटे के पूरा होने में यदि एक मिनट का समय भी शेष होता है, तो किसी एक सदस्य का नाम पुकार लिया जाता है। उन्होंने विधायकों से कहा कि वे प्रश्न अवश्य पूछें, क्योंकि प्रश्न लगाने से ही सरकार को भी यह पता चलता है कि शासन-प्रशासन कैसा चल रहा है। किसी भी सूरत में प्रश्नकाल को स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। डॉ. शर्मा ने प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा विषय पर कहा कि इस आधे घंटे में तारांकित व अतारांकित दोनों प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। इसमें मतदान नहीं होता है, सदस्य अपनी बात रखते हैं, फिर विभागीय मंत्री जवाब देते हैं।

## 624 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 22,700 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

**भोपाल।** कोई भी युवा बेरोजगार न रहे, रोजगार-स्वरोजगार से आजीविका संवर्धन कर सके इस उद्देश्य से प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की आवश्यकता को पूरा किया जा रहा है। उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा मध्यप्रदेश के 53 जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में कौशल विकास और उद्यमिता पर एक दिवस से लेकर डेढ़ माह तक के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में 15 मार्च तक किए जाएंगे।

■ आजीविका संवर्धन के लिए युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण

रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क रखे गए हैं। प्रदेश भर में 624 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 22 हजार 700 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अन्तर्गत 2 सौ उद्यमिता सह कौशल विकास प्रशिक्षण में 6 हजार, 150 प्रबंध विकास कार्यक्रम में 3 हजार और 50 उद्यमिता जागरूकता शिविर में 13 हजार 7 सौ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इनमें सर्वाधिक 43 इंदौर में और 42 प्रशिक्षण कार्यक्रम भोपाल जिले में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले युवा हमारे जिला समन्वयकों से संपर्क कर सकते हैं, जिनके बारे में हमारी वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सेडमैप इंडिया डॉट एमपी डॉट जीओवी डॉट इन (www.cedmapindia.mp.gov.in) पर जानकारी उपलब्ध है। मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिले की आवश्यकतानुसार चयनित ट्रेड में 30-30 युवाओं के बैच को प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना पर तीव्रगति से काम किया जा रहा है।

**लाड़ली बहना योजना पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने**

## अपने झूठ की फैक्ट्री से फेक प्रोडक्ट निकालने में कांग्रेसी बहुत तेज हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के लाड़ली बहना योजना के ट्वीट पर प्रतिक्रिया दी।



अग्रवाल ने कहा कि अपने झूठ की फैक्ट्री से फेक प्रोडक्ट निकालने में कांग्रेसी बहुत फास्ट हैं। उमंग सिंघार, कम से कम नेता प्रतिपक्ष की गरिमा के अनुरूप जांच परखकर तो आप प्रतिक्रिया देते...।

### कोई काट-छांट नहीं की गई

अग्रवाल ने कहा कि पंजीकृत आवेदन की सूची में कोई काट-छांट नहीं की गई, न ही किसी हितग्राही को योजना से बाहर किया गया है। संख्या में जो अंतर आ रहा है वह मृत्यु, लाभ परित्याग, उम्र अधिक होने से पात्रता सीमा से बाहर होने के कारण आ रहा है। उमंग सिंघार का ट्वीट पूर्णतः भ्रामक और झूठा है।

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार बोले- 'लाड़ली बहना' बंद होने का अंदेशा सही

कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि लाड़ली बहना योजना बंद करने का अंदेशा सही निकल रहा है। सरकार के लिए योजना में पैसे देने का संकट सामने खड़ा है। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद जनवरी की 8वीं किस्त के लिए 1,596 करोड़ रुपए का इंतजाम मुश्किल से हो पाया है। 10 जनवरी को तो लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपए की राशि जैसे तैसे आ जाएगी, लेकिन फरवरी की किस्त को लेकर विभाग बेहद परेशान और असमंजस में है।



### फरवरी के लिए मांगा है बजट

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने वित्त विभाग से फरवरी की किस्त जारी करने के लिए बजट मांगा है। जबकि, वित्त विभाग ने 38 से अधिक योजनाओं में बिना अनुमति वित्तीय आहरण पर पहले ही रोक लगा दी गई है। उन्होंने आगे लिखा कि कहा है आप मामा जी! बहनों के लिए कुछ तो करिए।

**कांग्रेस ने किया श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण अस्वीकार**

## बोले विधायक रामेश्वर बोले कांग्रेस रावण की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस की ओर से श्रीराम मंदिर का आमंत्रण अस्वीकार किए जाने पर हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज राम विरोध करने के लिए रावण के रास्ते पर है।



उन्होंने कहा कि रामजन्मभूमि तीर्थ न्यास ने इस संबंध में सबको न्योता भेजा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस के मन में आज भी राम विरोध ज्यों का त्यों है।

### राम विरोधी हठ में कांग्रेस ही देश से हट जाएगी

शर्मा ने कहा कि मेरी कांग्रेसियों से यही प्रार्थना है कि जिसको राम का आशीर्वाद नहीं होगा, वह अयोध्या कभी नहीं जा सकेगा। कांग्रेसियों की किस्मत में न रामलला की भक्ति लिखी है, न दर्शन लिखा है, न ही सेवा लिखी है। राम विरोधी हठ में कांग्रेस ही देश से हट जाएगी।

## कमलनाथ और नकुलनाथ ने पत्रक पर लिखा 108 बार राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के सांसद नकुलनाथ ने बुधवार को सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी के चरणों में माथा टेका।



मंदिर के गर्भगृह में विराजमान समस्त देवी-देवताओं की विधि विधान से पूजन अर्चन कर सर्वकल्याण की कामना की। जिले व नगर की जनता के लिये सुख, शांति व समृद्धि के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

### भक्ति में लीन नाथ

मंदिर परिसर में मारुति नंदन सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्रीराम महोत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कमलनाथ व नकुलनाथ ने कार्यक्रम के मंच से पवित्र राम नाम पत्रकों पर 108 बार राम नाम लिखने के उपरांत पत्रक आयोजन समिति के उपस्थित सदस्य को पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ सौंपा। जिले में श्रीराम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**खरे ने कहा - वकील समुदाय मेरा परिवार, कल्याणकारी योजनाएं लागू करना मेरी प्राथमिकता**

# वकीलों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पहला कर्तव्य

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक खरे ने हरिभूमि से बातचीत में कहा है कि वकील समुदाय मेरा परिवार है। वकीलों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका पहला काम है। उनकी पहली प्राथमिकता वकीलों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करना रहेगी।

राज्य सरकार और स्टेट बार कौंसिल के सहयोग से वकीलों की स्वास्थ्य सहायता राशि एवं मृत्यु दावा राशि में वृद्धि करेंगे। स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करेंगे। दीपक खरे ने बताया कि जिला अदालत परिसर में मल्टी लेबल पार्किंग बनाएंगे। वकीलों की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाने के लिए गंभीरता से प्रयास करेंगे। दीपक खरे ने कहा कि अदालत परिसर में पोस्ट ऑफिस खोला जाएगा।

**हरिभूमि चर्चा** » नवनिर्वाचित अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन दीपक खरे ने कहा-जिला अदालत परिसर में मल्टी लेबल पार्किंग बनाएंगे

**खास बात**

- स्वास्थ्य सहायता राशि एवं मृत्यु दावा राशि में वृद्धि करेंगे : खरे



### ऑनलाइन डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे

अदालत परिसर में ऑनलाइन डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे, जिन पर वकीलों के बैठक स्थल का पता एवं सीट नंबर अंकित की जाएगी, जिससे पक्षकारों को अपने वकील से मिलने में सुविधा हो। वकील शिकायत सेल गठित किया जाएगा। दीपक खरे ने कहा कि नई योजनाओं को लागू कराने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। दीपक खरे ने कहा कि कहा कि वह बार एसोसिएशन की मजबूती के लिए काम करेंगे।

### पुलिस को वकील पर केस दर्ज करने से पहले बार अध्यक्ष, सचिव को देनी होगी सूचना

खरे ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन के कामों में पारदर्शिता लाएंगे। जिला बार एसोसिएशन की गतिविधियों में सभी वकीलों की भागीदारी सुनिश्चत करेंगे। पुलिस द्वारा किसी भी अधिवक्ता विरुद्ध केस दर्ज करने से पहले बार के अध्यक्ष, सचिव को सूचना देनी होगी। इसके लिए गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। दीपक खरे ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन में रहकर हमने हमेशा वकीलों की भलाई के लिए काम किया है, मेरी जीत भी इसी का नतीजा है। मैं अपनी इस नई पारी में अधिवक्ताओं की सेवा,सुरक्षा और सम्मान के लिए काम करूंगा।

**जिला बार एसोसिएशन चुनाव**

## कार्यकारिणी सदस्यों के परिणाम आज आएंगे

जिला बार एसोसिएशन के सोमवार को संपन्न हुए द्विवर्षीय चुनाव के महिला एवं पुरुष कार्यकारिणी सदस्य पदों के वोटों की गिनती बुधवार को प्रारंभ हुई। इसके परिणाम गुरुवार को घोषित किए जाएंगे। बुधवार को वरिष्ठ पुरुष कार्यकारिणी सदस्य पदों के 1250 वोटों की गिनती और कनिष्ठ पुरुष कार्यकारिणी सदस्य पदों के 1875 वोटों की गिनती की गई। इसी प्रकार वरिष्ठ महिला कार्यकारिणी सदस्य पदों के 1500 वोटों की गिनती तथा कनिष्ठ महिला कार्यकारिणी सदस्य पदों के1600 वोटों की गिनती की की गई। अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव ,कोषाध्यक्ष और पुस्तकालय अध्यक्ष के पदों के परिणाम मंगलवार को देर रात को घोषित किए जा चुके हैं। समय समाप्त होने से कार्यकारिणी सदस्य पदों के वोटों की गिनती दो दिन किए जाने क निर्णय लिया गया है।

## कल्पना श्रीवास्तव बनी एसीएस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने प्रमुख सचिव कल्पना श्रीवास्तव को पदोन्नत करते हुए अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थ किया है। उन्हें मुख्य सचिव के वेतनमान में पदोन्नत किया गया है। उनके पास मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग एवं प्रमुख सचिव आयुष मप्र सरकार (अतिरिक्त प्रभार) सौंपा गया है।

## बंदोपाध्याय की केंद्र से मप्र में वापसी



भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय बंदोपाध्याय केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति से वापस मध्य प्रदेश आ रहे हैं। इस संबंध में बुधवार को डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिए हैं। बंदोपाध्याय को एमपी कैडर वापस भेजने पर पहले ही नियुक्ति कमेटी ने फैसला कर लिया था। उनकी मध्य प्रदेश वापसी को लेकर अब यह कयास लगाया जा रहे हैं कि क्या वे मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव के दौड़ में तो नहीं हैं। वैसे वे इसी साल अगस्त में बंदोपाध्याय रिटायर हो रहे हैं।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जनवरी 2024

## सर्दी ने ऐसा कंपाया कि दिन में भी अलाव के सामने से नहीं हटे लोग



**भोपाल/संतनगर।** राजधानी में बुधवार को सूरज नहीं निकला वहां तक तो ठीक, लेकिन सर्दी इस कदर रही कि जगह-जगह दिन में भी अलाव जलाने पड़े। वहीं रेस्टॉरेंट में भी अतिथियों के लिए संचालकों को अलग से व्यवस्था करनी पड़ी। इधर, एयरपोर्ट पर मौसम ख़राबी के चलते घने कोहरे ने मॉर्निंग की लगभग सभी उड़ानों को लैंड करने नहीं दिया। जिसके चलते एक उड़ान को रद्द करना पड़ा बाक़ी उड़ानें 3 से 5 घंटे देरी से भोपाल पहुँची जिसके कारण यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा हालाँकि उड़ानें वहीं टेकाआफ नहीं हो सकी थी जिसकी सूचना यात्रियों को पहले ही दी गयी थी लेकिन जो यात्री एयरपोर्ट पहुँच गए उन्हें विमान आने का घंटों इंतजार करना पड़ा। राजा भोज एयरपोर्ट फ्लाइटें निरंतर कई दिनों से लेट आवाजाही कर रही है। आज बुधवार को भी लगभग सभी उड़ानें अपने निर्धारित समय पर नहीं आ सकी। एयर इंडिया एआई-435 दिल्ली उड़ान जो सुबह 7.20 बजे आती है वो 11.20 बजे राजा भोज एयरपोर्ट पहुँची।इंडिगो 6ई-6232 दिल्ली उड़ान सुबह 8.15 बजे आती है वो आज सुबह 11.30बजे। इसी तरह इंडिगो 6ई-7469 जयपुर उड़ान इंडिगो 6ई-2369 बेंगलुरू ने भी क़रीब डाले तीन घंटे देरी से लैंड किया। वही इंडिगो की आगरा उड़ान के लिए पहले बताया गया कि उड़ान दो घंटे देरी से भोपाल आएगी लेकिन लेट होते होते हैं उसे निरस्त किया गया जिसके कारण यात्री काफ़ी परेशान हो गए।

**घने कोहरे ने रोका विमानों का रास्ता, सुबह की कोई उड़ान समय पर नहीं उतरी**



बोट क्लब सुनसान, रेस्टॉरेंट में 'अंगारों' की गर्मी

### पिछले माह साकेत नगर में 8 लोगों के साथ 9 जानवरों पर भी हमला कर दिया था घायल

# तेजी से बढ़ रहे स्ट्रीट डॉग, पिछले एक माह में 50 हुए शिकार, एमपी नगर में 21 को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्ट्रीट डॉग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले एक माह में दो मोहल्ले में इन डॉग के पागल होने से 50 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं और 20 से ज्यादा जानवर इनके शिकार हुए। गत माह साकेत नगर की घटना के बाद अब मंगलवार देर रात एमपी नगर में एक खूंखार स्ट्रीट डॉग ने 21 लोगों को काट लिया, जबकि दूसरे 7 अन्य स्ट्रीट डॉग को भी घायल कर दिया।

आरोप है कि नगर निगम द्वारा नसबंदी सिर्फ कागजों में की जा रही है, जिससे इनकी संख्या हर तरफ बढ़ रही है। यही कारण है कि पिछले पांच साल में दो गुने हो गए हैं। वहीं नगर निगम का दावा है कि हर माह करीब 3 हजार नसबंदी की जा रही हैं।





एबीसी सेंटर में श्वान की नसबंदी करता एक कर्मचारी। बायें सड़क पर आराम करते कुछ स्ट्रीट डॉग।

**फैक्ट फाइल**

- राजधानी में स्ट्रीट डॉग संख्या 1 लाख 28 हजार
- कॉल सेंटर पर रोजाना आ रहीं स्ट्रीट डॉग बाइट संख्या - 35 से 40
- हर माह स्ट्रीट डॉग की हो रही नसबंदी - 2680
- शहर में नसबंदी सेंटर -एबीसी - तीन
- कॉल सेंटर नंबर जिन पर शिकायत होती है 155304, 181, 2710050

**सीधी बात**

*सवाल - राजधानी में स्ट्रीट डॉग बाइट को लेकर कई हिस्सों में मामले बढ़ रहे हैं और लोग दहशत में हैं, नगर निगम क्या कर रहा है?*

*जवाब - स्ट्रीट डॉग बाइट की लगातार जानकारी मिल रही है। भी सेंटर को निर्देश दिए गए हैं कि जहां ऐसी घटनाएं हो रही हैं, वहां नजर रखें और खूंखार स्ट्रीट डॉग को पहले पकड़ा जाए।*

*सवाल-डॉग बाइट घटना बढ़ने या उनके खूंखार होने का कारण क्या है? पिछले एक माह में दूसरी बड़ी घटना हुई है*

*जवाब- इसका सबसे बड़ा कारण उनका भूखे रहना है। लोग खाना देने की जगह पत्थर या डंडा मारते हैं। लोग जैसे पालतू डॉग को खाना खिला रहे हैं, वैसे ही अपने मोहल्ले के डॉग का ख्याल रखें और उन्हें खाना खिलाते रहें।*

*सवाल -राजधानी में आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन्हें खाना कौन खिलाए, क्या यह जिम्मेदारी नगर निगम की नहीं होना चाहिए?*

*जवाब- स्ट्रीट डॉग को खाना खिलाने अलग से न तो कभी किसी ने बजट रखा और न ही इसकी कोई व्यवस्था रहती है।*

*सवाल - लोग आरोप लगा रहे हैं कि पैट लवर्स के डर से निगम स्ट्रीट डॉग पर कार्रवाई नहीं करता है?*

*जवाब - यह गलत है, पैट लवर्स के मामले अलग हैं। उनके कारण कई जगह स्ट्रीट डॉग की सुरक्षा और इलाज जैसी सुविधाएं मिल रही हैं।*



*सवाल - राजधानी में डॉग की संख्या बढ़ना ही बाइट का कारण हो सकता है, नगर निगम रोक क्यों नहीं पा रहा?*

*जवाब- निगम का पहला प्रयास यह है कि ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट डॉग की नसबंदी कर दी जाए, जिससे इनकी बढ़ती संख्या पर कुछ हद तक अंकुश लग सके। इसलिए तीन एबीसी सेंटर नए बनाए गए जहां पर रोजाना स्ट्रीट डॉग पहुंचाए जा रहे हैं।*

**रणवीर कुमार सिंह**
एडीशनल कमिश्नर
नगर निगम, डॉग स्क्वॉड

**स्ट्रीट डॉग बाइट के और भी कारण**

डॉग बाइट की घटना को कुछ कई लोग भोपाल में स्वच्छता अभियान के तहत सड़कों से डस्टबिन हटाने की भी बात कर रहे हैं। कभी ये डस्टबिन इन स्ट्रीट डॉग के खाने का सबसे बड़ा सोर्स हुआ करते थे। अब कचरा सीधे घरों और दुकानों से उठकर गार्बेज स्टेशन जाता है। ऐसे में स्ट्रीट डॉग और यहां वहां से मिल जाने वाले थोड़े से खाने पर निर्भर है। लंबे समय तक भूखे रहने से ये स्ट्रीट डॉग खूंखार हो रहे हैं।

**स्ट्रीट डॉग हमले के बाद जेपी पहुंचे**

स्ट्रीट डॉग के हमले के बाद जेपी अस्पताल में रैबीज इंजेक्शन लगवाने लोगों की लंबी कतार लग गई। हालात ऐसी हो गई कि जेपी अस्पताल में रखे एंटी रैबीज इंजेक्शन भी कम पड़ गए। जिसके बाद रात को ही फार्मेसी काउंटर खुलवाकर एंटी रैबीज इंजेक्शन लाकर लोगों को लगाने पड़े।

**रैबीज का संक्रमण बढ़ने का खतरा**

स्ट्रीट डॉग ने 7 से 8 दूसरे डॉग को भी काटा, इसके बाद इनमें भी रैबीज फैलने का डर बढ़ गया है। नगर निगम इन कुत्तों की तलाश कर रहा है। निगम अधिकारियों को एंटी रैबीज इंजेक्शन फ्री में उपलब्ध कराए जाते हैं। लोगों को चाहिए कि जिन स्ट्रीट डॉग की वो देखभाल कर रहे हैं, उन्हें यह इंजेक्शन लगवा दें।

## निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले 60% मरीजों समेत रैबीज इंजेक्शन पर हर साल दो करोड़ रुपए होते हैं खर्च

**भोपाल।** कुत्ते के काटने के केस लगातार बढ़ रहे हैं। हर साल करीब नौ हजार मामले जिले के सरकारी अस्पतालों में आ रहे हैं। एक मरीज को चार इंजेक्शन लगाए जाते हैं। चारों इंजेक्शन लगाने का खर्च 650 रुपए है। हालांकि सरकार की तरफ से यह इंजेक्शन मुफ्त उपलब्ध कराए जाते हैं। इस तरह सिर्फ सरकारी अस्पतालों के मरीजों पर ही 57 लाख खर्च हो रहे हैं। निजी अस्पतालों में करीब 60 फीसदी मरीज जाते हैं। यहां एक इंजेक्शन 250 रुपए में लगाया जाता है। यह खर्च मरीज को उठाना पड़ता है। इसका खर्च को भी मिला लिए जाए तो एंटी रैबीज इंजेक्शन पर खर्च करीब दो करोड़ पहुंच जाता है।

**जेपी में रोजाना आ रहे 30 से 40 मामले**

राजधानी भोपाल में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हर दिन जेपी अस्पताल में 30 से 40 नए मामले आ रहे हैं, जबकि करीब 20 दिन पहले तक रोज करीब 20 मामले ही आ रहे थे। सबसे ज्यादा शिकार बच्चे हो रहे हैं। झुग्गी बस्तियों कुत्तों के काटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। यह तो सिर्फ जेपी अस्पताल के आंकड़े हैं। हमीदिया अस्पताल के साथ अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों के आंकड़े भी मिला लिया जाए तो रोज नए मरीजों की संख्या 150 के करीब होगी।

**यहां से आ रहे ज्यादा केस**

*जेपी अस्पताल की इमरजेंसी के डॉक्टरों ने बताया कि मिसरोद क्षेत्र, बैरागढ़ व लालघाटी के बीच, भीम नगर, अन्नानगर, सोनागिरी, ग्यारह सौ क्वार्टर, पंचशील नगर, साकेत नगर, राजीव नगर, कोलार, कमला नगर थाने के पास, शक्ति नगर, पीएनटी चौराहा के असपास, नया बसेरा से ज्यादा मरीज आते हैं।*

**कुत्ते के काटने पर यह करें**

- कपड़े धोने के साबुन से घाव नल की धार में काफी देर तक धोएं।
- घाव को काटें या बांधें नहीं।
- कुत्ता खूंखार होने पर एंटी रैबीज वैक्सीन के साथ इम्युनोग्लोबिल इंजेक्शन जरूर लगवाएं।

### डिप्टी सीएम ने किया काटजू का निरीक्षण

## खाली सा दिखा तो पूछ लिया क्या ये निजी अस्पताल है?



- अस्पताल काटजू का प्रचार-प्रसार करने के दिए निर्देश
- 300 बेड के अस्पताल में थे सिर्फ 40 मरीज भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 300 बेड के काटजू अस्पताल में वर्तमान में सिर्फ 40 मरीज ही भर्ती हैं। यह स्थिति तब है जब हमीदिया के गायनिक विभाग और जेपी अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए बेड की कमी हो जाती है।

इसी को देख उप मुख्यमंत्री, चिकित्सा शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अस्पताल के प्रचार प्रसार पर जोर देने के लिए कहा। उन्होंने अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान, आयुक्त स्वास्थ डॉ. सुदाम खाड़े और सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी से सवाल किया कि क्या यह निजी अस्पताल है? वे शहर के एक मात्र जच्चा बच्चा अस्पताल का बुधवार को पहला निरीक्षण करने पहुंचे थे।

**वर्तमान में सिर्फ 100 बेड का अस्पताल**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं की तारीफ की। साथ ही कर्मचारियों व अधिकारियों के ड्रेस कोड और डिसीपिलन में होने पर संतोष जताया। इसके लिए उन्होंने अस्पताल अधीक्षक की सराहना करते हुए इस प्रक्रिया को निरंतर जारी करने को कहा। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल में सभी एडवांस सुविधाएं मौजूद हैं।

**रजिस्टर से लेकर ओटी में सुविधाएं भी देखी**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दौरे के दौरान मरीज व परिजनों द्वारा भरे गए फीडबैक रजिस्टर देखा। इसके अलावा ओपीडी, ओटी, लेबर रूम, वार्ड और अन्य क्षेत्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के लिए एक मिसाल है। हालांकि यहां जितनी गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलना चाहिए, वो नहीं हो रहा है।

**काटजू का बदला जाएगा नाम**

उप मुख्यमंत्री ने डॉ कैलाशनाथ काटजू शासकीय चिकित्सालय प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्देश दिए कि इसका नाम डॉ. कैलाशनाथ काटजू शासकीय महिला चिकित्सालय कर दिया जाए। जिससे लोगों को पता चल सके कि यह अस्पताल सिर्फ जच्चा बच्चा के लिए है। निरीक्षण के दौरान विधायक भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### अतिक्रमण को लेकर जारी किए 700 नोटिस

## नोटिस की अवधि खत्म,निगम कर रहा हटाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में दोनों किनारों पर 36 किमी फैली कलियासोत नदी के 33 मीटर दायरे में आने वाले निर्माणों को लेकर 700 नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें से सौ लोगों को नोटिस दिए जाना बाकी हैं। इन नोटिसों में सात दिन का समय भी दिया गया, जिसमें कहा गया कि आपके निर्माण से संबंधित दस्तावेज पेश किए जाएं। जिसके आधार पर रहवासियों ने दस्तावेज नगर निगम की बिल्डिंग परमिशन शाखा में पेश कर दिए हैं।

एनजीटी निर्देश के बाद कलियासोत नदी के 33 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माणों को नोटिस की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, इस कार्रवाई को रहवासियों ने अवैध करार दिया है। रहवासियों का कहना है कि नगर निगम समेत अन्य एजेंसियों से दी गई अनुमतियों पर ही उनके मकानों का निर्माण हुआ है, फिर यह अवैध कैसे हो सकते हैं। रहवासी अब नगर निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए के सामने अपना पक्ष रखेंगे। सिग्नेचर 99 रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था के कोषाध्यक्ष राधेश्याम कटारे का कहना है कि अगर हमें यहां न्याय नहीं मिलता है तो हम हाई कोर्ट से कार्रवाई के खिलाफ स्टे लेकर आएंगे।

**सरकारी जमीन से हटाए कब्जे**

इधर जिला प्रशासन पहले ही नदी के 33 मीटर दायरे में आ रहे सरकारी जमीनों के कब्जे हटा दिए गए हैं। कोलार एसडीएम आशुतोष शर्मा का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को हटा दिया गया है। निजी जमीन पर निर्माण के संबंध में नगर निगम कार्रवाई करेगा।

## बिना औषधि के मानसिक समस्याओं का निदान जरूरी साइकोथैरेपी व योग से रोग होता है हमेशा के लिए दूर

- सरकारी होम्योपैथी चिकित्सालय में हुआ राज्य स्तरीय साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ओपीडी में बड़ों के साथ बच्चे की संख्या बढ़ी हैं, जिनमें मानसिक समस्याएं देखी जा रहीं हैं। ऐसे में भविष्य के डॉक्टरों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बारीकियां सिखाना बेहद जरूरी है। साइको थैरेपी, बात चीत, योग समेत अन्य तरीकों से इनका इलाज संभव है।

यह बातें एम्स के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार दीक्षित ने कहीं। वे सरकारी होम्योपैथी चिकित्सालय में राज्य स्तरीय साइंटिफिक सेमिनार में व्याख्यान दे रहे थे। सेमिनार में 350 छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य डॉ. एसके मिश्रा और होम्योपैथिक अस्पताल की अधीक्षक डॉ. सुनीता तोमर की अहम भूमिका रही।

## जयप्रकाश अस्पताल के शिशु और महिला वार्ड में बढ़ेंगे 40 बिस्तर

सीएमएचओ ने निरीक्षण कर दिए बेड बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में अब शिशु और महिला वार्ड में बेड के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बुधवार को अस्पताल का निरीक्षण कर शिशु और महिला वार्ड में 40 बेड बढ़ाने के निर्देश अधीक्षक को दिए है। इनमें सबसे ज्यादा 20 शिशु रोग वार्ड और बाकी महिला मरीजों के लिए होंगे। निरीक्षण के दौरान एसएनसीयू, पीआईसीयू और शिशु रोग वार्ड में भर्ती बच्चों की माताओं को रात में रुकने में बेड की समस्या होती है। इसलिए अतिरिक्त बिस्तर की व्यवस्था करने के लिए सीएमएचओ ने अधीक्षक डॉ राकेश श्रीवास्तव को निर्देश दिए।

## स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार वितरण समारोह आज नई दिल्ली में

राष्ट्रपति करेंगी पुरस्कार वितरण, मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री होंगे कार्यक्रम में शामिल

**भोपाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार वितरण समारोह 11 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मण्डपम कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की उपस्थिति में होगा। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी शामिल होंगी। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रमुख सचिव नगरीय विकास नीरज मण्डलोई, आयुक्त नगरीय विकास भरत यादव, मिशन डायरेक्टर शिवम वर्मा के साथ पुरस्कृत नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि व स्थानीय निकायों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इंदौर शहर ने 6 बार लगातार देशभर में स्वच्छ शहर के रूप में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रदेश के 6 शहर इंदौर, भोपाल, महूकेंट, अमरकंटक, नौरोजाबाद और बुधनी शहर राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण में पुरस्कृत होंगे।

### बीआरटीएस हटाने के लिए नगर निगम की एमआईसी ने दी मंजूरी

# चार हिस्सों में टूटेगा बीआरटीएस, कंपनी खुद हटाएगी बस स्टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम महापौर परिषद 'एमआईसी' ने बुधवार को बीआरटीएस हटाने की अपनी मंजूरी देकर पूरी प्लानिंग पर चर्चा की। पूरे बीआटीएस को चार हिस्सों में हटाया जाएगा। हलालपुर से बैरागढ़ तक के कारीडोर को तोड़ने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की होगी, यह खर्च शासन देगा। बुधवार को महापौर मालती राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में एक मात्र एजेंडा रखा गया था। महापौर ने बताया कि कारीडोर को चार हिस्सों में तोड़ने की सहमति बनी है। कारिडोर के बस स्टापों को हटाने कंपनी ने आश्वासन दिया है कि वह अपने खर्च पर ही बस स्टाप को पीछे हटा लेगी। कारीडोर तोड़ने से पहले बस स्टाप शिफ्टिंग का काम कर लिया जाएगा।

**एमआइसी करेगा निगरानी**

*बीसीएलएल के डायरेक्टर और एमआईसी सदस्य मनोज राठौर ने बताया कि कारिडोर को तोडने के दौरान की निगरानी पर भी चर्चा हुई है। इसमें तय हुआ है कि कारिडोर को तोडने के दौरान एमआइसी सदस्य इसकी निगरानी करेंगे। साथ ही व्यवस्थित तरीके से तोड़ने के लिए सुझाव भी दिए जाएंगे, जिससे भविष्य में लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो।*

**लोहे को लेकर नहीं बनी सहमति**

*बीआरटीएस हटाने का टेंडर अलग-अलग कंपनियों को दिया जाएगा। लेकिन इसके टूटने पर निकलने वाला लोहा कौन रखेगा। इसको लेकर अभी रणनीति नहीं बन सकी है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि कारिडोर से निकलने वाले लोहे को यदि ठेकेदार लेगाए तो इसे हटाने में अनुमानित लागत कम हो जाएगी। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने जानकारी दी थी कि बीआरटीएस हटाने की योजना तैयार हो गई है। इस माह के अंत तक इसे हटाने का काम शुरू करदिया जाएगा। जबकि पीडब्ल्यूडी अपने अनुसार प्लानिंग तैयारी कर रहा है।*

## जैकेट का शेष

### बहन-बेटियों का...

सशक्तिकरण के लिए जारी प्रयासों के लिए समस्त प्रदेशवासियों की ओर से उनका वंदन और अभिनंदन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला, किसान, युवा और गरीब इन चार जातियों के उत्थान पर बल दिया है। राज्य सरकार इन सभी के उत्थान व सशक्तिकरण के संकल्पित है। उनकी ओर से बनाई और क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाएं सभी देशवासियों के खुशहाल और स्वस्थ जीवन का मार्ग प्रशस्त करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि और प्रबंधन के पड़ोसी देश भी प्रशंसक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति खुली किताब की तरह है। यह दुनिया और मनुष्यता को समझने का मौका देती है। हमारे सभी व्रत, त्यौहार, पर्व और उत्सव, उत्साह और उमंग के साथ हमारे सभी गुणों को विश्व के सामने प्रस्तुत करते हैं। हमारे त्यौहारों को मनाने का समय और तरीका यह सिद्ध करता है कि इनका प्रकृति से गहरा संबंध है। मकर संक्रांति भी उनमें से ही एक त्योहार है। हमारा प्रत्येक कार्यक्रम दीप प्रज्जवलन से आरंभ होता है, जिसका अर्थ है सूर्य का स्मरण करना, यह अंधेरे को दूर कर आगे बढ़ने का विश्वास दिलाने वाले क्षण भी होता है।

### जनता में विश्वास...

ने नव-निर्वाचित विधायकों से सदन की प्रक्रिया के हर प्लेटफार्म का उपयोग जनहित के मुद्दों को उठाने में किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जो भी सदस्य अपना वक्तव्य देता है, उसकी वीडियो क्लीपिंग नाम मात्र शुल्क पर (करीब 100 रुपए) सदस्य को उपलब्ध कराए जाने की सुविधा है। नव-निर्वाचित सदस्य इस सुविधा का उपयोग जनता में विश्वास को और मजबूत करने में बेहतर तरीके से कर सकते हैं। आप यहां से क्लीपिंग लेकर अपने क्षेत्र में दिखा सकते हैं कि आपके मुद्दों को सदन में उठाया है। उन्होंने नव-निर्वाचित विधायकों से कहा कि प्रत्येक सदस्य के सार्वजनिक जीवन के साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में पारदर्शिता का होना जरूरी है।

### क्या होते हैं विधायक...

में मर्यादित आचरण के साथ पूरे समय मौजूद रहने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि सदन में उनका बेहतर प्रदर्शन उन्हें राज्य के नेता के रूप में पहचान दिलाने में मददगार होता है। सांसद सिंह ने भारत की गरिमापूर्ण लोकतंत्र के इतिहास की जानकारी भी दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने संसदीय प्रक्रिया स्थगन, ध्यानाकर्षण और अविलंब लोक महत्व की सूचना के महत्व के बारे में सदस्यों को जानकारी दी।

### जबलपुर और उमरिया...

हुआ। भोपाल में दिन के समय बादल और धुंध के बीच कहीं-कहीं मामूली बूंदाबांदी भी हुई, जिसने हवाओं में और अधिक सर्दी बढ़ा दी। मौसम केंद्र के अनुसार बीते 24 घंटे में भिंड, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, रतलाम, उज्जैन सहित एक दर्जन जिलों में कहीं कहीं बारिश, बौछारें पड़ी हैं। गुरुवार को भी कुछ जिलों में कोहरा, बादल और कहीं कहीं बौछारें पड़ेंगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी दो तरफ से आने वाली हवाओं के कारण कोहरा, बादल और तापमान में बदलाव जारी है। यह क्रम दो दिन और चलेगा। इस बीच दिन के तापमान में घट बढ़ होगी। इसके बाद रात का पारा गिरेगा।

### तमिल फिल्म 'अन्नपूर्णी'...

के कलाकार ने भगवान राम, सीता, शिव,लक्ष्मण और तमिल भगवान मुरुगन का अपमान किया है। हिंदू सेवा परिषद ने राज्य सरकार से मांग की है कि मध्य प्रदेश में इस फिल्म को बैन किया जाए। ओमती थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर धारा 153 और 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और इसकी जांच-पड़ताल में लग गई है। सीएसपी पंकज मिश्रा ने बताया की ओटीटी प्लेटफार्म पर 'अन्नपूर्णी' फिल्म रिलीज हुई है। जिस पर कुछ सीन को लेकर हिन्दू धर्म की भावना भड़काने के आरोप लगाए गए हैं। इसे लेकर एक एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### विवाद की वजह-राम...

राम गलत चित्रण करने के साथ ही पुजारी की बेटी को बिरयानी बनाने के पहले हिजाब पहन कर नमाज पढ़ते हुए भी दिखाया गया है। साथ ही वनवास के दौरान भगवान श्रीराम को भी गलत तरीके से दिखाया गया है। जिसे हिंदू सेवा परिषद में घोर आपत्तिजनक करार दिया है।

### गुजरात सरकार ने ...

*प्रदेश में लोगों को बांटी जाएंगी। डॉ. तिवारी ने बताया कि गुजरात सरकार ने विद्यार्थियों में वितरित करने के लिए श्रीमद्भागवत गीता की 50 लाख प्रतियों की मांग की है।*

### गीता प्रेस के पास...

की कई भाषाओं व आकार प्रकार में 3.27 लाख प्रतियों की छपाई हुई, सभी बिक चुकी हैं। हनुमान चालीसा की 13.50 लाख प्रतियां प्रकाशित की गई। मात्र 30 हजार स्टॉक में हैं। दो लाख प्रतियां और तैयार की जा रही हैं।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी बोलेः...

सपने जितने बड़े होंगे, मेरा संकल्प भी उतना ही बड़ा होगा। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नह्यान, मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्त के राष्ट्रपति खोसे रामोस होर्ता, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेत्र फियाला, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उद्घाटन सत्र में शामिल थे।

### भारत और यूएई...

उनके विश्वास, उनका सहयोग बहुत ही गर्मजोशी से भरा हुआ है। इस समिट में भी भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास के लिए रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए, इनोवेटिव हेल्थ केयर में निवेश के लिए कई महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। भारत के पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर में यूएई की कंपनियों द्वारा कई बिलियन डॉलर के नए निवेश पर सहमति बनी है। यूएई के सॉवरन वेल फंड द्वारा गिफ्ट सिटी में ऑपरेशन शुरू किए जाएंगे। यहां एयरक्राफ्ट और शिप लीजिंग एक्टिविटी भी शुरू करने जा रही है।

### मोजांबिक, चेक गणराज्य...

रामोस होर्ता का गांधीनगर आना और विशेष है। पीएम ने बताया राष्ट्रपति रामोस होर्ता ने महात्मा गांधी जी अहिंसा के सिद्धांत को अपने देश के स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा है। आसियान और इंडो पैसिफिक के क्षेत्र में तिमोर लेस्ते के साथ हमारा सहयोग बहुत अहम है।

### 400 सीटों पर नज़र ...

सकता है। इसी तरह राधामोहन दास अग्रवाल को विजन डॉक्यूमेंट बनाने का काम सौंपा गया है। वे कुछ अन्य बड़े नेताओं के साथ मिल कर 2024 लोक सभा चुनाव के लिए पार्टी का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेंगे। चुनाव अभियान, प्रचार और संगठन से जुड़े अन्य काम सुनील बंसल तथा अन्य महासचिव देखेंगे। दुष्यंत गौतम देश भर में बौद्ध सम्मेलन आयोजित कर उन्हें मोदी सरकार के काम के बारे में बताएंगे। गौर हो कि जेपी नड्डा ने पार्टी महासचिवों और केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव और मनसुख मांडविया के साथ मंगलवार को बैठक की थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा भी वीडियो कांफ्रेंस से इस बैठक में जुड़े थे।

### सोनिया-खरगे नहीं ...

मकर संक्राति के मौके पर राम मंदिर के दर्शन करने जा रहे हैं। जयराम रमेश ने कहा है कि ये पूरी तरह भाजपा-संघ का कार्यक्रम है। इससे पहले शशि थरूर ने भी कहा था कि धर्म सभी का निजी होता है, उस पर सियासत करना सही नहीं। भाजपा नेता अनिल एंटनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विनाशकाले विपरीत बुद्धि!

### जो राम को नहीं मानते, ...

से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए गए हर फैसले कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है।

### यात्रियों की बल्ले....

टिकट बुकिंग शुरू की है। यह ऑफर 11 जनवरी, 2024 तक कुछ चुनिंदा रूट्स की बुकिंग के लिए है। हालांकि, ऑफर के तहत टिकट बुकिंग कर आप 30 सितंबर 2024 तक ट्रैवल कर सकेंगे। एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह बुकिंग बेंगलुरु-चेन्नई, दिल्ली-जयपुर, बेंगलुरु-कोच्चि, दिल्ली-ग्वालियर और कोलकाता-बागडोगरा जैसे रूट्स के लिए है। बता दें कि टाटा ग्रुप की इस एयरलाइन के बेड़े में 63 विमान हैं। इसमें 35 बोइंग 737 और 28 एयरबस ए320 हैं। इसके तहत एयर इंडिया एक्सप्रेस हर दिन 325 से अधिक उड़ानों के माध्यम से 31 घरेलू और 14 विदेशी हवाई अड्डों को जोड़ता है।

### आज सीहोर बैठक...

सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल,प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री द्वय राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा सहित भाजपा के प्रदेश प्रभारी और संभागीय प्रभारी मौजूद रहेंगे।

## पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने मांगी है राय

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर 5000 सुझाव!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित समिति को एक साथ चुनाव कराने के संबंध में लोगों से 5,000 से अधिक सुझाव मिले हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले हफ्ते उच्च-स्तरीय समिति ने 'देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के संबंध में' जनता से सुझाव आमंत्रित किए थे। सूत्रों ने कहा कि अब तक 5,000 से अधिक ई-मेल प्राप्त हुए हैं। एक सार्वजनिक नोटिस में उच्च स्तरीय समिति ने कहा था कि 15 जनवरी तक प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा। पिछले साल सितंबर में गठन के बाद से समिति की अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं। इसने हाल में राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर एक साथ चुनाव कराने के विचार पर 'परस्पर सहमत तिथि' पर उनके विचार मांगे थे। बाद में समिति ने पार्टियों को एक स्मरण पत्र भी भेजा था। छह राष्ट्रीय दलों, 33 राज्य स्तरीय दलों और सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को पत्र भेजे गए। समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग के विचार भी सुने हैं। इस मुद्दे पर दोबारा विधि आयोग को चर्चा के लिए बुलाया जा सकता है। समिति का उद्देश्य लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगरपालिकाओं और पंचायतों के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर गौर करना और सिफारिशें देना है।



### 15 जनवरी तक दे सकते हैं सुझाव

*समिति ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के लिए आम जनता से लिखित रूप में सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। समिति ने आगे कहा कि 15 जनवरी, 2024 तक आम लोगों से प्राप्त सुझाव को विचार के लिए समिति के समक्ष रखा जाएगा।*

### यहां दे सकते हैं अपनी राय

समिति ने आम लोगों से राय मांगते हुए इसके लिए एक वेबसाइट और ईमेल जारी किया है। समिति ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में बदलाव करने के लिए आम जनता अपनी राय को समिति की वेबसाइट **onoe.gov.in** पर पोस्ट किए जा सकते हैं या फिर लोग ईमेल द्वारा भी सुझाव दे सकते हैं। समिति द्वारा जारी नोटिस के मुताबिक, लोग अपनी राय को ईमेल **sc-hlc@gov.in** पर भी भेज सकते हैं।

## ओडिशा हाईकोर्ट ने दिया आदेश

# डॉक्टरों की लिखावट से नाराज बड़े अक्षरों में लिखने का हुक्म

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

डॉक्टरों की लिखावट से परेशान ओडिशा हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जताते हुए बड़े (कैपिटल) अक्षरों में लिखने का हुक्म दिया है। जस्टिस एसके पाणिग्रही की सिंगल बेंच ने मुख्य सचिव को यह आदेश प्रदेश के सभी डॉक्टरों को पहुंचाने को कहा है। इसके तहत उन्हें दवा के पर्चे से लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक में लिखावट सुधारने को कहा गया है। सांप के काटने से मरे एक व्यक्ति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पढ़ने के बाद हाईकोर्ट को यह आदेश देने पड़े। यह रिपोर्ट कोर्ट पढ़ ही नहीं पा रही थी। उसने संबंधित डॉक्टर को तलब कर लिया। वहीं मृतक के पिता का कहना था कि इसी रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार ने मुआवजा देने से इन्कार कर दिया है और इसी वजह से उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली है। मामले में डॉक्टर कोर्ट में पेश हुआ। उसके पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट ने मृतक के पिता को 1 महीने में तहसीलदार के सामने अपना मामला फिर से रखने को कहा।



## सीसीपीए ने जारी किया मसौदा, कोचिंग संस्थानों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# 100% सफलता का किया दावा तो लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी नौकरियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थान अपने विज्ञापन में 100 फीसदी सफलता या चयन का दावा नहीं कर सकेंगे। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए दिशा-निर्देशों का एक मसौदा तैयार किया है।

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम और विनियमन समिति की बैठक में सीसीपीए के मुख्य आयुक्त रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिशा-निर्देश मसौदा जारी किया गया। इसमें कोचिंग संस्थानों को सफलता दर और चयनित छात्रों की संख्या पर झूठे दावे करने से रोका गया है। मसौदे के अनुसार जानकारी का फॉन्ट साइज वही होगा जो दावे/विज्ञापन में उपयोग किया गया है। विज्ञापन में ऐसी जानकारी प्रमुख और आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर देनी होगी। अगर किसी कोचिंग संस्थान ने भ्रामक विज्ञापन किया उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार जुर्माना वसूला जाएगा।

### विज्ञापन में बतानी होगी हकीकत

मसौदे के मुताबिक, कोचिंग संस्थान को सभी अपेक्षित जानकारी देनी होगी। इसमें सफल उम्मीदवार की फोटो, रैंक, पाठ्यक्रम, उसकी अवधि बतानी होगी। साथ ही यह भी बताना होगा कि क्या उम्मीदवार ने फीस दी या मुफ्त कोचिंग ली थी। सीसीपीए ने कोचिंग संस्थानों की ओर से भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की थी। इस संबंध में सीसीपीए ने 31 कोचिंग संस्थानों को नोटिस जारी कर नौ पर जुर्माना लगाया है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9300009644

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

**आवश्यकता**

!!!बिना किसी बडे निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर!!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/ फुलटाइम घर बैठे पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाएं (जरूरतमंद लोग कॉल/ Whatsapp करें) NOC-2150/- +91-8583047417 R- 6/01 to 12/01/24

**NAME CHANGE**

I Army no. JC704955X, Rank: Sub., Name-HARIDAS C, R/o - Kuttikkadu House, Erissery, Thekkedesam, Dist- palakkad, Kerala(678553). hereby declare that In my Army record my mother name recorded as RAJAMANI, Which is incorrect. In my mother all documents her name mention as RAJAMANI M , Which is correct. So, In future my mother name will be known and recognized by RAJAMANI M for all purpose. Vide affidavit no. BK370728 dated 10.01.24 before Bhopal court

**CHANGE OF NAME**

I Soorya s/o Army No. JC-382566W. Rank -Sub Name P Velmurugan Residing at village G. K. Nagar Post Pattabiram Tehsil Avadi District Tiruvallur State Tamilnadu Pin Code- 600072 have changed my Name from Soorya to V Soorya vide affidavit dated 06/01/2024 at Bhopal Court Madhya Pradesh.

**CHANGE OF NAME**

I Army No. JC - 382566W Rank -Sub Name P Velmurugan Residing at Village G. K. Nagar Post Pattabiram Tehsil Avadi District Tiruvallur State Tamilnadu Pin Code - 600072 have changed my Daughter Name from Rithi to Rithi Velmurugan Vide affidavit dated 06/01/2024 at Bhopal Court Madhya Pradesh.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I K. sivasakthi w/o Army No. JC-382566W Rank-Sub Name P Velmurugan Residing at Village G. K. Nagar Post Pattabiram Tehsil Avadi District Tiruvallur State Tamilnadu Pin Code - 600072 have changed my Name from K. Sivasakthi to V. Sivasakthi And date of birth 28/12/1981 to 23/12/1982 Vide affidavit dated 06/01/2024 at Bhopal Court Madhya Pradesh.

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म/प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸ निवेश का सुनहरा मौका
▸ डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸ पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू



प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि — रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5391



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5390 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## सूडोकू बवाल - 5401

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पोलीं का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू बवाल - 5400 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## भोपाल में 20 करोड़, मप्र में 200 करोड़ और देशभर में 50 हजार करोड़ का व्यापार होगा गुलजार



# प्रदेश सहित देशभर में श्रीराम ज्योति से कारोबार में उजाला

### लाखों सूक्ष्म-लघु और मध्यम व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को मिलेगा महोत्सव का लाभ

आत्माराम सोनी ▶▶ भोपाल

कहते हैं कि जितना बड़ा त्यौहार उतना बड़ा व्यापार, लेकिन अब यह कहावत 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि आयोध्या में हो रही श्रीरामलला के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर साकार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस दिन देशभर में राम ज्योति जलाने की अपील और दीपावली उत्सव की तरह देशभर में कार्यक्रम आयोजित करने की अपील एक बड़ी व्यापारिक अपील भी बनती जा रही है। जिसके बाद मध्यप्रदेश सहित देशभर का कारोबार गुलजार होगा।

बाजार पंडितों के अनुसार श्रीरामलला के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का उत्साह देशभर में हैं। अतः इस महोत्सव के दरमियान भोपाल में करीब 20 करोड़ रुपए तो मध्यप्रदेश में करीब 200 करोड़ रुपए और समूचे देश में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के व्यापार का अनुमान है। क्योंकि मध्यप्रदेश सहित देशभर में श्रीरामलला के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है और लोग भारी मात्रा में साज-सज्जा, पूजन-पाठन और प्रसाद वितरण की सामग्री खरीदेगें।

प्रधानमंत्री द्वारा देशभर में राम ज्योति जलाने की अपील और कार्यक्रम आयोजित करने की अपील एक बड़ी व्यापारिक अपील भी बनती जा रही है।




#### बाजार में मिल रही भगवान राम से जुड़ी चीजें

मध्यप्रदेश सहित देशभर के बाजारों में बड़ी मात्रा में श्रीराम ध्वजा, श्रीराम अंगवस्त्र सहित श्रीराम के चित्र से अंकित मालाएं, लॉकेट, चाबी की रिंग, राम दरबार के चित्र, राम मंदिर के मॉडल के चित्र, सजावटी लटकनें, कड़े सहित अनेक प्रकार का सामान उपलब्ध है जिसकी भारी मांग देखने को मिल रही है। श्रीराम मंदिर के मॉडल की मांग बहुत अधिक है और यह मॉडल हार्डबोर्ड, पाइनवुड, लकड़ी आदि अन्य सामान से अलग-अलग साइजों के तैयार किए जा रहे हैं। इन मॉडल को बनाने में बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है तो राज्यों में स्थानीय कारीगरों, कलाकारों एवं हाथ से काम करने वाले लोगों को भी बड़ा व्यापार मिल रहा है।

#### प्रभु श्रीराम से जुड़ी सामग्री की मांग में इजाफा



भोपाल सराफा व्यापारी महासंघ के संगठन मंत्री नवनीत अग्रवाल के अनुसार अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, देश-प्रदेश राममय होते जा रहे हैं। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बाजारों में भी रामभक्ति का असर देखा जाने लगा है। प्रभु श्रीराम से जुड़ी सामग्री की मांग में जबरदस्त इजाफा हो रहा है। 22 तारीख को मध्यप्रदेश ही नहीं देशभर में या यह कहे कि विश्वभर में श्रीरामलला महोत्सव की धूम होगी, जयकारें गूंजेगें। जिससे व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी।

#### 22 जनवरी को दीपोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से



मिलन टेंट एंड केटरिंग के संचालक और समाजसेवी रामबाबू शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा देशभर संतों द्वारा 22 जनवरी को मध्यप्रदेश सहित देशभर में दीपोत्सव मनाए जाने को आह्वान किया गया है जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही है। जिससे मिट्टी के दिए, रंगोली बनाने के लिए रंग, फूलों की सजावट के लिए फूल तथा बाजारों एवं घरों में रोशनी के लिए बिजली के सामान को उपलब्ध कराने वाले वर्ग को भी बड़ा व्यापार मिलने की संभावना है।

#### होर्डिंग, पोस्टर, बैनर, पत्रक, स्टीकर बगैरह तैयार



झंडे, बैनर विक्रेता अजय अग्रवाल के अनुसार प्रचार सामग्री जिसमें सड़कों पर लगने वाले होर्डिंग, पोस्टर, बैनर, पत्रक, स्टीकर बगैरह तैयार किए जा रहे हैं। बात व्यापार की है तो बाजारों में श्रीरामजी से जुड़ी सामग्री का बाजार गर्म है। श्रीरामजी के झंडे, साहित्य, पूजन सामग्री, तस्वीरें मांग है तो सुबह प्रभात फेरी और रामकथा आयोजन की भव्य तैयारी होने जा रही है। सामान्यतः रामजी अंकित ध्वज बिकते हैं परंतु अभी मांग अधिक हो गई है और लगातार मांग बढ़ती जा रही है।

#### चांदी के श्रीराम दरबार मूर्ति की अच्छी मांग



सराफा व्यापारी संजीव गर्ग गांधी के अनुसार सराफा बाजार में चांदी की बनी श्रीराम दरबारमूर्ति की अच्छी मांग निकली है अतः सराफा के साथ-साथ सूक्ष्म,लघु और मध्यम व्यापारियों के साथ कुटीर उद्योगों को इस अवसर पर होने वाले व्यापार का लाभ मिलने वाला है। इसके साथ ही भजन मंडली, सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने वाले आयोजित होने वाले भंडरों से कार्य करने वाले श्रमिकों को, दीपक, बाती, तेल, घी का व्यापार, सजावटी झालरों की बिक्री करने वाले और श्रीराम पताखा, भगवान के वस्त्र बनाने वालों को रोजगार और खूब व्यापार मिलेगा।

#### व्यापार के बड़े अवसर



सुरभी ट्रेडर्स के शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर देशभर में श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर जिस अभियान को 1 जनवरी से चलाने की घोषणा की गई है और जो उत्साह देशभर के लोगों में दिख रहा हैए उसने देश के सभी राज्यों में व्यापार के बड़े अवसर दिखाई दे रहे हैं और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जनवरी के महीने में 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार होगा।

#### रोजगार के नए अवसर भी



मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के चेयरमैन सुनील जैन 501 ने कहाकि श्रीराम मंदिर का यह दिन देश में व्यापार के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है। बड़ी संख्या में कुर्ते, टी शर्ट एवं अन्य वस्त्र भी तैयार किए जा रहे हैं जिन पर श्री राम मंदिर के मॉडल की हाथ से कढ़ाई हो रही है या फिर छपाई हो रही है और खास बात यह है कि कुर्ते बनाने में खादी का उपयोग किया जा रहा है।

#### राम साहित्य की भारी मांग



व्यापारी हरीश चोइथानी के अनुसार शहर में रामायण, राम रक्षास्रोत, मनका रामायण 108, राम चालीसा आदि की मांग में एकाएक बहुत वृद्धि हो गई है। साथ ही हनुमान चालीसा की मांग ज्यादा ही है। गीताप्रेस गोरखपुर के आउटलेट पर भी रामजी से जुड़े साहित्य की मांग ज्यादा है। पूजा पाठ सामग्री की दुकानों पर भी रामजी से जुड़े साहित्य की मांग अधिक है। रामजी के चित्र, फोटो फ्रेम, अयोध्या में राममंदिर के चित्रों की बाजार में मांग है।

---

## बिजनेस न्यूज

### एसआरके यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ एंटी रैगिंग कार्यक्रम



भोपाल। एसआरके यूनिवर्सिटी में एंटी रैगिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। रैगिंग एक जघन्य अपराध है और इसे इस बढ़ते समाज द्वारा स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। रैगिंग लोगों को मानसिक आघात पहुंचा सकती है और एक छात्र के विकास में बाधा बन सकती है। ऐसे मामलों में लिप्त किसी भी व्यक्ति से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। एंटी-रैगिंग एक्ट के बाद रैगिंग काफी हद तक कम हो गई है, लेकिन हम इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकते कि यह अभी भी कुछ जगहों और विश्वविद्यालयों में प्रचलित है। एसआरके विश्वविद्यालय ने हमेशा सम्मान, दया, भाईचारे और सद्भाव की संस्कृति का पालन किया है। कार्यक्रम हमारे सम्मानित अतिथि डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल, डीसीआई सदस्य की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। डॉ. प्रियंका जयसवाल, सीईओ, एसआरके यूनिवर्सिटी, डॉ. एसएस पवार, रजिस्ट्रार, एसआरके यूनिवर्सिटी, डॉ. शिवानंद बागेवाड़ी, डीन आरकेडीएफ, डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, डॉ. प्रशांत पिल्लई, एचओडी, अन्य कर्मचारी, यूजी और पीजी छात्र हमारे मुख्य अतिथि को उनके बहुमूल्य समय और सशक्त शब्दों के लिए धन्यवाद।

### एलएनसीटीयू में सेप्सिस अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर लेमेन का आयोजन



भोपाल। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (आईएससीसीएम) मुंबई ने भोपाल शहर शाखा के सहयोग से एक अत्यधिक सफल सेप्सिस अवेयरनेस प्रोग्राम फॉर लेमेन का आयोजन किया। प्रतिष्ठित स्कूल ऑफ फार्मेसी, एलएनसीटीयू, भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में एलएनसीटीयू फार्मेसी कॉलेज के विभिन्न बैचों के लगभग 90 छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। सत्र की प्राथमिकता सेप्सिस के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने पर थी, जिसमें इस गंभीर चिकित्सा स्थिति की पहचान, रोकथाम और व्यापक अंतर्दृष्टि जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। आईएससीसीएम भोपाल शहर शाखा की सम्मानित कार्यकारी समिति के सदस्यों डॉ.श्रुति दुबे और डॉ.केके ठाकुर ने अपनी व्यापक विशेषज्ञता और ज्ञान को साझा करते हुए कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

### समदरिया मॉल, सिविक सेंटर जबलपुर में सिल्क फैब प्रदर्शनी



जबलपुर। राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम द्वारा सिल्क फैब विशिष्ट हथकरघा वस्त्रों एवं हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री का शुभारंभ होटल ग्रैंड समदरिया, समदरिया मॉल, सिविक सेंटर, जबलपुर हुआ। प्रदर्शनी 21 जनवरी 2024 तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी। दो दशकों से अधिक की अवधि में, यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम के माध्यम से विकास आयुक्त (हथकरघा), वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक ऐसी पहल है जिससे हथकरघा बुनकर, देश के विभिन्न शहरों में अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं को बिक्री कर सकते हैं। प्रदर्शनी में 9 राज्यों की 60 हथकरघा बुनकर एवं हस्तशिल्प कारीगर भाग ले रहें हैं।

### नवरचना यूनिवर्सिटी में 'खोज' विंटर स्कूल प्रदर्शनी

बड़ोदरा। नवरचना यूनिवर्सिटी की विंटर स्कूल प्रदर्शनी 'खोज' शुरु हो गई है। इस वर्ष की प्रदर्शनी में विभिन्न नए 29 प्रोजेक्ट्स शामिल है। यह प्रदर्शनी नवरचना यूनिवर्सिटी के अंतर्विषयक सामाजिक कार्यक्रम का एक हिस्सा है। इस प्रदर्शनी में 650 से अधिक छात्रों और प्रोफेसरों द्वारा शुरू किए गए 29 प्रोजेक्ट्स से संबंधित 140 से अधिक पैनल और मॉडल शामिल हैं। नवरचना यूनिवर्सिटी के वडोदरा परिसर में आयोजित खोज विंटर स्कूल-2023 प्रदर्शनी का उद्घाटन गिफ्ट सिटी के स्वतंत्र निदेशक और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रोफेसर चेतन वैद्य नेकिया। इस अवसर पर नवरचना यूनिवर्सिटी के प्रबंधन, शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे थे।

### जेएनवीयू और एसीसीए हुए एकजुट



जोधपुर। एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के साथ एक साझेदारी की औपचारिक घोषणा की, दोनों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एसीसीए में एज्युकेशनल पार्टनरशिप रिलेशंस के हेड प्रभांशु मित्तल और जेएनवीयू के रजिस्ट्रार गोमती शर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह साझेदारी अकाउंटेंसी के क्षेत्र में शैक्षिक अवसरों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सहयोग अकाउंटेंसी शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक समर्पण का प्रतीक है, जो शिक्षार्थियों के लिए व्यापक और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त क्वॉलिफिकेशन पाने की राह सुगम करता है। उभरते वित्त पेशेवरों के लिए प्रतिष्ठित वैश्विक पेशेवर लेखा निकाय एसीसीए और अपने शैक्षणिक कौशल के लिए प्रसिद्ध जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय ने हाथ मिलाया है।

---

#### ट्रांसपोर्टरों ने की मुख्यमंत्री से मांग

## अफवाह और भ्रांतियां फैलाने वालों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

*संगठन के पदाधिकारियों ने कहा - भ्रांतियां और अफवाहों के झांसे में नहीं आएं वाहन चालक*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट नई दिल्ली अमृतलाल मदान, विजय कालरा, हरीश डाबर, ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष सीएल मुकाती,भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, ट्रांसपोर्टर ठाकुरलाल राजपूत सहित अन्य ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि हिट एंड रन कानून पर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा स्पष्टीकरण देने के बाद भी राजनीतिक पार्टियों के कुछ नेता और गैर संगठन के देश विरोधी लोगों द्वारा ड्राइवरों को हड़ताल के लिए उकसाया जा रहा है और सोशल मीडिया पर अफवाह और भ्रांतियां फैलाई जा रही है अतः ऐसे देश विरोधी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए जो अफवाह और भ्रांतियां फैलाने में जुटे हुए हैं।

ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष सीएल मुकाती के अनुसार राजनीति और स्वार्थ की रोटी सेंकने के लिए सोशल मीडिया पर अफवाह और भ्रांतियां फैलाई जा रही है नया सड़क दुर्घटना कानून लागू हो गया है जो की लागू नहीं।

#### ट्रांसपोर्ट व्यापार और देश की अर्थव्यवस्था दोनों ही प्रभावित करने की हो रही कोशिश

वाहन चालकों को हड़ताल के लिए प्रेरित कर कई स्थानों पर चक्का जाम करवाया जा रहा है और सोशल मीडिया के माध्यम से वाहन चालकों को भ्रमित फैलाकर उन्हें उकसाने में लगे हैं और कह रहे हैं कि वाहन चालक का कोई नेता नहीं है सोशल मीडिया ही उनका नेता और संगठन है। अतः मध्यप्रदेश सहित देशभर के वाहन चालक (ड्राइवर) भाइयों के अनुरोध और अपील है कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही है भ्रांतियों और अफवाहों पर ध्यान नहीं दे और अपने अपने कार्य में जुटे और जुटे रहें। क्योंकि कि ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के साथ बैठकर विचार-विमर्श करेंगे केंद्र सरकार के ग्रह मंत्रालय द्वारा बीते दिनों एक पत्र जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय न्याय संहिता 2023 हिट एंड रन कानून अभी लागू नहीं हुआ है और जब भी से लागू या करेंगे या संशोधन करेंगे तो ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक जरूर करेंगे। ट्रांसपोर्टरों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि भ्रामक प्रचार-प्रसार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें, ताकि हमारा ट्रांसपोर्ट व्यापार और देश की अर्थव्यवस्था दोनों ही प्रभावित न हों।

### पंप इनोवेशन में शक्ति पम्पस को 10वां पेटेंट मिला

पीथमपुर। एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को अ सर्फेस हेलिकल पंप कंस्ट्रक्शन विथ कोलिनियर फ्लो के आविष्कार के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के लिए वैध है और यह शक्ति पम्पस का दसवां पेटेंट है। शक्ति पंप्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदारजी ने कहाकि मारे पंप की शानदार एफिशिएंसी बिजली की खपत को काफी कम करती है, जिससे आरओ इंडस्ट्री को सीधे लाभ होता है और उनका रेवेन्यु बढ़ता है। बिजली की खपत में यह कमी से कार्बन फुटप्रिंट घटाने में भी मदद मिलती है, जो पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

---


**-जाहिर सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) श्री शुभम सिंह तोमर एवं (2) श्री राकेश तोमर ने एक कृषि भूमि असिंचित एक फसली भूमि जो कि खसरा नं. 99, रकबा 0.150 हेक्टेयर/ ग्राम बोरदा पटवारी हल्का नं. 29/35 रा.नि.मं. 4 विकासखण्ड फंदा तहसील हुजूर/ कोलार जिला भोपाल नगर निगम सीमाओं के बाहर ग्राम पंचायत में मुख्य मार्ग से अंदर स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है :- दिशा पूर्व में - खसरा नंबर -106 की सरकारी भूमि, दिशा पश्चिम में- खसरा नंबर 98 रघुनाथ प्रसाद, प्रहलाद व चिरोंजी, दिशा उत्तर में- खसरा नंबर-103 की सरकारी भूमि , दक्षिण दिशा में-खसरा नंबर-107 की सरकारी भूमि के भू-स्वामी श्री सदरूद्दीन खां आ. श्री गुलाब खां निवासी-35, इनायतपुर, कोलार रोड, भोपाल म.प्र. है से मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त कृषि भूमि को क्रय किया जा रहा है, मेरे पक्षकारों ने उक्त भूमि को क्रय करने से पूर्व विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है तथा उसके अनुसार उक्त भूमि को क्रय कर उसके संबंध में विक्रय रजिस्ट्रर पत्र निष्पादित किया जावेगा। उक्त भूमि के संबंध में विक्रेता द्वारा मुझे अवगत कराया गया है कि उक्त भूमि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक हाउसिंग फाईनेंस संस्था, फर्म शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय मे रहन/बंधक/अनुबंधित नही है मेरे पक्षकार द्वारा इसी आशय से इस जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है कि यदि उक्त कृषि भूमि के विक्रय पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक हाउसिंग फाईनेंस संस्था, फर्म शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिन की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरे पक्षकार उक्त वर्णित कृषि भूमि का क्रय करने हेतु समस्त कार्यवाही कर रजिस्ट्रर विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा उसके पश्चात किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति मान्य नही होगी।

भवदीय राहुल मौर्या (अधिवक्ता)
म.नं.-72/110, क्वाटर्स गनेश नगर कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) मोबा. - 9074682550

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण संभाग क्रमांक-1**
**राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5 अरेरा कालोनी, भोपाल**
**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है:-

| स. क्र. | टेन्डर नं. | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय डाउनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_CPA_324506 | 103/SAC dt. 05.01.24 | प्रकाश तरण पुष्कर भोपाल में डाईविंग प्लेटफार्म | Rs. 53.42 | Rs. 53,420.00 | Rs. 10,000/- | 19.01.24 |
| 1 | 2024_CPA_324507 | 103/SAC dt. 05.01.24 | चिनार पार्क में टायलेट्स ब्लाक का उन्नयनीकार डस्टबिन पाथवे एंव लैण्डस्केपिंग का कार्य | Rs. 19.90 | Rs. 39,800.00 | Rs. 2,000/- | 19.01.24 |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलॉइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19.01.2024 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।

कार्यपालन यंत्री, निर्माण संभाग क्रमांक-1, राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382

जी-22774/23

**BHOPAL DEGREE COLLEGE OF LAW**
Affiliated to Barkatullah University Bhopal & Approved by BCI New Delhi
Applications are invited for following posts of the LLB & BA. LLB Departments for appointment under Code 28 of the University.

| S.No. | Post | No. of Posts | Subject Specialization |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal (Law) | 01 | a) LL.M with 55% Marks b) Ph.D in Relevant Subject c) 10 years of Teaching Experience |
| 2 | Asstt. Professor (Law) | 04 | a) LL.M with 55% Marks and Teaching Experiences b) Computer Knowledge |
| 3 | Asstt. Professor | 05 | PG with 55% Marks & Teaching Experiences in Sociology / Political Science / Economics / English / Hindi |

Qualification:-as per UGC & BCI norms. Candidates may send their resume photograph and one set of complete documents on Email ID: bdcbhopal@gmail.com
Office Add.:393,Ashok Vihar,(Ashoka Garden),Bhopal,M.P.-462023

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल

**स्वर्ण आभूषण नीलामी सूचना**

एतद्वारा द्वारा नीचे उल्लिखित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देयता का भुगतान करने में विफल रहे हैं। उधारकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी देयताएं और अन्य शुल्कों का भुगतान दिनांक 24.01.2024 को या उससे पहले कर देवें तथा गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को भुनाने का अनुरोध किया जाता है, ऐसा न करने पर बैंक द्वारा उक्त प्रतिभूतियों को बैंक के परिसर में दिनांक 25.01.2024 को दोपहर 1.00 बजे सार्वजनिक नीलामी द्वारा उधारकर्ताओं की कीमत पर बेचा जाएगा अथवा उसके पश्चात किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर बिना किसी सूचना के बैंक के पूर्ण विवेक पर बेचा जायेगा।

| क्र. | ऋण दिनांक | ऋण खाता संख्या | कुल वजन | शुद्ध वजन | न्यूनतम बिड राशि | ऋणी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टी.टी. नगर शाखा भोपाल | | | | | | |
| 1. | 07.05.2022 | 180074830704 | 10.800 gm | 8.090 gm | ₹ 61340/- | मनीष कुमार तिवारी ई-308, चिनार सिटी, भोपाल |
| 2. | 21.01.2021 | 77059510001716 | 12.250 gm | 10.00 gm | ₹ 69580/- | तोरण सिंह पाथरोड म.नं. 149, कोच फैक्ट्री रोड, द्वारका नगर,गली नं.1, भोपाल |
| एसएमई शाखा भोपाल | | | | | | |
| 3. | 19.02.2022 | 180056321590 | 32.530 gm | 26.010 gm | ₹ 1,17,780/- | स्वाति तिवारी पुत्री महेश प्रसाद तिवारी 115-ए, शुभालय परिसर, भोपाल |

दिनांक : 10.01.2024 प्रबंधक, केनरा बैंक

**न्यायालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम (मध्यप्रदेश)**
**सूचना पत्र**

अपराध क्रमांक :-37/2023 थाना सोहागपुर
पक्षकार का नाम :- मध्यप्रदेश शासन (आबकारी विभाग) .................. आवेदक
बनाम
1. कन्हैया अहिरवार पिता रामकिशन अहिरवार निवासी सिमारा थाना पिपरिया 2. सोनू पिता रघुवीर अहिरवार निवासी तला मोहल्ला सोहागपुर .................. अनावेदकगण
प्रति,
श्रीमती ज्योति अहिरवार पुत्री कैलाश अहिरवार निवासी वार्ड नंबर 06 सोहागपुर जिला नर्मदापुरम, एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम द्वारा थाना सोहागपुर के अपराध क्रमाक 37/2023 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम में जब्दशुदा वाहन मोहटर सायकल क्रमांक एम.पी.05-एनए-1408 63.00 बल्क लीटर शराब का अवैध रूप से परिवहन करते पाये जाने पर जब्त वाहन राजसात करने संबंधी प्रस्तुत प्रतिवेदन पर प्रकरण कलेक्टर न्यायालय नर्मदापुरम में प्रचलित है। उपरोक्त मामले की सुनवाई तारीख 15 जनवरी 2024 को शाम 4.00 बजे न्यायालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम में नियत की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः नियत तारीख को आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष समर्थन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तारीख को उपस्थित न होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसकी जवाबदेही आपकी होगी।
(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
आदेशानुसार संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम
जी-22758/23

**OFFICE OF THE COMMISSIONER, MUNICIPAL CORPORATION, GWALIOR**
Narayan Krishan Shejwalkar Bhawan, Near Taran Puskar, City Centre, Gwalior (M.P.)
Tel No. : 0751-2438300, 4080352, Fax No. : 0751-2438249
NIT No. 18/MPGMC/249/23x9/1/Water Supply/2024 Gwalior, Dated : 04.01.2024
जनसम्पर्क RO क्रमांक 12 **(Third Call) Notice Inviting Tender** दिनांक 08-01-2024
On behalf of Gwalior Municipal Corporation (GMC), Madhya Pradesh, online **Percentage Rate** bids are invited on website http://mptenders.gov.in from registered Contractors and Firms of repute, fulfilling eligibility criteria.

| Tender ID | Name of Works | Probable amount of Contract (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Category of Contractor | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_310135_3 dated 04.01.2024 | Installation of MS Panel Protection Boxes to make water supply from tube-wells and sump-wells in different wards of Gwalior Municipal Corporation. | 1233187.50 | 12332.00 | 2000.00 | Registered with Public Works Department of Madhya Pradesh | 365 days including rainy season. |

NIT with all details of works to be executed and provisions of contract can be viewed on website http://mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in. and bid Document can be purchased from 10:30 AM dated 05.01.2024 to 5:30 PM dated 19.01.2024.
(R.K. Shukla)
Executive Engineer, Gwalior Municipal Corporation

**कार्यालय, सेनानी, सातवीं वाहिनी, विसबल भोपाल (म.प्र.)**
क्रमांक-7वीं बटा/बिसबल/पेट्रोल पम्प/428/A दिनांक : 10.01.24
:: सूचना विज्ञप्ति ::
पुलिस पेट्रोल पम्प 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल में शासकीय/ अशासकीय वाहनों में पी.यू.सी. (प्रदूषण नियंत्रण) कार्य करने वाली अधिकृत फर्म/ संस्थाओं को मध्यप्रदेश भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के बिंदु क्रमांक 37 (i) एवं (ii) में निहित प्रावधान अनुसार निम्नांकित शर्तो के तहत पंजीबद्ध किया जायेगा :-
(अ) समान्य शर्ते : इच्छुक फर्म/संस्था को निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा :-
1. संस्था/फर्म पी.यू.सी. कार्य हेतु म.प्र. परिवहन विभाग म.प्र. शासन से अधिकृत होना अनिवार्य है।
2. पी.यू.सी. कार्य करने वाली संस्था/फर्म/व्यक्ति के पास संबंधित विषय में इंजीनियरिंग अथवा आई.टी.आई. धारक होना अनिवार्य है।
3. पी.यू.सी. कार्य करने वाली संस्था/फर्म/व्यक्ति के द्वारा उपयोग किये जाने वाले मशीन म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/संबंधित संस्था से प्रमाणित होना अनिवार्य है।
4. प्रोपराइटर का पेन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. संस्था/फर्म की स्थापना संबंधी अद्यतन दस्तावेज।
6. संस्था/फर्म का प्रोविडेन्ट फण्ड/ई.एस.आई.सी. लेवर लायसेंस।
7. फर्म/संस्था/प्रोपराईटर का अद्यतन ई-मेल, मोबाईल नं.।
8. विगत 02 वित्तीय वर्ष का आई.टी.आर.।
9. शासकीय/अशासकीय विभागों में किये गए कार्यो के अनुभव संबंधी दस्तावेज।
10. उपरोक्त कार्य करने वाली फर्म/ संस्था को पी.यू.सी. कार्य होने वाले व्यय का वहन स्वंय करना होगा।
11. इकाई में सूचीबद्ध होने वाली संस्था/ फर्म की वैधता 12 माह के लिये होगी। जिनके कार्यो के आधार पर आगामी समय में इकाई द्वारा वृद्धि की जा सकेगी।
12. सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल द्वारा किसी भी फर्म/संस्था/ प्रोपराईटर को पूर्णकालिक/ अंशकालिक स्वीकृत करने का अधिकार होगा।
13. उपरोक्त समस्त शर्तो में किसी प्रकार के संशय/विवाद की स्थिति में सेनाी 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
(ब) इच्छुक फर्म/ संस्था दिनॉक 12.01.2024 के समय 17.00 बजे तक उपरोक्तानुसार दस्तावेज पुलिस पेट्रोल पम्प 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल में जमा कर सकते है। दि. 13.01.2024 को समय 16.00 बजे इकाई की समिति फर्म/ संस्था द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज परीक्षण कर दस्तावेज में सफल फर्म/ संस्थाओं को इस इकाई में सूचीबद्ध की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
हेतु-सेनानी, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल
जी-22776/23

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्र.-08 यांत्रिकी विभाग**
**// निविदा आमंत्रण घोषणा - पत्र //**
क्र.-223/यां.वि./2024 भोपाल, दिनांक -09/01/2023
निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| S.No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_325127_1 | construction of c.c. road at purani sabri infront of block w-29 z-08 | 458588/- | 4586/- | 2000/- | 02 months | MPUADD ROAD SOR 2021 |
| 2 | 2024_UAD_325061_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN NEAR H.N. 305 BEHIND HANUMAN MANDIR RAHUL NAGAR W-29 Z-08 | 394498/- | 3945/- | 2000/- | 02 months | MPUADD Building SOR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30 A.M. (time) 10.01.2024 (date) to 17:30 P.M. (time) 24.01.2024 (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in Newspaper.
The initial period of 05 (five year after completion shall be treated as defect Liability period (DLP)

Assistant Engineer (CIVIL), ZONE-08
Municipal Corporation Bhopal, District Bhopal
नि.क्र. : 1384/023/024

चिंतन

# महाराष्ट्र की उठा पटक पर लगना चाहिए विराम

चुनाव आयोग के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर बाला साहेब के पुत्र उद्धव गुट को बड़ा झटका दिया है। अपने फैसले में उन्होंने शिवसेना प्रमुख के अधिकार पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना के 1999 के संविधान के मुताबिक असली शिवसेना का फैसला किया गया। उद्धव का नेतृत्व पार्टी के संविधान के मुताबिक नहीं है। एकनाथ शिंदे को पार्टी विधायक दल के नेता के पद से हटाने का हक उद्धव ठाकरे के पास नहीं था। शिंदे गुट की याचिका पर पहले सुनवाई करते हुए स्पीकर ने कहा कि कौन असली शिवसेना है? इसका फैसला शिवसेना के संविधान और व्हिप के आधार पर किया गया। इसी आधार पर ही अयोग्यता पर भी फैसला किया। शिवसेना के संविधान पर दोनों पक्षों पर भरोसा जताया है। स्पीकर के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। स्पीकर ने कहा कि ये साफ है कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चुनाव आयोग ने इसी गुट को असली शिवसेना माना है। याद करें महाराष्ट्र में करीब डेढ़ साल पहले शिवसेना में बगावत हुई थी, जिसके बाद शिवसेना के उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उनके गुट के 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसका फैसला विधानसभा स्पीकर पर छोड़ दिया था। पिछले साल चुनाव आयोग का फैसला भी एकनाथ शिंदे गुट के पक्ष में गया था। आयोग ने शिवसेना पार्टी का नाम और चुनाव निशान दोनों उसे ही आवंटित किया था। अब स्पीकर के फैसले के बाद शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार (भाजपा-शिवसेना और एनसीपी-अजित पवार गुट) की स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं उद्धव ठाकरे को धक्का लगा है और महा विकास अघाड़ी और इंडिया ब्लॉक में भी उनकी हैसियत घट जाएगी। वैसे भी स्पीकर के इस फैसले के बाद उद्धव गुट का सुप्रीम कोर्ट जाना तय नजर आ रहा है। क्योंकि आदित्य ठाकरे ने फैसले से पहले ही स्पीकर पर अविश्वास जता दिया था। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी गुट) सांसद संजय राउत ने पीएम मोदी के 12 जनवरी को होने वाले महाराष्ट्र दौरे पर सवाल उठाया था। इससे साफ है कि यह मुद्दा अभी खत्म नहीं होने वाला। अगले विधानसभा चुनाव के लिए अब महज कुछ ही माह शेष हैं, लेकिन प्रदेश की सियासत शांत होने का नाम ही नहीं ले रही। विस चुनाव के बाद पहले फडणवीस-अजित ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की शपथ ली। फिर एनसीपी, कांग्रेस, शिवसेना की सरकार बनी। डेढ़ साल पहले शिवसेना में टूट के बाद भाजपा, एकनाथ शिंदे ने सरकार का गठन किया और बाद में अजीत पंवार उपमुख्यमंत्री बन गए। प्रदेश में राजनीतिक उठा पटक का खमियाजा जनता ने भुगता। होना तो यह चाहिए कि स्पीकर के फैसले के बाद अब इस पर पूर्णविराम लग जाए, लेकिन अभी भी राहत के आसार नजर नहीं आ रहे।

# समंदर में ताकतवर होता भारत



समुद्री सुरक्षा
प्रभात कुमार राय

**उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का एलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है।**

सोमालिया के तट पर समुद्री लुटेरों ने लाइबेरिया के एक मालवाहक जहाज, एमवी लीला नॉरफॉक को इसके क्रू मेंबर्स के साथ बंधक बना लिया। इस दल में भारतीय मूल के भी 15 क्रू मेंबर्स शामिल थे। सूचना प्राप्त होने के तत्काल पश्चात ही भारतीय नौसेना ने त्वरित तौर पर जवाबी कार्रवाई अंजाम दी और सभी क्रू मेंबर्स को सकुशल बचा लिया गया और जहाज को भी सकुशल बचा लिया गया। भारतीय नौसेना का शुक्रिया अदा करते हुए सभी क्रू मेंबर्स ने भारत माता की जय के नारे भी बुलंद किए।

भारतीय नौसेना का यह नेवल ऑपरेशन शुक्रवार 5 जनवरी की रात्रि को संपूर्ण हुआ। इस तरह से अदन की खाड़ी में होने वाली समुद्री डकैती का भारतीय नौसेना ने मुंहतोड़ जवाब दे दिया। आईएनसी चेन्नई और उसके कमांडो दस्ते मार्कोस ने लाइबेरिया के मालवाहक जहाज को अगवा करने की कोशिश को नाकाम कर डाला। तलाशी के दौरान समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले। ऐसा माना जा रहा है कि नौसेना से डर कर यह लुटेरे जहाज छोड़कर एकदम फरार हो गए। इससे पहले भी लाइबेरिया के जहाज एमवी केम प्लूटो पर डकैतों ने हमला किया था। इस जहाज में 21 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार थे। उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का ऐलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है। भारत अमेरिका के नेतृत्व वाली यूनिट रेड सी टास्क फोर्स का हिस्सा नहीं है।

अरब सागर की सीमा यमन, ओमान, पाकिस्तान, ईरान, भारत और मालदीव को छूती है।अरब सागर तेल और प्राकृतिक गैस का भी बड़ा भंडार और इस क्षेत्र में ऊर्जा का अहम संसाधन भी है। अरब सागर में ईरान, भारत और अमेरिका के नौसैनिक ऑपरेशन चलते हैं और यहां उनके कई नौसैनिक अड्डे भी हैं। इसलिए क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अरब सागर भारत के लिए अहम समुद्री इलाका है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अफ्रीका और मध्यपूर्व के देशों से लेकर एशियाई देशों के श्रम बाजारों और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए अरब सागर में स्थिरता बेहद जरूरी है। भारत की अरब सागर में अपनी एक विशेषज्ञता है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। अरब सागर में भारतीय नौसेना को चुनौती देना आसान नहीं है। पिछले महीने भारतीय नौसेना ने अरब सागर में माल्टा के जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की पहल की थी। भारत के इस ऑपरेशन का



सामरिक महत्व यह है कि भारत ये दिखाना चाहता है कि उसकी नौसेना के पास ऐसी घटनाओं को रोकने की क्षमता है और दूसरी बात ये कि जो अंतरराष्ट्रीय शिप कंपनियां इस रूट पर कारोबार कर रही हैं, उनको भारत की जरूरत है और वे भारत की ताकत व क्षमता को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। पिछले कुछ समय में हिंद महासागर और अरब सागर से लगे कई छोटे देशों का चीन की ओर झुकाव बढ़ता दिखा है। भारत की ये कार्रवाई इन देशों के लिए एक संदेश है। भारत ने इस कार्रवाई के जरिये ये संदेश दिया है कि आप चाहे जो कहें लेकिन यहां के समुद्री रास्तों और संचार को वही नियंत्रित करता है। ये कार्रवाई भारतीय नौसेना की ताकत और क्षमता का भी सुबूत है। पिछले दस साल में भारत ने नौसेना और तटरक्षक बलों को मजबूत किया है।

सितंबर 2008 में हांगकांग से यूरोप जा रहे एक मालवाहक जहाज पर समुद्री डाकुओं ने आक्रमण किया था और उसको अगवा करके सोमालिया के तट पर ले जाया गया था। इस जहाज के चालक दल में भी 18 भारतीय क्रू मेंबर्स थे। यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जबकि भारत सरकार को यह गंभीर एहसास हुआ कि भारतीय नौसेना को समुद्री डकैतियों को रोकने की खातिर आवश्यक कदम उठाने का हुक्म दिया जाए। नवंबर 2008 के दौरान भारतीय नौसेना को संयुक्त राष्ट्र से समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए सोमालिया के समुद्र में प्रवेश करने की अनुमति मिल गई थी। अतः भारतीय नौसेना अक्टूबर 2008 से ही अदन की खाड़ी में समुद्र डकैतियां पर काबू रखने के लिए अपने युद्धपोतों को तैनात करती रही है। अरब सागर में भारत आ रहे जहाजों पर ऐसे वक्त में हमले किए जा रहे हैं, जब लाल सागर में यमन के हूती विद्रोही इसराइल और उसके सहयोगी देशों से संबद्ध जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

अदन की खाड़ी वस्तुतः व्यापारिक शिपिंग के लिए प्रमुख राजमार्ग रहा है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के देशों के तेल निर्यात के लिए जिसका तकरीबन 11 फीसदी पेट्रोलियम स्वेज नहर और अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है। भारत को सालाना 50 अरब डॉलर का आयात इस समुद्र मार्ग से प्राप्त होता है और इसी क्षेत्र से 60 अरब डॉलर का निर्यात भी होता है। वर्ष 2005 और 2012 के मध्य सोमालिया और अदन की खाड़ी के समुद्र में समुद्री डकैतियां प्रमुख तौर पर दनदनाती रहीं। पश्चिमी हिंद महासागर और अदन की खाड़ी में इन डकैतियों का दमन करने के लिए विशेष आचार संहिता को अपनाया गया। बहुराष्ट्रीय राष्ट्रीय नौ सेना गठबंधन के अधीन समुद्र में संयुक्त गश्त संचालित किए गए। भारत संयुक्त नेवल अभियानों का भी प्रमुख पर्यवेक्षक रहा है।

मलक्का जलडमरूमध्य मलेशिया सिंगापुर और इंडोनेशिया के मध्य स्थित है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गो में से एक रहा है, जहां से सालाना 65000 जहाज गुजरते हैं जो कि विश्व व्यापार का लगभग एक तिहाई और वैश्विक ऊर्जा पूर्ति का तकरीबन आधा हिस्सा तय करते हैं। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से भी जोड़ता है। यह समस्त इलाका समुद्री डकैतियों के लिए सबसे अधिक कुख्यात रहा। एशिया में जहाज़ों के खिलाफ समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौता 4 दिसंबर 2006 को इस क्षेत्र के लिए अनुबंध करने वाले 14 देशों द्वारा संपन्न किया गया था। इस क्षेत्रीय सहयोग समझौते में भारत भी एक महत्वपूर्ण सदस्य है। इसमें से समुद्री पायरेसी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए सूचना साझाकरण केंद्र भी शामिल है। एक दौर में इस इलाके में समुद्री डकैतियां चरम पर थीं। संयुक्त नेवल अभियान के परिणाम स्वरुप मलक्का जलडमरु मध्य क्षेत्र में समुद्री डकैतियों मे जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज सभी देश मिलकर समुद्री डकैतियों को रोकें।

*(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विचार
शुभ्रांशु चौधरी


# नया बजटः बस्तर पुनर्निर्माण आयोग की जरूरत

भारत में माओवादी आंदोलन के वर्तमान चरण के समापन का कार्य लगभग 80% पूरा हो गया है। इस समापन कार्य में सुरक्षा बलों की मुख्य भूमिका रही है जिनको स्थानीय लोगों का सहयोग मिला है। जैसा आप जानते हैं कि माओवादी आंदोलन का यह तीसरा दौर है। पहला चरण 1946 से 1951 तक चला था फिर दूसरा दौर 1967 से 1972 तक। अभी वाला सबसे लम्बा चलने वाला माओवादी आंदोलन है जो 1980 से शुरू हुआ था । किसी बीमार का जब ऑपरेशन होता है तो वह अक्सर चाकू छूरी से ही होता है पर ऑपरेशन के बाद रोगी फिर से स्वस्थ होकर खड़ा हो जाए इसके लिए पेनकिलर, एनेस्थीसिया, साफ़ सफ़ाई और सेवा-सुश्रुषा आदि की भी ज़रूरत होती है। छत्तीसगढ़ में 1980 से अब तक 44 सालों में लाखों लोग माओवादी आंदोलन के कारण पीड़ित हुए हैं, कुछ विस्थापित हुए, कई मारे गए, बहुत घायल हुए, हज़ारों जेल में रहे, कुछ यौन हिंसा के शिकार हुए आदि आदि अब इन सभी के दर्द को कम करने पर काम करने का भी समय है। एक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके अनुमान के अनुसार उनके ज़िले में 70% से अधिक पीड़ितों का सरकार के पास कोई रिकार्ड नहीं है। अधिकतर पीड़ित विभिन्न कारणों से पुलिस थाने में एफ़आईआर कराने नहीं आए या नहीं आ सके। बग़ैर एफ़आईआर के सरकार किसी को पीड़ित नहीं मानती। अब तक कोई सर्वे नहीं हुआ है कि कितने लोग अपना घर द्वार छोड़कर दूसरी जगहों पर रहने को मजबूर हुए हैं और अब भी बेहद तकलीफदेय ज़िंदगी जी रहे हैं। इन पीड़ितों की थोड़ी और मदद करना अब समाप्ति की ओर बढ़ रहे इस ऑपरेशन में पेनकिलर का काम कर सकता है। अब बस्तर के पुनर्निर्माण पर काम शुरू करने का भी समय है बहुत से लोगों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है पर उनमें से बहुत को सरकार ने जो पुनर्वास का वादा किया था वह अब तक पूरा नहीं मिला है। बहुत से लोग हिंसा छोड़कर फिर से हिंसा के रास्ते में नहीं जाना चाहते थे पर उन्हें नौकरी पुलिस में दी गई है धारा 370 के विलोपन पर अपनी राय देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में जम्मू और कश्मीर में सत्य और सुलह आयोग (ट्रुथ एंड रिकोंसिलिएशन कमीशन) स्थापित करने का सुझाव दिया है। ऐसा ही कुछ यहां भी करने की ज़रूरत है जैसा दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में भी किया गया था।

बस्तर में माओवादी आंदोलन के समापन के लिए कई प्रयोग हुए हैं. अगर हम चाहते हैं कि इस इलाक़े में माओवाद की समस्या फिर से उठकर ना खड़ी हो तो उनमें से एक इंदिरा गांधी के बस्तर डेवलपमेंट प्लान पर भी फिर से नज़र डालने की ज़रूरत है जो उन्होंने उनकी हत्या के ठीक पहले 1984 में बनवाया था पर किसी ने उनके बाद उस पर ध्यान नहीं दिया। बस्तर के कांकेर जेल में नक्सल क़ैदियों को काष्ठ शिल्प में ट्रेनिंग जैसे सफल प्रयोग हुए हैं। इन तरह के प्रयोगों को और आगे बढ़ाने और जेल से बाहर आने के बाद भी उनसे लगातार सम्पर्क में रहने की ज़रूरत है जो पुलिस अभियान के साथ-साथ अगर चले तो ये ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की तरह काम करेंगे विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए हाल में शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का उपयोग भी इस कार्य के लिए किया जाना चाहिए। माओवादियों का मुख्यालय आज भी अबूझमाड़ क्षेत्र है जो प्रदेश की एक प्रमुख विशेष पिछड़ी जनजाति ( पीवीटीजी) अबूझमाडिया का निवास क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों में वन अधिकार क़ानून के सामान्य प्रावधानों का बढ़िया उपयोग किया जा रहा है। पर इस समस्या के समाधान के लिए वन अधिकार क़ानून के एक विशेष प्रावधान हैबिटेट राइट या पर्यावास के अधिकार का उपयोग अबूझमाड़िया जैसे विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए अब तक नहीं किया गया है। वन अधिकार क़ानून के एक और विशेष प्रावधान वैकल्पिक भूमि का अधिकार (धारा 3.1.एम) का उपयोग छत्तीसगढ़ से हिंसा के कारण विस्थापित होकर आंध्रप्रदेश और तेलंगाना भाग कर गए जनजातियों के लिए किए जाने की ज़रूरत है जिसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य को पहल करने की ज़रूरत है।

बस्तर के हर गाँव में आज गौठान है। गाय चूँकि आदिवासी संस्कृति का हिस्सा नहीं है इसलिए बस्तर के अक्सर गौठान में कोई गाय दिखाई नहीं देती। नए बजट में बस्तर के गौठानों को माओवादी आंदोलन के दौरान उस गाँव से मारे गए लोगों की याद में शांति वन में बदलने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। इन शांति वनों में उस इलाक़े के सभी जड़ी बूटियों का संरक्षण कर उन्हें स्थानीय वैद्यों की मदद से स्थानीय युवाओं के रोज़गार के लिए प्रोसेसिंग यूनिट की तरह भी विकसित किया जा सकता है। स्थानीय गोंड जनजाति के लोग अपने गोत्र के पवित्र पेड़ को सुरक्षित रखने के लिए इन शांति वनों का उपयोग करें तो ये "सेक्रेड ग्रोव" (पवित्र उपवन) की तरह भी विकसित हो सकते हैं। मिलिटरी की भाषा में इसे साइकोलोजिकल ऑपरेशन (साई ऑप) कहते हैं। बस्तर पुनर्निर्माण आयोग यह संदेश देगा कि प्रदेश अब माओवादी समस्या के दौर से आगे बढ़ कर भविष्य का सोच रहा है।

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और न कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## सटाका




## आज की पाती

### मौसम की बेरुखी सबके लिए नुकसानदेह

आज से कुछ साल पहले शिमला और अन्य पहाड़ी इलाकों में जितनी बर्फबारी होती थी और दिसंबर के अंतिम दिनों में बारिश भी हुआ करती थी, उतना सब कुछ अब नहीं हो रहा है। देश के कुछ क्षेत्रों में आजकल बारिश और बर्फबारी न होने के कारण वहां मौसमी फसलों के लिए यह नुकसानदेह साबित हो रहा है। खास तौर पर कोहरे के कारण भी फसलों को हानि हो रही है। जिन राज्यों में कृषि पूरी तरह बारिश पर ही निर्भर है, वहां तो यह दिक्कत और भी बड़ी सिद्ध होती है। अब अक्सर यह भी देखा जा रहा है कि जब बारिश की जरूरत नहीं होती है, तब बेमौसमी बारिश होती है। मौसम की बेरुखी फसलों के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकती है।

*- प्रवीण भट्टाचार्य, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### दुनिया देख रही



दुनिया भारत को इस रूप में देखती है। स्थिरता महत्वपूर्ण, एक दोस्त जिस पर भरोसा किया जा सकता है। एक ऐसा भागीदार जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास रखता है। एक आवाज़ जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ठीक



बेल्जियम में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रणाली ठीक वैसी ही है जैसी इंडिया अलायंस ने चुनाव आयोग से मांग की है। स्मार्टमैट्रिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करने से चुनाव में मतदान करना कितना आसान है।

**-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता**

### हमें आगे बढ़ना होगा



अब हमें लक्षद्वीप के लिए विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी और हाई-एंड रिसॉर्ट्स विकसित करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा, लेकिन साथ ही द्वीपों के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए प्रबंधन भी करना होगा।

**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

### भावनाएं जरूरी



भारत के किसी गांव में छोटे बच्चे को हमारा राष्ट्रीय गान गाते देख कर ही किसी ने सच कहा है, शब्द नहीं, भावनाएं ज्यादा ज़रूरी होती है। मुझे ये वीडियो किसी ने भेजा। बच्चे का अता पता मिल जाए तो इसके जीवन भर की पढ़ाई का ज़िम्मा उठा सकते हैं।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर


### सईद पाक सरकार की हिरासत में सजा काट रहा



मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंक के वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 78 साल की सजा काट रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अद्यतन जानकारी में इस बात की पुष्टि की है। दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 'अल-कायदा प्रतिबंध समिति' ने सईद (73) को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। प्रतिबंध समिति ने संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर कहा, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित सात मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से वह (सईद) पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और 12 फरवरी 2020 से 78 साल की कैद की सजा काट रहा है। सईद वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता है और उसके प्रत्यर्पण के लिए भारत ने दिसंबर में पाकिस्तान से बातचीत की थी। 'सुरक्षा परिषद 1267 समिति' ने पिछले माह अपनी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची में लोगों और संस्थाओं की जब्त संपत्ति, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध से जुड़ी कुछ प्रविष्टियों में कई संशोधन किए थे।

## ऑफ बीट

### ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?



ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था - या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर दक्षिण भारत के कांतारा नृत्य ने मोहा मन

## कैबिनेट मंत्री प्रहलाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा भोज की नगरी भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर दक्षिण भारत के कांतारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिव चरण पटेल, नरेंद्र व्यास, ममलेश शर्मा के साथ भोजपाल महोत्सव मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नागर सहित मेला टीम ने दीप प्रज्वलित कर की।



## सात दिन और बढ़ा मेला, अब 14 जनवरी को होगा समापन

भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि भोपाल शहरवासियों और व्यापारी बंधुओं की मांग पर मेल समिति ने 7 दिन और मेला बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब मेले का समापन 14 जनवरी को भव्य आतिशबाजी के साथ किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि शहरवासियों और व्यापारियों का लगातार सुझाव आ रहा था कि मेले को एक सप्ताह और बढ़ाकर 14 जनवरी मकर संक्रांति तक किया जाए। ऐसे में शहरवासियों को दुकानदारों के सुझाव का स्वागत करते हुए मेले को एक सप्ताह और बढ़ाया गया है। इससे शहरवासियों को एक सप्ताह और घूमने फिरने, खरीदारी व मनोरंजन करने का मौका मिलेगा। महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में छोटे-बड़े करीब 500 विभिन्न सामग्री के स्टाल लगाए गए हैं।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मेला समिति सुनील शाह, महेंद्र नामदेव, मो. जाहिद खान, दीपक बैरागी, देवेंद्र चौकसे, शैलेंद्र सिंह जाट, मो. रेहान, मंत्री चंदन वर्मा, विनय सिंह, अखिलेश नागर, केश कुमार शाह, आफताब सिद्धकी, मधु भवनानी, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, सहमंत्री सुनील वैष्णव, वाहिद खान, संदीप सहित मेला समिति से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### केश शिल्पी बोर्ड के चेयरमैन का सम्मान

**मंडीदीप।** भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश के केश शिल्पी मंडल चेयरमैन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नंदकिशोर वर्मा के प्रथम नगर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल व भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वर्मा का शॉल श्रीफल से स्वागत किया। इस दौरान वर्मा ने कहा कि सर्वसमाज को जोड़ने में सेन समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। सामाजिक विकास के क्रम में ऐतिहासिक रूप से सेन समाज के लोगों ने अपने प्रति जो विश्वास अर्जित किया है।

### स्कूल के कमरे का किया भूमिपूजन



**भोपाल।** शहर के वार्ड 34 जहांगीराबाद गर्ल्स स्कूल में 16 लाख रुपए की लागत से कमरों का निर्माण किया जाएगा। महापौर मालती राय ने पार्षद पप्पू विलास और स्कूल की प्रधानाचार्य उषा खरे के साथ भूमिपूजन किया। महापौर मालती राय ने कहा कि इस स्कूल में शिक्षा उपकार की राशि से दो बड़े हाल का निर्माण करवाया जाएगा। पार्षद पप्पू विलास ने कहा कि इस क्षेत्र में गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। लंबे समय से स्कूल में ये डिमांड थी।

### श्रद्धा अध्यक्ष और राज को बनाया कॉलेज मंत्री

**मंडीदीप।** राजाभोज कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कॉलेज कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें श्रद्धा पांडेय को अध्यक्ष और राज प्रजापति को कॉलेज मंत्री बनाया गया है। इस अवसर पर जन भागीदारी समिति अध्यक्ष रामनिवास पाल ने परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह संगठन छात्रों से प्रारंभ होकर, छात्रों की समस्याओं के निवारण के लिए एक एकत्र छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार, छात्र शक्ति ही राष्ट्र शक्ति होती है। विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है।

### सिंगरौली के भाजपा विधायक का स्वागत

**बैरसिया।** रामनिवास शाह का मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा द्वारा सम्मान किया गया। रामनिवास शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि अब शुरू बात हो गई है, मध्य प्रदेश विधानसभा में भी साहू समाज का नेतृत्व करने वाला पहुंच चुका है और मैं विश्वास दिलाता हूं मैं हमेशा सामाजिक हित में कार्य करूंगा और सभी सामाजिक बंधुओं से निवेदन करता हूं कि सामाजिक एकता बनाए रखें। स्वागत करने वालों में मध्य प्रदेश तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष ताराचंद साहू, महामंत्री रमेश साहू बैरसिया, डॉ. हेमराज साहू, ओम प्रकाश साहू, शिवप्रसाद साहू, हरिशंकर साहू आदि उपस्थित थे।

## बिलखिरिया थाना क्षेत्र में सड़क पार करते समय हुआ हादसा

# आटा और सब्जी खरीदकर घर लौट रहे मजदूर को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित निजी कॉलेज के सामने मंगलवार रात अज्ञात ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के समय वह आटा और सब्जी खरीदकर घर जा रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



पुलिस के अनुसार लक्ष्मण आदिवासी पिता कूदू आदिवासी (25) बंडा, जिला सागर का था और रायसेन रोड स्थित निजी कॉलेज की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करता था। दो महीने पहले कॉलेज कैंपस में उसने शेड बनाया था और वहीं रह रहा था। मंगलवार की रात रात करीब 8 बजे वह घर से आटा और सब्जी लेने के लिए निकला था। सामान खरीदने के बाद वह घर लौट रहा था। तभी बायपास स्थित झागरिया पहाड़ी पर वाइन शॉप के सामने से सड़क पर पार कर रहा था, इसी दौरान आनंद नगर की तरफ से आ रहे अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण को एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## नकाबपोश बदमाशों ने चाकू से हमला कर मोबाइल और चार हजार लूटे

जीआरपी ने दर्ज किया मामला, भारत टॉकीज ओवर ब्रिज के नीचे मंगलवार तड़के हुई वारदात

**भोपाल।** भारत टॉकीज ओवर ब्रिज के पास मंगलवार तड़के स्टेशन जा रहे युवक को चार नकाबपोश बदमाशों ने भारत टॉकीज ओवर ब्रिज के नीचे रोक कर चाकू से हमला कर मोबाइल और 4 हजार रुपए की नगदी छीनकर भाग निकले। जीआरपी ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार आयुष जोशी (29) बरखेड़ी फाटक के पास रहता है। मंगलवार तड़के करीब पौने 5 बजे वह बरखेड़ी फाटक से रेलवे लाइन के किनारे वाले रास्ते से पैदल भोपाल स्टेशन जा रहा था। भारत टॉकीज ओवर ब्रिज के पास पहुंचते ही चार नकाबपोश बदमाशों ने आगे-पीछे से आकर उसे घेर लिया और मोबाइल समेत पर्स मांगने लगे। आयुश ने उनका विरोध किया तो पीछे खड़े दो युवकों ने उसे जमीन पर पटक दिया और आगे खड़े युवक ने चाकू से हमला कर दिया। आयुश के सिर और हाथ-पैर में चाकू के गहरे घांव लगे हैं। चाकू से हमला करने के बाद बदमाशों ने उसकी जेब से ओप्पो कंपनी का 16 हजार का मोबाइल और चार हजार रुपए नगदी निकालकर भाग निकले। घटना के बाद आयुश किसी तरह घर पहुंचा और परिजन को लेकर जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत की। आयुश की हालत गंभीर होने के कारण पुलिस ने उसे इलाज ही इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया, वहां से हमीदिया के लिए रैफर कर दिया है। हमीदिया अस्पताल पहुंचे जीआरपी अधिकारियों ने आयुश के बयान लेने के बाद अज्ञात चार बदमाशों के खिलाफ लूटपाट का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## जज की कार को मारी टक्कर, फिर ड्राइवर पर कार चढ़ाने किया प्रयास

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आरआरएल तिराहा पर तेज रफ्तार कार चालक ने जिला कोर्ट के जज बलराम यादव की कार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक ने जज के ड्राइवर से झूमाझटकी की और उस पर कार चढ़ाने का प्रयास भी किया। घटना के समय कार में जज भी मौजूद थे। पुलिस ने जज के ड्राइवर की शिकायत पर हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एसीपी रजनीश कश्यप ने बताया कि अशोका गार्डन निवासी 41 साल के ताहिर अंसार एडीजे बलराम यादव की कार चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आसपास एडीजे बलराम यादव को उनके घर से कोर्ट ले जा रहे थे। आरआरएल तिराहा के पास एक कार ड्राइवर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। ड्राइवर कार से उतरा तो कार सवार ने उससे गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ता देख एडीजे कार से उतरे और समझाने का प्रयास किया तो कार सवार व्यक्ति ने उनसे भी अभद्रता की। इतना ही नहीं ड्राइवर कार ले जाने लगा तो उनकी कार में कार सवार ने दूसरी बार जान बूझकर टक्कर मार दी। बीच सड़क पर विवाद और हंगामा करीब तीस मिनट तक चलता रहा। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो सका।

▲ पुलिस ने हत्या का प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में दर्ज की एफआईआर



## विकसित भारत संकल्प यात्रा समनापुर कलां पहुंची

# सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने पर एमएसडब्ल्यू की छात्रा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विकासखंड में विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सुचारू संचालन हो रहा है। इस दौरान उन प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया, जो समाज में एक अलग पहचान बनाते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत समनापुर कलां संबंधित आशा सहयोगिनी एवं आशा कार्यकर्ताओं का आयुष्मान भारत योजना में अच्छा कार्य करते हुए सब से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मानित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठयक्रम में एमएसडब्ल्यू का कोर्स कर रही छात्रा सादिया कादरी का विशेष योगदान रहा। यात्राओं में क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा भी सहभागी बन रहे हैं, साथ ही विकास गतिविधियों समुदाय से भी विकास में सहभागी बनने की अपील कर रहे हैं।

# टवेरा ने मारुति वेन को मारी सामने से टक्कर, दो घायल

पुलिस ने मामला दर्ज कर गाड़ी जब्त की

▶▶ टवेरा का चालक एक्सीडेंट करने के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नेशनल हाईवे पर एक टवेरा कार चालक ने मारुति वेन को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग घायल हो गए। घटना बुधवार सुबह 7 बजे की है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल हमीदिया रेफर कर दिया है। इधर, टवेरा का चालक एक्सीडेंट करने के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर केस दर्ज कर लिया है।

मंडीदीप थाना के नाइट ड्यूटी अधिकारी अमरसिंह निगम ने बताया कि सुबह एक तेज रफ्तार टवेरा वाहन एमपी 09 बीए 3213 रॉन्ग साइड से भोपाल से होशंगाबाद की ओर जा रही थी। सामने से आ रही मारुति वेन एमपी 04 बीए 4588 को टक्कर मार दी, जिससे खामखेड़ा निवासी सब्जी व्यापारी मारुति वैन चालक रामाशंकर राय (45) और साथ में बैठी मांगलिया बाई (50) घायल हो गए। वे सब्जी लेने मंडीदीप आ रहे थे। उन्हें हाथ पैर और पेट में अंदरुनी चोटें आई है। पुलिस की ओर से दोनों घायलों को मंडीदीप अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उन्हें भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



### माधव, मनोज की बढ़ी पैठ, भाजपा में चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र विजय के खेमे में माधव यादव, मनोज चौरसिया के बढ़ने से भाजपा में चर्चा गर्म है। वहीं कांग्रेस नेता अमर पेठारी इन दिनों सक्रिय दिख रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू और मजबूत हो रहे हैं।

आजकल रामेश्वर नागर और मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे की दोस्ती से हिरानिया के नेताओं में जोश आ गया है। व्यापार महासंघ के अशोक मित्तल, जगदीश चंदानी, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, रवि कमल, अशोक सेठी, प्रदीप अरोरा, सुदामा तिवारी, देवेंद्र सिंह राजू, हरीश नागरानी, अंकित अग्रवाल, राकेश तिवारी, विवेक मित्तल, रतन मेघानी, गिरीश चावला, राकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, श्याम मालवीय की चर्चा से व्यापार महासंघ मजबूत होने से चुनाव की मांग करने वाले शांत हैं।

## पूज्य सिंधी पंचायत ने स्थापना दिवस पर मरीजों को बांटे फल

# पंचायत ने 36 साल में सैकड़ों पारिवारिक विवाद निपटाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत का 36वां स्थापना दिवस पर सिविल अस्पताल में मरीज़ों को फल वितरण को फल वितरण के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम पंचायत कार्यालय में पदाधिकारियों की पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की। सिविल अस्पताल के मुख्य गेट पर जहां पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने 36 वर्षों की लम्बी अवधि में पंचायत की प्रगतिशील गतिविधियों से अवगत कराया तथा सैकड़ों पारिवारिक समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, महासचिव माधू चांदवानी के अलावा नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, मोहन मीरचंदानी आदि उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति पर पतंग उत्सव 14 को

**संतनगर।** भारतीय सिंधु सभा एवं रेडियो पार्टनर बिग एफएम द्वारा बड़े धूमधाम से मकर संक्राति उत्सव मनाया जाएगा। भारतीय सिंधु सभा द्वारा आयोजित होने वाला पतंग उत्सव (मकर संक्राति) का यह सातवां वर्ष है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारतीय सिंधु सभा द्वारा 14 जनवरी मकर संक्राति रविवार पर सुबह 11 बजे महावीर गिरी (मनुआभान टेकरी) लालघाटी पर पतंग उत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर संस्था के सभी सदस्य तैयारियों में लगे हुए है। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दक्षिण पश्चिम एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। बच्चों से लेकर बड़ों के लिए यहां सभी तरीके के मनोरंजन एवं खेल खिलाए जाएंगे, जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## 22 जनवरी को मंदिर में भजन-कीर्तन करने को कहा

# महिला मंडल गायत्री परिवार एवं भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने घर-घर जाकर वितरित किए पीले चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

महिला मंडल गायत्री परिवार एवं भाजपा मंडल महिला मोर्चा की सदस्यों ने घर-घर जाकर पीले चावल बांटे और निवेदन किया कि 22 जनवरी के दिन सुबह 11 से 1 बजे तक अपने मोहल्ले, कॉलोनी के मंदिर में आस पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन करें और टेलीविजन पर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज एवं सपरिवार देखें।

इस अवसर पर लक्ष्मी चौकसे, रश्मि दीक्षित, अनुराधा विजयवर्गीय, नमीता अग्रवाल, हेमलता चौरसिया, माया राय, मानसी मित्तल, सपना रैकवार, आरती यादव, रेखा कपूर, श्यामा सोनी, रेखा सोनी, शोभा तिवारी आदि उपस्थित रहीं।



### अयोध्या से आए राम भक्तों ने बांटा राम मंदिर का चित्र और पीले चावल



नगर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आए राम भक्तों ने घर-घर जाकर अयोध्या में बना श्री राम मंदिर का चित्र के साथ पीले चावल दिए और निवेदन किया कि 22 जनवरी को हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, राम रक्षा स्त्रोत आदि का सामूहिक पाठ करें। ऐसा वातावरण बनाएं की पूरा राममय हो जाए। इस अवसर पर बच्चन लोधी, द्विज चौरसिया, मनोज चौरसिया, पंकज सेन, दुर्गा सेन, पुरुषोत्तम शर्मा आदि उपस्थित थे।



### राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीता पदक

**मंडीदीप।** स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स अकादमी के कराते खिलाड़ियों द्वारा हरदा में आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को पदक प्रदान किया। जानकारी देते हुए अकादमी के सचिव जितेंद्र मैना तथा कराते कोच अमन पातरे ने बताया हरदा में आयोजित तीन दिवसीय कराते प्रतियोगिता में नगर के कराते खिलाड़ी राधिका को रजत तथा आठ खिलाड़ी लीला कहार, पूनम, दिलेश्वरी, शिवानी, शिवांगी, समर्थ, फूल सिंह, चंद्रमन को कांस्य पदक प्रदान किया। बुधवार को बास्केटबॉल मैदान पर अकादमी के संस्थापक जीवन सिंह पाल ने मेडल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष विनोद जैन, कोषाध्यक्ष विवेक संगोड़े, धर्मेंद्र गोस्वामी,अमित श्रीवास्तव, अरुण बागद्रे, अखिलेश सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी

# गुणगान: विदेशों में हिंदी भाषा का प्रशिक्षण विषय पर व्याख्यान

**सांची विवि में किया गया ऑनलाइन व्याख्यान**

## स्विटजरलैंड के लूजेन विवि के डॉ. निकोला का विशिष्ट व्याख्यान, संस्कृत विश्व की कई भाषाओं की जननी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस पर बुधवार को विदेशों में हिंदी भाषा का प्रशिक्षण विषय पर ऑनलाइन व्यख्यान आयोजित किया गया। स्विटजरलैंड के लूजेन विवि के दक्षिण एशियाई एवं स्लाविक विभाग के डॉ. निकोला पोजा ने मुख्य अतिथि के तौर पर अपने अनुभव साझा किए। सांची विवि के कुलपति प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्कृत भारतीय भाषाओं के अलावा विश्व की कई अन्य भाषाओं की जननी है। डॉ. निकोला पोजा ने अपना पूरा व्याख्यान हिंदी में देकर बताया यूरोप और दूसरे देशों में हिंदी भाषा के लिए कैसे प्रयास किए जा रहे हैं। भारत में जवाहरलाल नेहरू विवि में हिंदी विषय में ही पढ़ाई की है। उन्होंने दिल्ली में रहने के दौरान हासिल अनुभवों को साझा किया और इसे जोये और लूका की काल्पनिक कहानी के रूप में अभिव्यक्त किया।

### स्विटजरलैंड के विवि में हिंदी विभाग 1971 में ही स्थापित

डॉ. निकोला ने बताया कि स्विटजलैंड के लूजेन विवि में हिंदी विभाग 1971 में स्थापित किया गया था। जबकि संस्कृत भाषा का विभाग 1903 में ही यहां स्थापित किया जा चुका था। डॉ. पोजा ने कहा कि लूजेन विश्वविद्यालय में आधुनिक हिंदी भाषा के कवि निराला, अज्ञेय और अन्य को बेहद शौक से पढ़ा जाता है। डॉ. निकोला ने बताया कि हिंदी भाषा के विभिन्न विषयों पर यूरोप के अन्य देशों जैसे पोलैंड, रोमानिया, इटली के अलग-अलग विवि में गर्मियों में हर साल कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

## ट्रिपल आईटी में विश्व हिंदी दिवस मनाया



*भोपाल। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में बुधवार को विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि हिंदी एक भाषा से भी बढ़कर हमारी आदत है। हम इसी भाषा में अपना दैनिक जीवन व्यतीत करते हैं। यह भाषा हमारा जीवन है। हमें अपनी मातृ भाषा का उपयोग हर क्षेत्र में करना चाहिए। हम जिस भाषा का उपयोग करते हैं उसमें अपने उत्कृष्ट विचार व्यक्त कर सकते हैं। मात्र भाषा में विचार व्यक्त करने की स्वतंत्रता से हमें अच्छा टैलेंट प्राप्त होगा। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश वासियों को 'विश्व हिंदी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया में जारी संदेश में कहा कि विश्व में भारत का सशक्त प्रतिनिधित्व करने वाली हिंदी भाषा हमारी राष्ट्रीय एकता की प्रतीक है। उन्होंने हिंदी के सम्मान को अक्षुण्ण बनाए रखने और इसके प्रचार-प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संकल्प लेने के लिए प्रदेशवासियों को प्रेरित किया।



## खबर संक्षेप



### सनातन विरोधी पार्टियों के खिलाफ होगा संत शक्ति आंदोलन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सहित देश में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण और भगवान श्री रामलला की प्रतिमा प्रतिस्थापना की चर्चा जोरो पर है, लेकिन संत समाज सनातन विरोधी ताकतों से नाखुश है और इसलिए संत समाज एक संत शक्ति आंदोलन करने जा रहा है। साध्वी सरस्वती के नेतृत्व में बुधवार को संतों ने संत शक्ति आंदोलन की शुरुआत की। इस अवसर पर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती, साध्वी सरस्वती, स्वामी हरिहरानंद सरस्वती, महंत रामनाथ महाराज, गुफा मंदिर के महंत 1008 रामप्रवेश दास महाराज शामिल हुए। इस अवसर पर साध्वी सरस्वती ने कहा कि मुगल, अंग्रेजों ने धर्म व संस्कृति को नष्ट करने की पूरी कोशिश की है, पर अब दशकों बाद एक राजनैतिक पार्टी सनातन के लिए खड़ी हुई है।

### छात्राओं के लिए दो योजनाओं के लिए आवेदन शुरू

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर सुविधा शुरू कर दी गई है। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा आर के गोस्वामी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध विवि एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी।

### बाल लैंगिक असमानता और बाल हिंसा पर किया जागरूक



**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बुधवार को बाज हिंसा पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई, आवाज, आगाज अनादि सांईं शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में बाल लिंग आधारित हिंसा एवं बाल हिंसा समाप्त करने के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. हेमलता वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. वीपी.एस.गौर, डॉ. स्मिता वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगाज इंटर्नदेवयानी वराठे, अनुष्का चौरासिया एवं सौम्या चौधरी ने उक्त कार्यक्रम के विषय पर प्रस्तुति दी।

### संत गोकुलदास जी का जन्म समारोह आज

**भोपाल।** अन्न त्यागी संत गोकुलदास जी का जन्म उत्सव समारोह गुरुवार को मनाया जाएगा। श्री सुदर्शन बसोर समाज पंचायत समिति के तत्वावधान में समारोह का आयोजन ईदगाह हिल्स के प्रभु नगर स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में शाम 4 बजे से किया जाएगा।

## केसर व हल्दी का गर्म दूध और बादाम-काजू के साथ मैथी के लड्डू

# कोहरे और कड़ाके की सर्दी में भगवान के भोग में हुआ बदलाव

*भगवान को गर्म कपड़े धारण कराए और गर्भगृह में सिगड़ी रखी, गर्म वस्तु का भोग लगा रहे*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में इन दिनों शहर में कोहरा छा रहा है और दिन में कड़ाके की सर्दी का दौर चल रहा है। इसे देखते हुए शहर के मंदिरों में भगवान की सेवा में भी कई तरह के परिवर्तन किए गए हैं। सर्दी से बचाव के लिए भगवान को गर्म कपड़े तो धारण कराए ही जा रहे हैं, साथ ही गर्भगृह को गर्म रखने के लिए कहीं अलाव तो कहीं सिगड़ी जलाई जा रही है। साथ ही भगवान को लगने वाले भोग में भी परिवर्तन किया है। अब गर्म खाद्य पदार्थों और पेय का भोग लगाया जा रहा है।

### हल्दी के दूध का भोग

बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर में भगवान को गर्म कपड़े धारण कराए हैं और गर्भगृह में सिगड़ी रखी है। साथ ही गर्म वस्तुओं का भोग लगाया जा रहा है। पं. रामनारायण आचार्य ने बताया कि भगवान को मैथी, ड्राइफ्रूट के लड्डू, केसर, हल्दी का दूध का भोग लगा रहे हैं। माना जाता है कि जब मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होती है, तो प्रतिमा में प्राण आ जाते हैं। इसलिए हर मौसम के हिसाब से भगवान की सेवा की जाती है।

### सौंठ से निर्मित विशेष सामग्री का भोग

*लखेरापुरा के श्रीजी मंदिर में हर मौसम के हिसाब से मंदिर में प्रभु के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है। बसंत पंचमी तक भगवान किसी भी उत्सव के लिए गर्भगृह से बाहर नहीं निकलते हैं। साथ ही प्रभु को कोयले की सिगड़ी जलाई जा रही है। इन दिनों गुड़, तिल्ली, ड्राइफ्रूट और सौंठ से निर्मित विशेष सामग्री का भोग लगायाजा रहा है।*

### गर्भगृह में जलाए गए अलाव

शहर के अन्य मंदिरों में भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। बड़वाले महादेव मंदिर के गर्भगृह में इन दिनों अलाव जलाए जा रहे हैं। साथ ही गर्म सामग्री का भोग लगाया जा रहा है। इसी प्रकार शहर के अन्य मंदिरों में विशेष व्यवस्था की जा रही है।

### लोहड़ी पर्व और अलाव के लिए शहर के पांच स्थानों से मिलेगी गोकाष्ठ

भोपाल। हमारे जंगलों की कटाई ना हो और गऊ माता का भी संवर्धन हो कुछ इसी पुनीत सोच को लेकर गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ने विगत 6 वर्षों से राजधानी भोपाल के साथ समूचे देश में आमजन के बीच गोकाष्ठ को लेकर जनजागरूकता फैलाने का अनवरत प्रयास किया है और शहर के विश्राम घाटों, होलिका दहन में भी लगातार इसकी मांग बढ़ती जा रही है। गोकाष्ठ कमेटी के अध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि पंजाबी समाज के पर्व लोहड़ी में सिख समुदाय को सुगमता से गोकाष्ठ मिल सके, इसलिए शहर में गोकाष्ठ विक्रय के 5 सेंटर बनाए जा रहे हैं। यह सेंटर 12 और 13 जनवरी को रहेंगे।

गोकाष्ठ समिति के सचिव प्रमोद चुग ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधन और पंजाबी समाज के अध्यक्ष से इस पर्यावरण हितेषी मुहिम में सहयोग के लिए निवेदन किया था और उन्होंने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया है। गोकाष्ठ समिति के समन्वयक ममतेश शर्मा ने बताया कि इस समय शहर में बहुत ही सर्दी पड़ रही है आमजन जो अलाव जलाते हैं। उसमें गोकाष्ठ एक बेहतर विकल्प है। यह



पर्यावरण और गऊ माता दोनों का संरक्षण और संवर्धन करेगा। गोकाष्ठ विक्रय सेंटर। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, शिवाजी नगर। न्यू मार्केट और हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा। आनंद नगर और सी 21 मॉल स्थित शुभम नर्सरी। नानकपुरा गुरुद्वारा। गोकाष्ठ से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### ब्रह्म का ज्ञान कराने वाली भागवत पुराण

**भोपाल।** अरेरा कॉलोनी के 11 नंबर स्थित अवंतिका पार्क में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ देवी भागवत पुराण का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा जनता कॉलोनी के संकट मोचन हनुमान मंदिर से शुरु होकर कथा पंडाल पर संपन्न हुई। देवी भागवत पुराण के प्रथम दिन व्यास जी महाराज ने देवी भागवत पुराण के महत्व के बारे में बताया। एक बार नैमीशरण्य तीर्थ में ऋषि मुनि चर्चा करते हैं कि मोक्ष तो सभी पुराणों को सुनने से मिल जाता है। लेकिन ऐसा कोई वेद नहीं जो ब्रह्म का ज्ञान कराती हो, तभी एक संत कहते हैं कि सूत जी महाराज ही इसका उपाय बता सकते हैं। सभी ऋषि सूत जी को बुलाते हैं।

### श्रीराम कथा 14 से

**भोपाल।** अयोध्या धाम में मर्यादा पुरुषोत्तम रघुवंश शिरोमणि भगवान श्रीराम दरबार की स्थापना के उपलक्ष्य में सकल समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति एवं श्री हनुमान जी महाराज मंदिर समिति मायाधाम अवधपुरी भेल के तत्वावधान में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन 14 से 22 जनवरी तक किया जाना है।

### श्रीराम लला महोत्सव

**भोपाल।** पंचमुखी हनुमान दुर्गा मंदिर अयोध्यानगर में 18 से 22 जनवरी तक श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर में होंगे तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

*भोपाल। टीटी नगर स्थित मां वैष्णो धाम आदर्श नौ दुर्गा मंदिर में अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तीन दिन तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मंदिर के प्रमुख पंडित चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि समारोह के उपलक्ष में 20 तारीख को प्रातः भगवान राम दरबार का दूध दही पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। 21 को शाम को बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार होगा। 22 को भी आयोजन होगा।*



सुबह 8 .27 बजे से घने कोहरे के बीच 11 मील स्थित आर्किड इटरनेशनल (ज्ञानगंगा) स्कूल पहुंचते बच्चे।

## अधूरी राहत: कई स्कूलों ने बढ़ाया कक्षाओं का समय, कुछ अब भी नहीं माने, सुबह 8 बजे पहुंच रहे बच्चे

### सुबह 10 बजे से स्कूल शुरू करने के हैं आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए शासन-प्रशासन की ओर से सभी स्कूलों को 10 बजे से संचालित करने के स्पष्ट आदेश जारी किए हैं, लेकिन इस आदेश का अधूरा असर दूसरे दिन बुधवार से नजर आया। कई स्कूलों ने कक्षाओं का समय बदल दिया है, लेकिन कुछ स्कूल अब भी मनमानी कर रहे हैं। वहीं स्कूल बसें बच्चों को लेने के लिए सुबह 8 बजे पहुंच रही हैं।

बुधवार सुबह शहर के कुछ स्कूलों में पुराने समय पर ही कक्षाएं शुरू हुईं। भोपाल के 11 मील स्थित आर्किड इटरनेशनल (ज्ञानगंगा) स्कूल बुधवार को भी अपने पुराने समय पर ही खुला। यहां बच्चे सुबह 8.20 बजे से घने कोहरे के बीच पहुंचे। वहीं स्कूल की बसें भी अपने पुराने समय अनुसार ही चली और कड़ाके की ठंड में बच्चों को लेने के लिए सुबह 7.30 बजे से सोसाइटियों में पहुंचने लगी थी। वहीं सेंट रॉफेल स्कूल, एसपीएस सहित कुछ अन्य स्कूलों की बसें भी सुबह से ही सड़कों पर दौड़ती नजर आईं। ऐसे में जो राहत शासन-प्रशासन के आदेश से मिलने की उम्मीद थी, वह नहीं मिल रही है। देर रात आर्किड स्कूल ने समय बदलने की सूचना पालकों को दी है।

### आदेश का सख्ती से पालन हो

शासन-प्रशासन के आदेश को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी किसी से छिपी नहीं है। शासन के आदेश के बाद पहले दिन ही स्कूलों ने इसका पालन नहीं किया। दूसरे दिन अधिकतर स्कूलों ने समय में बदलाव किया है, लेकिन बड़ी बात यह है कि स्कूल बसें बच्चों के लिए सुबह 8 बजे पहुंच रहीं हैं। ऐसे में यह राहत अधूरी है, क्योंकि जिस ठंड से बच्चों को बचाना चाह रहे हैं, उसका सामना वह सुबह से ही करते हैं। शासन को चाहिए कि आदेश का सख्ती से पालन कराए और स्कूलों का निरीक्षण किया जाए।



**प्रबोध पंडया, महासचिव,** पालक महासंघ मप्र

## अवैध हिस्से की नपती में जुटा जिला प्रशासन, इधर डीपीओ ने किया किनारा

# छात्रावास की आड़ में संचालित हो रहे बाल गृह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के परवलिया स्थित आंचल बाल गृह के अवैध संचालन के बाद शहर के अन्य छात्रावास भी कटघरे में आ गए हैं। महिला बाल विकास विभाग के अफसरों का तर्क है कि शहर में जहां छात्रावास चल रहे हैं, वहां की जांच करना शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। बाल गृह के संबंध में पता चलने पर कार्रवाई की जाएगी। इधर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील सोलंकी ने अब तक नोटिस का जवाब नहीं दिया है, जिसमें आंचल बाल गृह के अवैध संचालन को लेकर संभाग कमिश्नर पवन शर्मा ने नोटिस जारी किया था। इधर अफसरों की लापरवाही का आलम यह है कि अब तक बाल गृहों की जांच करने टीमें नहीं निकलीं हैं। तीन स्तर पर चल रही जांच के मामले में गुरुवार को रिपोर्ट कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को पेश की जाएगी। बाल गृह के अवैध हिस्से की भी जिला प्रशासन की टीम नपती करा रही है। विदेशी फंडिंग के मामले में आंचल बालिका छात्रावास की ऑडिट रिकॉर्ड्स को खंगाला जा रहा है।

उसमें रहने वाले अन्य कर्मचारियों के बयानों को दर्ज किया जाएगा। अनिल मैथ्यु के अलावा अन्य किसी की भूमिका फिलहाल स्पष्ट नहीं हुई है। चिल्ड्रन होम का संचालन रेलवे चाइल्ड लाइन 1098 का संचालन करने वाली संस्था संजीवनी सर्विसेस सोसाइटी कर रही थी।

### आयोग ने लिखा पीएस को पत्र

*भोपाल। राजधानी में उजागर हुए अवैध आंचल बालगृह के मामले में मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मुख्य सचिव मप्र शासन को पत्र लिखा है। मामले में आयोग अध्यक्ष ने अनुशंसा की है कि चिल्ड्रन होम को संचालित करने वाली संजीवनी संस्था के संचालकों एवं पदाधिकारियों को भी आरोपी बनाया जाए। भोपाल जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को तत्काल निलंबित करने की कार्यवाही की जाए। जांच के लिए गठित जांच दल से जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला भोपाल को तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही उक्त संबंध में की गई जांच के प्रतिवेदन से आयोग को अवगत कराया जाए।*

## अब स्वास्थ्य केंद्रों में भी होगी डायबिटीज व हाइपरटेंशन के मरीजों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ एनसीडी कार्यक्रम से जुड़ेगा बीएमएचआरसी

राजधानी के भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) और इसके सभी आठ स्वास्थ्य केंद्र अब केंद्र सरकार के राष्ट्रीय गैर संचारी रोग कार्यक्रम (एनसीडी प्रोग्राम) से जुड़ेंगे। इससे बीएमएचआरसी और स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए आने वाले गैस पीड़ित व उनके आश्रितों में गैर संचारी रोगों जैसे डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर आदि की पहचान हो सकेगी और उनका एनसीडी प्रोग्राम के तय प्रोटोकॉल के अनुसार इलाज हो सकेगा। बुधवार को सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी व अन्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्स को इस बारे में जानकारी दी व एनसीडी पोर्टल में डेटा एंट्री करने के बारे में प्रशिक्षित किया। इस दौरान बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव, सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सक व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज हुरमाडे उपस्थित थे।

## बीएड थर्ड सेम के पेपर का समय बदला: 3 से 5 बजे तक होगी परीक्षा

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीएड थर्ड सेम के पेपर के समय में बदलाव किया है। पूर्व में बीएड थर्ड सेम के पेपर का समय दोपहर 2 से 4 बजे के बीच था, जो अब 3 से 5 बजे के बीच होगा। विवि प्रशासन के अनुसार बी.एड तृतीय सेमेस्टर का पेपर जो 12.01.2024 को होना है यह दोपहर 3 से 5 बजे तक होगा। बीयू प्रशासन ने कहा है कि सभी परीक्षा केन्द्राध्यक्ष संशोधित समय अनुसार परीक्षा आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें।

## पत्रकार दल ने विदिशा जिले के सौठिया कार्यक्रम में लिया हिस्सा, एम्स का भी किया दौरा

# मणिपुर के पत्रकार दल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भोपाल। मणिपुर से आए पत्रकार दल ने अपनी यात्रा के अंतिम दिन बुधवार को विदिशा जिले के सौठिया में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का भ्रमण किया। यहां पर पत्रकार दल का विधायक मुकेश टंडन और सीईओ जनपद पंचायत ने स्वागत किया। पत्रकार दल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। साथ ही पत्रकार दल ने कार्यक्रम के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में पत्रकार दल के कुछ पत्रकारों ने अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और जो लोग अभी तक योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें भी लाभ दिलाना है।

### सांची स्तूप का किया भ्रमण

पत्रकार दल ने प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सांची का भी भ्रमण किया और सांची स्तूप का अवलोकन किया। पत्रकार दल स्तूप को देखकर अभिभूत नजर आया और इसकी प्रशंसा की। गौरतलब है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर मणिपुर के पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल रविवार रात में भोपाल पहुंचा था। पहले दिन पत्रकार दल ने भोपाल में ही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का भ्रमण किया था। दूसरे दिन पत्रकार दल ने इंदौर के बायो सीएनजी प्लांट का दौरा किया था।



### एम्स में उपलब्ध सेवाओं की दी जानकारी

पत्रकार दल ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल का भ्रमण किया और वहां पर निदेशक अजय सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सिंह ने ओरल फिजियोथेरेपी डिवाइस के पेटेंट के बारे में बताया। सिंह ने एम्स में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं, पेडियाट्रिक ट्रॉमा और इमरजेंसी सेंटर की जानकारी दी। मुलाकात के दौरान ओरल फिजियोथेरेपी डिवाइस का इजाद करने वाले डॉ. अंशुल राय भी उपस्थित रहे। पत्रकार दल ने एम्स वार्डों का दौरा किया। पत्रकारों ने कैंसर के इलाज के लिए दी जाने वाली ट्रीटमेंट थेरेपी के कुछ मशीनों का भी अवलोकन किया। इस दौरान पत्रकार दल के साथ एम्स के जनसंपर्क अधिकारी केडी शुक्ला भी उपस्थित रहे।





## राजकोट में भी पतंगबाजी से चमका आसमान

गुजरात में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल का आगाज हो चुका है। राज्य के कई शहरों में पतंगबाजी चरम पर है। राजकोट में भी लोग पतंगों के उत्सव में भरपूर मजा ले रहे हैं।

# विदेशियों ने गरबा कर मचाया धमाल, पतंग महोत्सव में भी दिखे रामलला

## सूरत में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल

37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के

**सूरत।** गुजरात पर्यटन विभाग, नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा सूरत में सूर्यपुत्री तापी नदी के तट पर अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव अडाजण रिवरफ्रंट पर शुरू हुआ। इस पतंग महोत्सव में 37 अंतरराष्ट्रीय स्तर के, 14 महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक से और गुजरात से 39 सूरत के, 1 नवसारी से और 5 वडोदरा से और 2 भरूच से सहित कुल 97 पतंगबाजों ने भाग लिया। राम मंदिर को लेकर काफी उत्साह है। इस पतंग महोत्सव में भारत और राम मंदिर की तस्वीर वाली पतंग लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। इस पतंग उत्सव में रामधुन और जयश्री राम के गानों ने भी धूम मचाई। सुरतियों के साथ पतंगबाज भी इन गीतों पर झूमते रहे।

### अभी कई देशों की पतंगें भी आएंगी

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेने के लिए विदेश से आए विदेशी पतंगबाजों ने गरबा का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। इस पतंग महोत्सव में भाग लेने वाले देशों में फ्रांस, तुर्की, यूक्रेन, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड समेत कई देशों की पतंगें आएंगी। यह कार्यक्रम मकर संक्रांति तक चलेगा, जिसमें जाने माने पतंगबाज भी शिरकत करेंगे।

### इतने पतंगबाज

**14** महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक से
**39** सूरत के सबसे ज्यादा
**97** पतंगबाजों ने भाग लिया

सीएम भूपेंद्र पटेल ने किया था इसका उद्घाटन

## खबर संक्षेप

### पीएम कल नासिक में युवा महोत्सव शुरू करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के नासिक में राष्ट्रीय युवा उत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मोदी युवाओं को संबोधित भी करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा उत्सव का थीम है 'मेरा भारत-विकसित भारत एट द रेट 2047-युवाओं के द्वारा-युवाओं के लिए' है।

### भारत टेक्स 2024 का आयोजन अगले माह



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन के तत्वावधान में कपड़ा मंत्रालय (मिनस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल) 26 से 29 फरवरी को आयोजित होने वाले 'भारत टेक्स 2024' के तहत तकनीकी वस्त्रों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने हैकथॉन का आयोजित करेगा। मंत्रालय प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों को बताएगा।

### केंद्रीय मंत्री अजय को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें हत्या के मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बरी किए जाने के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया गया था। मामला 2000 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में प्रभात गुप्ता की हत्या से जुड़ा है। दो सदस्यीय पीठ ने फैसला दिया।

### प्रोफेसर की हथेली काटने वाला अरेस्ट



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के प्रोफेसर टीजे जोसेफ पर जानलेवा हमला मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच पूरी हो चुकी है। एनआईए का दावा है कि प्रोफेसर की हथेली काटने के मामले में 13 साल से फरार मुख्य आरोपी-सवाद को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी पर 10 लाख का इनाम भी रखा था।

### अब 1 दिन बिना बैग के स्कूल जाएंगे बच्चे



**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने स्कूली बच्चों पर बस्ते का बोझ हटाने का फैसला किया है। सरकार का मानना है कि बच्चे पर भारी बोझ से उनके समझने की क्षमता कम होती है। ऐसे में यह बोझ कम किया जाना चाहिए। राज्य के सभी स्कूलों में हर महीने 10 'बैग-मुक्त' दिन शुरू करने का फैसला किया है। यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बनाया गया है।

---

संजय राउत ने स्पीकर के फैसले को बताया भाजपा की साजिश

# स्पीकर के फैसले से शिंदे गुट में जश्न मिठाई बंटी, कहा-ये लोकतंत्र का 'दम'

## महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अयोग्यता संबंधी फैसला दिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना घोषित करने के बाद मुंबई में बालासाहेब भवन में शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। स्पीकर के फैसले पर महाराष्ट्र के मंत्री और शिंदे गुट के विधायक दीपक केसरकर ने कहा कि इस फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि फैसले की सच्चाई है कि पार्टी में भी लोकतंत्र होना चाहिए। उन्होंने इस फैसले को सही बताया। नार्वेकर ने कहा कि शिंदे गुट के 16 विधायकों की मान्यता बरकरार रहेगी। साथ ही अब एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी का फैसला सर्वमान्य

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि उद्धव ठाकरे के पास एकनाथ शिंदे को नेता पद से हटाने का अधिकार नहीं है, बल्कि एकनाथ शिंदे को हटाने का फैसला राष्ट्रीय कार्यकारिणी का होना चाहिए। स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी का फैसला सर्वमान्य होगा।



### असली पार्टी पर उद्धव की दलील खारिज

महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अपने फैसले में कहा कि असली पार्टी पर उद्धव ठाकरे की दलील खारिज कर दी गई है। बता दें कि स्पीकर के इस फैसले से उद्धव गुट को एक और बड़ा झटका लगा है।

अठावले ने फैसले को बताया सही

### फैसला कानून के अनुसार दिया गया



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने जो फैसला दिया है ये फैसला नियम और कानून के मुताबिक है। उन्होंने कहा कि दो तिहाई बहुमत के माध्यम से एकनाथ शिंदे के पास 37 विधायक हैं। इसलिए चुनाव आयोग ने भी शिंदे की शिवसेना को असली गुट माना।

उद्धव ने उठाए सवाल

### हमें अयोग्य क्यों नहीं ठहराया?



स्पीकर के फैसले से उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा है। स्पीकर ने 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए कहा कि शिंदे के पास 55 में से 37 विधायक हैं और उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। हालांकि इस दौरान स्पीकर ने किसी को भी अयोग्य करार नहीं दिया। इसको लेकर उद्धव ने स्पीकर नार्वेकर के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उद्धव ने कहा कि मैंने अपनी पहली प्रतिक्रिया कल ही दे दी है। मैंने कल ही कहा था कि लोकतंत्र की हत्या होगी।

राउत ने फैसले को बताया गलत

### शिवसेना खत्म नहीं होगी, हम शीर्ष कोर्ट जाएंगे और अपील करेंगे



महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना बताए जाने पर उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा कि यह भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा कि शिवसेना खत्म नहीं होगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। आज का फैसला कोई न्याय नहीं है, बल्कि एक षड़यंत्र है। हमारी लड़ाई न्यायालय में जारी रहेगी।

शिव सेना (यूबीटी) सांसद

### प्रियंका ने पीएम मोदी और शाह पर साधा निशाना



स्पीकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना करार दिए जाने पर शिव सेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इस फैसले पर मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं है। हमने सुना था वही होता है जो मंजूर-ए-खुदा होता है। वही होता है जो मंजूर-ए-नरेंद्र मोदी और अमित शाह होता है।

---

'वाइब्रेंट गुजरात' में बोलीं वित्त मंत्री

# पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी दुनिया की तीसरी ताकत होगी

- भारत बड़ी छलांग लगाने के करीब



एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

भारत 2027-28 तक पांच ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बात कही है। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान में 50 करोड़ से अधिक भारतीयों के पास बैंक खाते हैं, जबकि 2014 में यह संख्या 15 करोड़ थी।

वित्त मंत्री ने बताया है कि भारत को पिछले 8-9 साल में 595 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रुढ़िवादी अनुमानों के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। सीतारमण ने वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### 4 साल में बड़ी क्षमता बढ़ेगी

उन्होंने कहा कि संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे और हमारी जीडीपी उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर (पांच ट्रिलियन डॉलर) से अधिक हो जाएगी। एक रूढ़िवादी अनुमान है कि वर्ष 2047 तक हमारी अर्थव्यवस्था कम से कम 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी। इस समय भारत लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी उससे आगे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।

### 9 वर्षों में 595 अरब डॉलर विदेशी निवेश

वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 के दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत को वर्ष 2023 तक 23 वर्षों के दौरान 919 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस एफडीआई का 65 प्रतिशत यानी 595 अरब डॉलर मोदी सरकार के पिछले आठ-नौ वर्षों के कार्यकाल में आया है। उन्होंने वित्तीय समावेशन का जिक्र करते हुए कहा कि बैंक खाता रखने वाले लोगों की संख्या 50 करोड़ हो गई है जबकि 2014 में 15 करोड़ लोगों के पास ही बैंक खाते थे।

---

भाजपाध्यक्ष नड्डा पार्टी पदाधिकारियों से मिले

# एनडीए का लक्ष्य:12 लोकसभा सीटें जीतना

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

मिशन पूर्वोत्तर पर असम पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। मां का आशीर्वाद लेकर नड्डा कोइनाधोरा स्थित गेस्ट हाउस लौट आए। नड्डा तीन दिन के पूर्वोत्तर दौरे पर हैं। वे भाजपा की राज्य कार्यकारिणी बैठक और कोर समिति की बैठक में शामिल होंगे।

नड्डा मंगलवार रात 10 बजे गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा के राज्य नेतृत्व ने बोरझार हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। बुधवार शाम 6.30 बजे बशिष्ठा स्थित राज्य भाजपा मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में पार्टी की अहम बैठक में भी शामिल हुए।

### राज्य भाजपाध्यक्ष का ऐलान



#### पार्टियों ने लामबंदी शुरू की

लोकसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों ने लामबंदी शुरू कर दी है।असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता ने यहां 12 सीटों पर जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि राजग 14 में से कम से कम 12 सीटें जीतने का लक्ष्य बना रहा है।

#### हमारा लक्ष्य वोट प्रतिशत बढ़ाना

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य इस बार अपना वोट शेयर 10 प्रतिशत बढ़ाना है। पार्टी इस बार उम्मीदवारों की जीत का अंतर भी बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा, एजीपी और यूपीपीएल के बीच सीट बंटवारे को लेकर हम फरवरी में बैठक करेंगे।

# अनुराग ठाकुर ने व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि भारत अमृतकाल से स्वर्णकाल में प्रवेश कर रहा है और यह एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री ने ठाणे में '38वें रामभाऊ म्हालगी स्मृति व्याख्यानमाला' को संबोधित किया। ठाकुर के हवाले से कहा गया, हम सभी को एक साथ लाकर 'सबका साथ, सबका विश्वास' पर राम राज्य की स्थापना चाह रहे।

# उत्तर भारत को आज से मिलेगी शीतलहर से राहत



### मौसम विभाग का पूर्वानुमान

*नई दिल्ली। घना कोहरा, शीतलहर और लो विजिबिलिटी ने पूरे उत्तर भारत को परेशान कर रखा है। 4-5 दिन से दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में सर्दी का सितम जारी है। दिल्ली में तो कई दिनों से सूर्य देव के दर्शन भी लोगों को नसीब नहीं हुए। उत्तर भारत के कई राज्यों में कोल्ड-डे की स्थिति है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से उत्तर पश्चिम भारत में कोल्ड डे से गंभीर कोल्ड डे की स्थिति कम होने वाली है।*

---

कांग्रेस और आप में सीट बंटवारा

# दोनों में नहीं बनी बात, आज फैसले पर फिर टिकी निगाहें

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस और आप के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। लेकिन अब तक की बैठकों में पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है।

दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बताया कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर दूसरी मीटिंग होने वाली है। यह मीटिंग गुरुवार को होगी। दोनों पार्टियां भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव में एक साथ लड़ेंगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सीट बंटवारे को लेकर दोनों पार्टियों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई थी।

### इसके पहले कोई चर्चा नहीं की

उन्होंने बताया कि दिल्ली में सीट बंटवारे को लेकर पहली बैठक में दोनों पार्टियों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई। साथ ही उस मीडिया रिपोर्ट को भी गलत बताया, जिसमें से दिल्ली की सात लोकसभा सीटों से आप ने कांग्रेस को तीन सीटें देने की पेशकश की है। इसके पहले भी सीट बंटवारे पर बातचीत की गई थी, लेकिन दिल्ली और पंजाब के मामले में कोई बात नहीं बन पाई थी। पंजाब में आप अकेले ही चुनाव लड़ने का संकेत दे चुकी थी।

आईआईएमसी के 55वें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद बोले

# सावधान रहें 'डीपफेक' पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती

## फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें पत्रकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि 'डीपफेक', फेक न्यूज और गलत सूचनाएं पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती है। आज कोई भी जान-बूझकर गलत सूचना फैलाने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों से पढ़ाई करने वाले पत्रकार फेक न्यूज के प्रसार के खिलाफ लड़ाई लड़ें। इस अवसर पर आईआईएमसी के चेयरमैन आर जगन्नाथन, महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर, अपर महानिदेशक आदि थे।

### 65 विद्यार्थियों को किया सम्मानित




भारत मंडपम में आयोजित दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021-22 और 2022-23 बैच के विद्यार्थियों आईआईएमसी दिल्ली और क्षेत्रीय केंद्रों ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, कोट्टायम और जम्मू) को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके अलावा, दोनों बैचों के 65 विद्यार्थियों को भी अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

**भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान**

कोविंद ने कहा कि जनसंचार के शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आईआईएमसी की पहचान 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के तौर पर है। भारतीय पत्रकारिता में यहां के विद्यार्थियों का अहम योगदान है। दुनिया की जरूरतों के हिसाब से आईआईएमसी अपने विद्यार्थियों को तैयार करता है। इसके लिए संस्थान के सभी प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

### नागरिकों को मिले सही जानकारी और तकनीक का दुरुपयोग न हो

कोविंद ने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने कॅरियर की शुरुआत एक पत्रकार और मीडिया प्रोफेशनल के रूप में उस दौर में कर रहे हैं, जब तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। इसलिए हम सभी को नई तकनीकों के संभावित दुरुपयोग से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। आज पूरा देश और समाज फर्जी खबरों, गलत सूचनाओं, भ्रामक जानकारी और डीपफेक जैसी समस्याओं से जूझ रहा है।

# 'भगवा रंग' में रंगेगा फ्रांस का एफिल टॉवर

## पोस्टर-बैनर से सुशोभित होगा 'टॉवर'

'विश्व कल्याण यज्ञ'

**पेरिस।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले 21 जनवरी को फ्रांस की राजधानी और 'प्रेम का शहर' नाम से प्रसिद्ध पेरिस में 'राम रथ यात्रा' सुबह 10.30 बजे ला चैपल में गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना और 'विश्व कल्याण यज्ञ' के साथ शुरू होगी। जो विभिन्न स्थलों से होकर प्लेस डी ट्रोकैडेरो स्थित प्रतिष्ठित 'एफिल टॉवर' पर दोपहर 3 बजे समाप्त होगी। एफिल टॉवर पर पूजा-अर्चना और आरती होगी। भगवान राम के विशाल पोस्टर और बैनर एफिल टॉवर के आसपास के क्षेत्रों को सुशोभित करेगा। पोस्टर और बैनर का ऑर्डर दिया गया है। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और भगवान राम के गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।





### इसलिए दुनिया में है मशहूर टॉवर

- 324 मीटर ऊंचा
- 1063 फीट में ऊंचाई
- 1889 में निर्माण
- 10100 टन वजनी
- 780 रूपए एंट्री फीस
- सीन नदी पर बना टॉवर

1. अयोध्या से 7,000 किमी दूर पेरिस भी राम के रंग में रंगने को तैयार
2. पेरिस में भी गूंजेगा जय श्री राम, प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले रथ यात्रा
3. भगवान श्रीराम की 'प्राण प्रतिष्ठा' का काउंटडाउन शुरू
4. पेरिस को व्यापक रूप से प्रेम के शहर के रूप में जाना जाता है

## खबर संक्षेप

### परेड में पहली बार दिखेगा 'सी 130 जे विमान'



**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी की परेड में एक विशाल विमान भी दिखेगा। इस विमान का नाम सी 130 जे सुपर हरक्यूलिस है। इसे इसी सप्ताह रात को कारगिल एडवांस लर्निंग ग्राउंड पर उतारा गया था। पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा पर 10,500 फुट की ऊंचाई पर इसे उतारा गया। ये रणनीतिक तौर पर बहुत अहम है। विमान पर गरुड़ कमांडर थे। ये विमान चीन से लगे दौलत बेग ओल्डी एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर भी उतारा जा चुका है। ये बहुत छोटे रनवे पर उतर सकता है।

### पाक से अंजू 10 दिन में वापस आना चाहती थी...



**इस्लामाबाद।** अंजू ने पड़ोसी देश के बारे में कई नई बातें कही हैं। अंजू का कहना है कि वो पाकिस्तान में करीब 5 महीने रुकीं जरूर, लेकिन ये उनकी प्लानिंग का हिस्सा नहीं था। अंजू एक महीने का वीजा लेकर पाक नसरुल्ला से मिलने गई थीं और वह एक से दो हफ्ते में वापस आ जाना चाहती थीं। उनका वहां जाकर नसरुल्ला से शादी का भी इरादा नहीं था। मीडिया में इतना हल्ला मच गया कि एक अजीब सा माहौल खड़ा हो गया। इससे मैं प्रेशर में आ गई थी, जिसके कारण और रुकी रही।

काम के घंटे कम करने पर अड़े

## जर्मनी में... ट्रेन स्ट्राइक लाखों लोग हो रहे परेशान



एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी में अचानक हुई ट्रेन स्ट्राइक से लाखों लोग परेशान हैं। जर्मनी के ट्रेन ड्राइवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ ने काम के घंटों और वेतन को लेकर राज्य के स्वामित्व वाले मुख्य रेलवे ऑपरेटर के साथ विवाद के बाद बुधवार सुबह 3 दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। ट्रेनों के न चलने से रेलवे स्टेशनों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। देश भर में और कई शहरों में ट्रेन यात्रा लगभग ठप हो गई है।

यात्री बस या कार यात्रा या फ्लाइट से लेकर लंबी दूरी के लिए ट्रेन के दूसरे विकल्प खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राज्य के स्वामित्व वाली डॉयचे बान ने कहा कि लंबी दूरी की केवल 20% ट्रेनें चल रही थीं। बर्लिन में कम्यूटर ट्रेनें भी परिचालन में नहीं थीं। मालगाड़ियों को लेकर जीडीएल यूनियन की हड़ताल मंगलवार शाम से शुरू हो गई।

### इन मांगों को लेकर हड़ताल की गई

वेतन वृद्धि के अलावा, केंद्रीय मुद्दा यूनियन की मांग है कि वेतन कटौती के बिना शिफ्ट श्रमिकों के घंटों को प्रति सप्ताह 38 से घटाकर 35 घंटे किया जाए, जिस मांग पर नियोक्ता अब तक अड़े हुए हैं। जीडीएल का तर्क है कि यह रेलवे के लिए काम को और अधिक आकर्षक बना देगा और नई भर्तियों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जबकि डॉयचे बान का कहना है कि मांग व्यावहारिक रूप से पूरी नहीं की जा सकती है। जर्मनी के परिवहन मंत्री वोल्कर विसिंग ने कहा कि मैं दोनों पक्षों से बातचीत पर लौटने का आग्रह करता हूं।

### किसान भी हड़ताल पर

ट्रेन चालकों की हड़ताल के साथ ही वहां किसानों की भी हड़ताल चल रही है, जो सोमवार से देश के कुछ हिस्सों में शहर की सड़कों और राजमार्ग पहुंच मार्गों को अवरुद्ध कर रहे हैं। उन्होंने कृषि में इस्तेमाल होने वाले डीजल पर टैक्स छूट खत्म करने की सरकारी योजना के विरोध में अपने ट्रैक्टरों से यातायात बाधित कर दिया है और इससे जर्मनी में यातायात की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

मांग- विदेश मंत्री को संसद में तलब किया जाए, सरकार मांगे माफी

# भारत विरोधी बयान पर मालदीव में दो फाड़, मोदी के पक्ष में सांसद नसीम

एजेंसी ▶▶ माले

पीएम मोदी के खिलाफ मालदीव के नेताओं के जरिए विवादित बयान के बाद से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। मालदीव में विपक्षी नेता लगातार इस मुद्दे पर मालदीव पर सरकार पर हमलावर हैं।

- विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीति में आया भूचाल
- विपक्षी नेता मोदी विरोधी मुद्दे पर मालदीव सरकार पर हमलावर

मोहम्मद मुइज्जू सरकार के मंत्री के जरिए पीएम मोदी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के बाद मालदीव की राजनीतिक भूचाल आ चुका है।

मालदीव के विपक्षी नेताओं ने भारत के साथ बिगड़ते रिश्तों के लिए मोहम्मद मुइज्जू सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, बुधवार को मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद मिकाइल अहमद नसीम ने देश के संसद अध्यक्ष से इस मामले पर विदेश मंत्री को संसद में तलब करने का आग्रह किया है।



- फैयाज इस्माइल बोले खराब हो रही है मालदीव की प्रतिष्ठा
- भारत से बिगड़ते रिश्तों के लिए मुइज्जू जिम्मेदार

### बांग्लादेश की दो टूकः चीन की गोदी में नहीं खेलेंगे



*ढाका। पिछले पांच दिनों से चल रहे भारत और मालदीव के बीच भी विवाद में अब बांग्लादेश भी कूद पड़ा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. एके अब्दुल मोमन ने कहा है कि बांग्लादेश चीन के आगे ऐसे नहीं टूटेगा, जैसे मालदीव टूट गया है। उन्होंने कहा कि हमारी आजादी के लिए भारत ने अपना खून बहाया है। भारत, हमेशा से सबसे बड़ा मददगार रहा है, इसीलिए हमारे भारत के साथ कभी भी रिश्ते खराब नहीं होंगे। बांग्लादेश में चीन का बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं है। चीन एक डेवलपमेंटल पार्टनर है ।*

### संसद में हो पूछताछ

सांसद मिकाइल अहमद नसीम ने कहा कि पीएम मोदी और भारत के खिलाफ की गई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टिप्पणियों पर पूछताछ के लिए मैंने संसद अध्यक्ष से विदेश मंत्री को संसद में तलब करने की गुजारिश की है। मिकाइल अहमद नसीम का कहना है कि इस मामले पर संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। सरकार औपचारिक माफी जारी करे।

### फैयाज की सलाह

मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष फैयाज इस्माइल ने कहा कि नेताओं की टिप्पणी से मालदीव की प्रतिष्ठा खराब हो रही है। मालदीव सरकार को भारत सहित पूरी दुनिया को यह बताना चाहिए कि पीएम मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने वाले नेताओं ने अपने विचार प्रकट किए। इन टिप्पणियों से मालदीव सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।

### नेताओं के बिगड़े बोल

मालदीव की सूचना और कला उप मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव के सदस्य जाहिद रमीज ने लक्षद्वीप पर तंज कसते हुए कहा था, भारत हमसे कंपटीशन करना चाहता है। वे हमारी जितनी व्यवस्था कैसे दे पाएंगे। वे इतने साफ-सफाई कैसे रख पाएंगे?

रक्षा, सुरक्षा और औद्योगिक सहयोग पर वार्ता

## राजनाथ ने लंदन के मंदिर में पूजा की

**लंदन।** भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), सेवा मुख्यालय, रक्षा विभाग और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ तीन दिवसीय यात्रा पर लंदन में हैं। वहां रक्षामंत्री सिंह व्हाइटहॉल में हॉर्स गार्ड्स परेड में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। वहां अपने समकक्ष दोनों नेताओं की बीच रक्षा, सुरक्षा पर चर्चा की।



- मध्य लंदन में 20वीं सदी के स्मारक में राष्ट्रपिता गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की
- स्वामीनारायण मंदिर को ब्रिटेन का पहला सच्चा हिंदू मंदिर माना जाता है
- 2002 में भारत के रक्षा मंत्री ने पहली बार ब्रिटेन की यात्रा की थी

सीनेट में राष्ट्रपति बाइडेन ने फिर भेजा प्रस्ताव

## भारतीय मूल के डॉ. मूर्ति डब्ल्यूएचओ में शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल के डॉक्टर को अमेरिका का प्रतिनिधि चुना है। बाइडेन ने यूएस सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति को विश्व स्वास्थ्य संगठन के बोर्ड में प्रतिनिधि बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने 8 जनवरी को व्हाइट हाउस की तरफ से सीनेट में प्रस्ताव भेजा गया। बता दें कि डॉ.विवेक दूसरी बार अमेरिका के प्रतिनिधि बनकर डब्ल्यूएचओ के कार्यकारी बोर्ड में शामिल होंगे। उनका परिवार भारत के कर्नाटक राज्य का रहने वाला है। वे 45 साल पहले इंग्लैंड चले गए थे।

### 14 महीने से लंबित

46 साल के चिकित्सक डॉ. विवेक मूर्ति का नाम दोबारा भेजा गया है। उन्हें सहमति का इंतजार बीते लगभग 14 महीने से हो रहा है। प्रस्ताव अक्टूबर 2022 से ही सीनेट में लंबित है। व्हाइट हाउस ने बताया कि डॉ. मूर्ति भारतीय मूल के पहले अमेरिकी सर्जन जनरल हैं। उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की है। मार्च 2021 में सीनेट ने देश के 21वें सर्जन जनरल के रूप में डॉ. विवेक के नाम को मंजूरी दी थी। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति ओबामा के कार्यकाल में सेवाएं दी थीं।



### डॉक्टर के अलावा और भी रूपों में हैं लोकप्रिय

मियामी में पले-बढ़े डॉ. विवेक ने डॉक्टरी की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मेडिसिन से जबकि प्रबंधन की पढ़ाई येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से की। उनकी पहचान शोध करने वाले वैज्ञानिक, उद्यमी और लेखक के रूप में भी है। डॉ. विवेक की टीम में 6000 स्वास्थ्य अधिकारी हैं। डॉ. विवेक अमेरिका की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा- यूएस हेल्थ सर्विस के कमीशन्ड कोर में वाइस एडमिरल का पदभार भी संभालते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कायम रखी सजा

## मरने के एक साल बाद भी मुशर्रफ को सजा-ए- मौत

मुशर्रफ की लंबी बीमारी से पिछले साल 5 फरवरी को हो गई थी मौत

### राजद्रोह का मामला



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिवंगत पूर्व सैनिक तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ की राजद्रोह के मामले में 2019 में एक विशेष अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा। 1999 में कारगिल जंग के सूत्रधार और पाक के अंतिम सैन्य शासक मुशर्रफ की लंबी बीमारी के बाद पिछले साल 5 फरवरी को दुबई में मौत हो गई थी। वह 2016 से स्व-निर्वासन में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे। 17 दिसंबर, 2019 को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के कार्यकाल के दौरान उनके नवंबर 2007 में आपातकाल लागू करने के फैसले को लागू करने के लिए उनके खिलाफ उच्च राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद एक विशेष अदालत ने पूर्व सैनिक शासक मुशर्रफ को मौत की सजा सुनाई थी।

### कोर्ट ने याचिका पर सुनाया फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व शासक को दी गई मौत की सजा के खिलाफ दायर अपील पर सुरक्षित फैसला सुनाया, जिसे पालन न करने पर अप्रभावी घोषित कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति की अपील को खारिज करते हुए टिप्पणी की कि परवेज मुशर्रफ के उत्तराधिकारियों ने कई नोटिसों पर भी मामले का पालन नहीं किया।

### फैसले से मुशर्रफ का परिवार अनजान

परवेज मुशर्रफ के वकील सलमान सफदर ने कहा कि अदालत द्वारा अपील पर सुनवाई करने का फैसला करने के बाद उन्होंने मुशर्रफ के परिवार से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन परिवार ने कभी उन्हें जवाब नहीं दिया। अदालत ने लाहौर हाई कोर्ट के फैसले को भी अमान्य और शून्य घोषित कर दिया, जिसने विशेष अदालत द्वारा मौत की सजा को निलंबित कर दिया था।

केंद्र सरकार की स्वर्णिम चतुर्भुज महत्वाकांक्षी योजना, प्लान पर जल्द अमल


# 6 हजार किमी के इलेक्ट्रिक हाईवे पर दौड़ेंगे इलेक्ट्रिक वाहन, जुड़ेंगे कई शहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में ईवी-रेडी हाईवे बनेगा। भारत सरकार गोल्डन क्वाड्रिलेटरल पर इलेक्ट्रिक वाहन-सक्षम हाईवे का निर्माण करने की योजना बना रही है। इससे ईंधन की खपत और वाहनों के उत्सर्जन को कम किया जा सके। सरकार का लक्ष्य अगले 7 वर्षों में 6 हजार किमी तक ऐसे राजमार्गों का विकास करना है। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा। ये हाईवे ग्रीन एनर्जी स्रोतों द्वारा संचालित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस होंगे।

### खास बातें

- 8 लाख डीजल बसें ईवी में बदली जाएंगी
- 2030 तक योजना होगी साकार
- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई को जोड़ेगा हाईवे



### पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा होगा नाम

*विजन 2030 पीएम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा के नाम से जाना जाने वाला यह प्रयास इलेक्ट्रिक बसों के शुभारंभ के साथ ही होगा। ईवी-सक्षम हाईवे और इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती के अलावा, सरकार ने 2030 तक 8 लाख पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदलने के लिए हितधारकों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। इसमें 2 लाख इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।*

### जर्मनी में 109 किमी का ई-हाईवे

इलेक्ट्रिक हाईवे ऊपर लगी इलेक्ट्रिक लाइनों के जरिए चलते वाहनों को बिजली की आपूर्ति करके एक ऊर्जा-कुशल समाधान हैं। इस समय, जर्मनी के बर्लिन में दुनिया का सबसे लंबा ई-हाईवे है, जो 109 किमी का है और सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए चालू है।

### भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क

स्वर्णिम चतुर्भुज भारत का सबसे लंबा राजमार्ग नेटवर्क है। जो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के चार प्रमुख शहरों को जोड़ता है। ई-राजमार्गों के निर्माण से कॉप- 28 निर्देशों के अनुरूप लॉजिस्टिक लागत कम करने और उत्सर्जन को रोकने के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### राशिद भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर

**मोहाली।** अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में अपने 'ट्रंप कार्ड' राशिद खान के बिना ही खेलेगी लेकिन कप्तान इब्राहिम जदरान को टीम से अपने मजबूत प्रारूप में अच्छे प्रदर्शन उम्मीद है। वनडे विश्व कप के बाद नवंबर में राशिद ने पीठ की सर्जरी कराई थी, उन्हें टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह 'रिहैबिलिटेशन' के कारण तीनों मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। जदरान ने कहा, 'वह पूरी तरह से फिट नहीं है। वह 'रिहैबिलिटेशन' कर रहा है। हमें श्रृंखला में उसकी कमी खलेगी।'

### गोल नहीं गंवाने का श्रेय महेश को मिले



**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम ने 2023 में नौ मैचों में विरोधी टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया और स्टार सेंटर बैक संदेश झिंगन ने डिफेंडरों की सफलता का श्रेय टीम के सहायक कोच और पूर्व गोलकीपर महेश गवली को दिया। झिंगन ने कहा, 'महेश भाई अपने खेलने के दिनों से दिग्गज रहे हैं और अब हमें उनके अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल को बहुत कुछ दिया है। जब विरोधी टीम को गोल नहीं गंवाने के लिए हमारी तारीफ होती है तो इसका श्रेय उन्हें भी दिया जाना चाहिए।'

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच होंगे एडम्स




**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आंद्रे एडम्स को 12 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए टीम का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। एडम्स पांच मैचों की श्रृंखला के लिए मुख्य कोच गैरी स्टीड की टीम का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल है। एडम्स 2023 में महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तेज गेंदबाजी कोच रहे थे।

### पेगुला की एडीलेड में शानदार जीत



**एडीलेड।** दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही बर्नार्डा पेरा को 4-6, 6-2, 6-3 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पेरा को क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की 'लकी लूजर' के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह मिली थी। उन्होंने पहले दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पाउला बाडोसा को हराया था। अब उनका सामना अनास्तासिया पी से होगा जिसने क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-3, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर एलेक्स बोल्ट को 6-3, 6-2 से हराया। वहीं मेलबर्न में चल रहे कूयोंग क्लासिक नुमाइशी टूर्नामेंट में यानिक सिनेर ने मार्क पोलमैंस को 6-4, 6-0 से मात दी।

### हरमनप्रीत से कोई शत्रुता नहीं : हीली



**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच शत्रुता पनपने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वे कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। टेस्ट मैच के दौरान हरमनप्रीत ने बल्लेबाजी के दौरान हताशा में एलिसा की तरफ गेंद फेंकी। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई।

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग अगले दौर में, प्रणय पहले दौर में हारे

एजेंसी ▸▸ कुआलालंपुर

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शुरुआत जीत से करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में हार गए।

सात्विक और चिराग की दूसरे नंबर की युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी ओर मौलाना बगास की जोड़ी को 44 मिनट में 21-18, 21-19 से पराजित किया। दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने पिछले साल भारतीय जोड़ी को थाईलैंड ओपन और चाइना ओपन में दो बार पराजित किया था।



### 2023 में जीते चार खिताब

*सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पिछले साल शानदार फॉर्म में थी जिसमें उन्होंने हांगझोउ एशियाड, इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब, कोरिया ओपन सुपर 500 खिताब और स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता था जिससे उन्होंने थोड़े समय के लिए करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की थी।*

### 43 मिनट में हारे प्रणय

*विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज प्रणय को अपने एक रैंकिंग स्थान नीचे काबिज खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 43 मिनट में 14-21, 11-21 से हार मिली। पिछले चरण में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे सात्विक और चिराग की जोड़ी अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर ड्रा में आगे तक पहुंचना चाहेगी।*



### दो सेट में मिली जीत

भारतीय जोड़ी ने ताकतवर स्मैश से पहले गेम में दबदबा बनाते हुए 8-4 से बढ़त हासिल की और फिर इसे अपने नाम करने तक पिछड़े नहीं। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ज्यादातर समय पिछड़ती रही लेकिन एक बार 19-19 की बराबरी के बाद उन्होंने अंत के दो अंक अपने खाते में डालकर जीत हासिल की।

### प्रणय ने किया निराश

प्रणय का भी पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में कांस्य पदक जीतने के अलावा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब भी जीता था। लेकिन सत्र के शुरुआती मैच में वह अपने प्रतिद्वंद्वी की तेजी के साथ बराबरी नहीं कर सके। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ करेंगे।

**क्रिकेट : टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया के पास बचे सिर्फ तीन मैच**

# रोहित करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी सीरीज के पहले टी20 से हटे कोहली

एजेंसी ▸▸ मोहाली

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच में गुरुवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी क्योंकि विराट कोहली 'निजी कारणों' से इस मुकाबले से हट गए हैं। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं। रोहित और कोहली दोनों इस श्रृंखला के साथ 14 महीने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित युवा यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे।



### मैच को लेकर बना रोमांच

दूसरी ओर रोहित दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान :** इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब , राशिद खान।



### रोहित-गिल करेंगे ओपनिंग

पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी। यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं लेकिन पारी की शुरुआत रोहित के साथ शुभमन गिल ही करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिए तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी।

# कुलदीप ने मौके को भुनाया चहल को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▸▸ गक्बेरहा



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि युजवेंद्र चहल अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाई के स्पिनरों में से है लेकिन कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के चलते उन्हें अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा। ताहिर का मानना है कि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप मौकों को भुनाने में कामयाब रहे हैं।

चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी उनका चयन मुश्किल है। ताहिर ने बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि युजी को खराब फॉर्म के कारण बाहर किया गया है। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा था लेकिन कुलदीप जबर्दस्त फॉर्म में है और उसने रविंद्र जडेजा के साथ गेंदबाजी में अच्छा तालमेल बना लिया है। मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनरों में से है और उसे अपनी बारी का इंतजार करना होगा। उसके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ी के शानदार फॉर्म के कारण। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि वह वापसी करेगा।'

# अंडर-19 विश्व कप के मैच अधिकारियों में दो भारतीय



एजेंसी ▸▸ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आगामी अंडर-19 पुरुष विश्व कप के लिए बुधवार को मैच अधिकारियों की घोषणा की जिसमें भारत के दो प्रतिनिधि अंपायर केएनए पद्मनाभन और मैच रैफरी नारायणन कुट्टी भी शामिल हैं। अंडर-19 विश्व कप 19 जनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के कुल 41 मैच के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रैफरियों को चुना गया है।

शुरुआती ग्रुप चरण मैच के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि कर दी गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले ईस्ट लंदन मैच में भारत के पद्मनाभन के साथ बोंगानी जेले भी मैदानी अंपायर होंगे। भारत के कुट्टी मैच के रैफरी होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के फिल गिलेस्पी टीवी अंपायर और जिम्बाब्वे के फोर्सस्टर मुतिजवा चौथे अंपायर होंगे।

# नैन्सी ने स्वर्ण और इलावेनिल ने क्वालीफायर में जीता रजत पदक

एजेंसी ▸▸ जकार्ता

उभरती हुई निशानेबाज नैन्सी और ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान ने बुधवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। जूनियर विश्व टीम की चैंपियन नैन्सी ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 252.8 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं हमवतन इलावेनिल मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं, उन्होंने 252.7 अंक से रजत पदक जीता। भारत मामूली अंतर से महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में क्लीन स्वीप से भी चूक गया।



मेहुली घोष 210 अंक से चीन की शेन युफान से पीछे चौथे स्थान स्थान पर रहीं। वहीं भारत के विश्व चैंपियन निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में 228.7 अंक से कांस्य पदक जीता। इसमें चीन के मा सिहान (251.4) ने स्वर्ण और कोरिया के दाएहान चो ने रजत पदक हासिल किया। फाइनल में पहुंचे एक अन्य भारतीय अर्जुन बबुता छठे स्थान पर रहे।

### तदर्थ समिति के गठन को चुनौती देगा डब्लूएफआई



**प्रयागराज।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने देश में कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर बुधवार को यहां कहा कि डब्लूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। यहां एक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार वो (खेल मंत्रालय) ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते।' डब्लूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर चले विवादों पर उन्होंने कहा, 'कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे हतोत्साहित हैं। दूसरे पक्ष ने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए क्या नहीं किया।'

### भारत-अफ्रीका बने संयुक्त चैंपियन...



**जोहानिसबर्ग।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए बुधवार को यहां होने वाला त्रिकोणीय अंडर-19 एकदिवसीय टूर्नामेंट का फाइनल बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मैच अधिकारियों ने निर्धारित कट ऑफ समय तक इंतजार किया और कम से कम 20 ओवर के मुकाबले की संभावना को नहीं देखते हुए मैच रद्द कर दिया।

**22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होगा चार देशों का टूर्नामेंट**

# भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।

टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथ में ही होगी जबकि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी पहली बार सीनियर स्तर पर खेलेंगे।



गोलकीपिंग में पवन को कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के साथ मौका दिया गया है। पिछले टूर्नामेंट से ब्रेक पर रहे अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने इस दौरे के बारे में कहा, 'ओलंपिक सत्र की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित है जहां हमें बेहतरीन टीमों से खेलने का मौका मिलेगा।

हमने बड़ी टीम चुनी है ताकि सभी खिलाड़ियों को मौका मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। दो जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं जिन पर नजरें रहेंगी।'

### 22 को भारत का पहला मैच

भारतीय टीम 22 और 24 जनवरी को फ्रांस से (दोपहर 2.30 से), 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से (रात 9. 30 से) और 28 जनवरी को नीदरलैंड से (दोपहर दो बजे से) खेलेगी।

**भारतीय टीम :** गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, कृशन पाठक और पवन।

**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरूण कुमार, सुमित, संजय, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम

**मिडफील्डर :** विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह

**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी।

# ग्रीन की आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

कैमरन ग्रीन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में जगह दी गई है चूंकि चयनकर्ताओं ने डेविड वॉर्नर की जगह विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने का फैसला नहीं किया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को 13 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। इसमें बल्लेबाजी क्रम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इसकी पुष्टि की कि हरफनमौला ग्रीन टीम में होंगे। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट को हाल ही में अलविदा कह चुके हैं।



आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'हमने ऐसी टीम चुनी है जिसमें देश के छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।' ऐसी अटकलें हैं कि स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर उतर सकते हैं और ग्रीन मध्यक्रम में रहेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट 17 जनवरी से एडीलेड में होगा।

**टेस्ट टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कारी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, मैट रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क।

**वनडे टीम :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबोट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, एडम जाम्पा।

**10 लाख में से 208 का चयन 20 को ही स्टेट में जगह**

## राज्य स्तरीय वर्ड पॉवर चैंपियनशिप आज से सीहोर में

**भोपाल।** प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में सत्र 2023-24 में अध्ययनरत कक्षा 2 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए इंग्लिश ओलिंपियाड (वर्ड पॉवर चैंपियनशिप) का आयोजन किया जा रहा है। ओलिंपियाड में राज्य स्तर की परीक्षा 11 और 12 जनवरी गुरुवार और शुक्रवार को सीहोर जिले में आयोजित किया गया है।

प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के करीब एक लाख शिक्षकों ने करीब 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों को संकुल सतर की परीक्षा में शामिल करवाया था, जिसमे सेमी फाइनल राउंड के लिए 208 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये सभी विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए सीहोर पहुंच रहे हैं। 11 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में इन चयनित 208 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों राज्य स्तरीय फाइनल राउंड के लिए चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड और पुरस्कार वितरण का आयोजन 12 जनवरी को किया जाएगा।

### राज्य स्तर पर होंगे चार राउंड

उल्लेखनीय है कि वर्ड पॉवर चैंपियनशिप के लिए देशभर के अलग-अलग राज्यों से 2 लाख शिक्षकों के 16 लाख से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया है। मध्यप्रदेश में राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में 4 राउंड होंगे। जिसमें मुख्यतः रीडिंग, स्पेलिंग और शब्दकोश पर आधारित परीक्षा ली जाएगी।

कयाकिंग केनोइंग पैरा चैंपियन प्राची यादव ने हरिभूमि से खास चर्चा में बताया

# 'कभी अपाहिज होने का मेरे पिता को ताना देते थे रिश्तेदार, वे ही अब मुझे अपने घर बुलाते हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कयाकिंग केनोइंग पैरा चैंपियन प्राची यादव को गत दिवस राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया। कयाकिंग केनोइंग में यह पहला अर्जुन अवार्ड है, जो मप्र के ग्वालियर के बहोड़ापुर में रहने वाली प्राची यादव को मिला है। अपनी इस उपलब्धि पर प्राची ने हरिभूमि से खास बातचीत की। जो रिश्तेदार मेरे दिव्यांग होने पर मेरे पिता पर ताना कसते थे, अब वे ही ससम्मान मुझे अपने घर बुलाते हैं। प्राची ने बताया कि उनकी मां का अल्प आयु (7 वर्ष) में ही निधन हो गया था और मेरे भी जन्म से ही पैर काम नहीं करते थे, इसलिए रिश्तेदार मेरे पिता से कहते थे कि तुम्हारी बड़ी बेटी जिसकी दोनों टांगें हैं, उसकी शादी तो हो नहीं पा रही तो इस लंगड़ी से कौन शादी करेगा।

### एथलीट मनीष से 2020 में किया प्रेम विवाह

प्राची ने बताया कि उन्होंने 2020 में मनीष कौरव से शादी की है। 27 साल के मनीष ने भी एशियाई खेलों में ब्रांज मेडल हासिल किया था। मनीष केएल 3 इवेंट का हिस्सा हैं। इनके हाथ और धड़ पूरी तरह से काम करते हैं, लेकिन पैर आंशिक रूप से काम करता है। मनीष कौरव लोकोमोटिव डिसऑर्डर से पीड़ित हैं। प्राची बताती हैं कि दोनों की मुलाकात भोपाल के एमपी वॉटर स्पोर्ट अकादमी में ट्रेनिंग के दौरान हुई थी। उसके बाद उन्होंने शादी करने का फैसला लिया। आज दोनों ही सफल पैरा खिलाड़ी केनोयर्स हैं। इनका ये प्रेम विवाह लॉकडाउन के दौरान 2020 में हुआ था।



### कोच की सलाह पर आजमाया कयाकिंग केनोइंग में हाथ

प्राची ने बताया कि उन्होंने महज 9 साल की उम्र में तैराकी शुरू कर दी थी। शुरुआती ट्रेनिंग चंबल क्षेत्र के गौरी सरोवर से की थी। इसके बाद वे ग्वालियर आईं और उनके आगे का सफर शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 तक वे प्रशिक्षक वीके डबास के निर्देशन में तैराकी सीख रही थीं, लेकिन ज्यादा सफलता न मिलती देख कोच डबास ने उन्हें कयाकिंग कैनोइंग सीखने की सलाह दी। उनके कोच डबास का मानना था कि प्राची के हाथ लंबे हैं, इसलिए वे इस खेल में अच्छा कमाल दिखा सकती हैं। इसके बाद प्राची देर न करते हुए कोच डबास के साथ भोपाल आ पहुंचीं और यहां छोटे तालाब स्थित जल क्रीड़ा केंद्र पर कोच मयंक ठाकुर से मिलीं और उनके निर्देशन में ट्रेनिंग शुरू कर दी। समय बीतता गया और उनके कोच पीके बरोई हो गए। बरोई ने उन्हें ऐसी बारीकियां सिखाई कि उनका सफर अर्जुन अवार्ड तक पहुंच गया।

### एशियन गेम्स में जीता सिल्वर

वर्ष 2021 में जापान के टोक्यो में हुए पैरालंपिक में प्राची यादव असफल हो गई थीं, लेकिन सफल खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित भोज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राची को भी आमंत्रित किया था और उनकी हौसला अफजाई भी की थी। प्राची ने अक्टूबर 2023 में ही चीन में हुए पैरा एशियन गेम्स के कयाकिंग में गोल्ड और कैनोइंग में सिल्वर मेडल जीता है। 28 साल की प्राची ने 500 मी. दूरी तय करने में 54.962 समय लिया था।

### अब पेरिस पैरालंपिक पर नजर

केएल 2 वर्ग में आने वाली प्राची की नजर अब सितंबर 2024 में होने वाले पेरिस पैरालंपिक पर नजर है। प्राची को उम्मीद है कि वहां भी मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेंगी। प्राची ने बताया कि उन्होंने 2019 में पहली बार देश के लिए देश के लिए गोल्ड और सिल्वर जीता।

द्रोणाचार्य पुरस्कार लेने के बाद हरिभूमि से बोले हॉकी कोच

# और भी खिलाड़ी तैयार करूंगा ताकि प्रदेश का नाम हो रोशन

हरिभूमि चर्चा

**भोपाल।** मप्र के हॉकी कोच शिवेंद्र सिंह को बीते रोज राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने के बाद हरिभूमि से खास बातचीत में शिवेंद्र ने बताया कि वे बेहद खुश हैं कि कम उम्र में ही उनका सपना पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि वे नए खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देते हैं, इसका आधार यह है कि वे खुद भी हॉकी के एक मंझे हुए खिलाड़ी रहे हैं। शिवेंद्र ने बताया कि 2007 में उन्होंने एशियन गेम्स में ब्रांज और 2010 के कॉमन वेल्थ गेम्स में रजत पदक जीता है। उन्होंने बताया कि आज उनके सिखाए खिलाड़ी कॉमन वेल्थ गेम्स में खेल रहे हैं और मप्र का नाम रोशन कर रहे हैं। शिवेंद्र ने बताया कि कम उम्र में ही उन्हें यह पुरस्कार मिला है, इसलिए वे अभी यहीं नहीं रुकेंगे और आगे भी नए खिलाड़ियों को नए जुनून के साथ तैयार करेंगे, जिससे हॉकी में भारत का नाम और रोशन हो सके।



### 10 साल की उम्र में पकड़ी थी स्टिक

1983 में जन्में शिवेंद्र बताते हैं कि पहली बार उन्होंने 10 साल की उम्र में स्टिक पकड़ी थी और इसके बाद वे नहीं रुके और आगे ही बढ़ते गए। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई भी हॉकी खिलाड़ी हैं, जिसको देखकर उसने भी हॉकी खेलना शुरू कर दिया। साल 2006 में जब पहली बार भारतीय टीम में चयन हुआ, तब सोचा शायद ओलंपिक खेलने का सपना पूरा हो सकता है। उसके बाद अपने सपनों को पूरा करते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्लेयर शिवेंद्र सिंह दो बार ओलंपिक खेल चुके हैं और कई अंतरराष्ट्रीय खिताब और मेडल अपने नाम कर चुके हैं।

### बेटियों की मर्जी-वे प्लेयर बनें या कुछ और

मूलतः ग्वालियर के तानसेन नगर के रहने वाले 40 वर्षीय शिवेंद्र ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं जिनमें एक की उम्र 5 वर्ष एवं दूसरी की उम्र 3.5 वर्ष है। बेटियों को हॉकी सिखाने के बारे में शिवेंद्र कहते हैं कि यदि उनकी बेटियों की मर्जी होगी तो वे उन्हें अवश्य सिखाएंगे और हॉकी का बेहतरीन प्लेयर बनाएंगे। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आजकल के बच्चे अपने माता पिता की सुनते कहां हैं, उनके जो मन में होगा वही करेंगे, लेकिन फिर भी यदि उनकी रुचि रही तो वे बेटियों का अवश्य हॉकी सिखाना चाहेंगे।

# अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस में भोपाल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**शिवपुरी में सीधे सेटों में रीवा को किया 3-0 से परास्त**

मध्य प्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्ट्स क्लब भोपाल द्वारा शिवपुरी में 32वीं अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में बुधवार को टेबल टेनिस स्पर्धा में भोपाल क्षेत्र ने स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया। भोपाल ने रीवा को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित किया। भोपाल की ओर से गिरीश दाड़कर, संदीप साकल्ले, सतीश अग्रवाल तथा रतन लाल सूर्यवंशी ने प्रतिनिधित्व किया।





रांची में 17 जनवरी से होगी प्रतियोगिता

# आर्मी स्कूल के दो खिलाड़ी मप्र टीम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल के दो खिलाड़ी अमन प्रताप सिंह तथा भविष्य तोमर अंडर 14 एसजीएफआई प्री नेशनल कैंप में मप्र टीम का हिस्सा बनेंगे और छतरपुर 11 से 15 जनवरी तक आयोजित प्री नेशनल कैंप में खेलेंगे। इसके उपरांत मप्र की टीम राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची झारखंड जाएगी, वहां आयोजित अंडर 14 फुटबॉल बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिता 17 से 21 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विवेक गौड़ ने बताया कि हमारे विद्यालय के खिलाड़ी मप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।






29वें आईईए-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट

# पीपुल्स ने पांच विकेट से एनएसटी को हराया



### आज के मैच

- दैनिक भास्कर बनाम नवदुनिया सुबह 9 बजे से
- एनएसटी बनाम स्वदेश दोपहर 1 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

29वें आईईए-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में बुधवार को खेले गए मुकाबले में पीपुल्स समाचार ने एनएसटी पर आसान जीत दर्ज करते हुए पांच विकेट से हरा दिया। वहीं कप्तान विवेक साध्य के दोहरे प्रदर्शन की मदद से पीपुल्स ने इस टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की है। ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में एनएसटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तय ओवर में नौ विकेट पर 127 रन बनाए। इसमें नीरज मिलन ने 45 रनों की पारी खेली। अजय मौर्य ने 14 रन बनाए। फराज ने तीन विकेट लिए। विवेक साध्य को दो सफलता मिलीं। महेंद्र चतुर्वेदी और प्रकाश के हिस्से 1-1 विकेट आया। जवाब में पीपुल्स ने 16.5 ओवर में पांच विकेट पर जरूरी रन बना लिए। इसमें संजय शर्मा ने 39 रनों की पारी खेली। वॉमिक खान ने 37 और विवेक साध्य ने 28 रन बनाए। अजय मौर्य ने तीन विकेट लिए।

# वसीम 11, साईं, जीके, ठाकुर 11 की टीमें अगले दौर में

**भोपाल।** 1100 क्वाटर्स स्थित एमसीसी मैदान पर चल रही भोपाल ट्रॉफी टेनिस बाल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को 4 मैच खेले गए। पहला मैच बीटी और वसीम इलेवन के बीच खेला गया। वसीम इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अय्यर के 30 रन की मदद से निर्धारित 8 ओवर में 98 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीटी इलेवन की टीम 58 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस तरह वसीम ने आसानी से मैच जीत लिया। दूसरा मैच एमजी साई और एमसीसी के बीच हुआ। एमसीसी की टीम ने आर्यन के 18 रन की बदौलत 47 रन बनाए। साईं की टीम ने आसानी 48 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरा मैच जीके इलेवन और राइजिंग स्टार के मध्य हुआ। जीके इलेवन ने 83 रन का लक्ष्य दिया। राइजिंग स्टार निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और मैच हार गई।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930